बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 24 अप्रैल 2024
वर्ष 34, अंक 87, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



सैन्य खर्च में भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा देश 16
सिकंदर में नजर आएंगी कियारा आडवाणी 2

## एक नजर

### रेरा ने खरीदार पर जुर्माना लगाया

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (उप्र रेरा) ने अपनी तरह के एक अनूठे मामले में मंगलवार को एक खरीदार पर कानूनी प्रक्रिया के दुरुपयोग के लिए जुर्माना लगाया। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि खरीदार ने संपत्ति की रजिस्ट्री में देरी के लिए मुआवजे की मांग करते हुए चौथी बार याचिका दायर की थी। नोएडा एक्सटेंशन में स्थित एक वाणिज्यिक परियोजना में आवंटी को कब्जा पहले ही मिल चुका है। उत्तर प्रदेश रेरा के एक अधिकारी ने कहा कि यह पहला मामला है जिसमें किसी खरीदार को कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने के लिए दंडित किया गया है।

### भारत को मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति करेगा रूस

**नयी दिल्ली।** रूस नयी समयसीमा के तहत अगले साल तक भारत को सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली एस-400 ट्रायम्फ की शेष दो रेजिमेंट की आपूर्ति करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूस 5 .5 अरब अमेरिकी डॉलर के सौदे के तहत भारत को लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों की तीन इकाइयों की आपूर्ति पहले ही कर चुका है।

### गाजा युद्ध के मुद्दे पर घर में घिरे बाइडन

**वाशिंगटन।** गाजा में जारी युद्ध को लेकर अब अमेरिकी सरकार पर भी दबाव बढ़ रहा है और राष्ट्रपति जो बाइडन घर में ही घिरते जा रहे हैं। दरअसल गाजा युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये विरोध प्रदर्शन व्यापक पैमाने पर हो रहे हैं और हालात ये हैं कि अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में अकादमिक सत्र बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है और हजारों छात्रों के साथ ही अध्यापक और अन्य स्टाफ भी फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों में शामिल हैं। जिसमें कई छात्रों और अध्यायपकों को गिरफ्तार किया गया है।

### बर्ड फ्लू के प्रकोप की खबरों के बीच हाई अलर्ट

**मंगलुरु।** केरल के कुछ जिलों में एवियन फ्लू का मामला सामने आने बाद मंगलुरु समेत कर्नाटक के सीमावर्ती इलाकों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। कर्नाटक पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फिलहाल कोई भी कदम उठाने से पहले केरल की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। केरल के हमारे समकक्षों ने हमें आश्वासन दिया है कि अलप्पुझा जिले में एवियन फ्लू पर काबू पा लिया गया है।

### यूजीसी : भ्रामक संक्षेपणों के खिलाफ चेतावनी

**नई दिल्ली।** यूजीसी ने मान्यता प्राप्त डिग्री नामों के समान संक्षिप्ताक्षर वाले फर्जी ऑनलाइन कार्यक्रमों के खिलाफ जनता को चेतावनी दी है। विशेष रूप से '10-डेज एमबीए' पाठ्यक्रम का उल्लेख करते हुए यह बात कही। यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने कहा कुछ व्यक्ति या संगठन उच्च शिक्षा प्रणाली के मान्यता प्राप्त डिग्री कार्यक्रमों के समान संक्षिप्त रूपों के साथ ऑनलाइन कार्यक्रम और पाठ्यक्रम पेश कर रहे हैं। ऐसा ही एक कार्यक्रम जिसकी ओर आयोग का ध्यान आकर्षित किया गया है वह है '10 डेज एमबीए'।

## केजरीवाल को दी गई इंसुलिन

नयी दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ने के बाद उन्हें इंसुलिन दी गई। तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तिहाड़ के एक अधिकारी ने कहा कि एम्स के चिकित्सकों की सलाह पर केजरीवाल को सोमवार शाम को कम डोज वाली इंसुलिन की दो यूनिट दी गईं।

शाम करीब सात बजे उनके रक्त में शर्करा की मात्रा 217 पाई गयी, जिसके बाद तिहाड़ में देखभाल कर रहे चिकित्सकों ने उन्हें इंसुलिन देने का फैसला किया। एम्स के विशेषज्ञों ने 20 अप्रैल को मुख्यमंत्री के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान तिहाड़ के चिकित्सकों को सलाह दी थी कि अगर केजरीवाल के रक्त में शर्करा की मात्रा एक निश्चित स्तर से ऊपर चली जाती है तो उन्हें इंसुलिन दिया जा सकता है। आप नेता संजय सिंह ने कहा कि भगवान हनुमान का आशीर्वाद है कि लगभग 23 दिनों तक जेल में रहने और कथित दुर्व्यवहार के बावजूद आखिर उन्हें इंसुलिन मिल ही गया।

### केजरीवाल और कविता अब 7 मई तक न्यायिक हिरासत में

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। हिरासत अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किए जाने के बाद सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी हिरासत बढ़ाई।

## मुंबई पुलिस ने तापी नदी से बरामद की दो पिस्तौल

**सलमान गोलीबारी मामला**

मुंबई, एजेंसी



मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी में इस्तेमाल की गई पिस्तौल व गोलियां गुजरात में तापी नदी से बरामद की हैं।

सोमवार को शुरू हुई तलाशी के दौरान अपराध शाखा ने दो पिस्तौल, तीन मैगजीन और 13 गोलियां बरामद की हैं। एनकाउंटर स्पेशलिस्ट वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर दया नायक समेत 12 अधिकारियों की टीम मौके पर डटी हुई है और गोताखोरों की मदद से तलाश जारी है। गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों, विक्की गुप्ता और सागर पाल ने 14 अप्रैल को मुंबई के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान खान के घर के बाहर कथित तौर पर गोलीबारी की थी और फिर मोटरसाइकिल पर मौके से भाग गए थे। तकनीकी निगरानी के आधार पर, उन्हें 16 अप्रैल को मुंबई और कच्छ पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गुजरात के भुज शहर के पास माता नो मढ में एक मंदिर के परिसर से पकड़ा गया था।

## नूडल्स के पैकेट में छुपाए थे साढ़े छह करोड़ के हीरे और सोना

मुंबई, एजेंसी

- अंत: वस्त्र में छुपाया था 321 ग्राम सोना चार लोग गिरफ्तार

सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई हवाई अड्डे पर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गए हीरे और यात्रियों के शरीर के अंगों और उनके सामान में छिपाया गया सोना जब्त किया है, जिनकी कुल कीमत 6.46 करोड़ रुपये है। एयरपोर्ट जांच अधिकारी ने बताया कि चार यात्रियों के पास से 4.44 करोड़ रुपये मूल्य का 6.815 किलोग्राम से अधिक सोना और 2.02 करोड़ रुपये के हीरे जब्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों द्वारा मुंबई से बैंकॉक की ओर जा रहे एक भारतीय नागरिक की तलाशी लेने पर उसके ट्रॉली बैग के अंदर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गये हीरे बरामद हुए थे। वह हीरे की तस्करी करने के प्रयास में था। यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इसी तरह कोलंबो से मुंबई की यात्रा कर रहे एक विदेशी नागरिक को मुंबई हवाई अड्डे पर रोका गया। उसने अपने अंतः वस्त्र में कुल 321 ग्राम सोना छुपाया हुआ था। इसी तरह दस भारतीय नागरिकों को भी रोका गया था और उनके पास से कुल 6.199 किलोग्राम सोना बरामद किया गया, जिसकी कुल कीमत 4.04 करोड़ रुपये थी। उन्होंने सोने को अपने अंगों के भीतर और सामान में छुपाया हुआ था।

**पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों की सुनवाई का दायरा बढ़ाया, सुप्रीम कोर्ट सख्त**

# जनता को धोखा देने की अनुमति नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- उपभोक्ता कानूनों के दुरुपयोग को रोकने को मंत्रालयों से जवाब मांगा
- महंगी दवाएं लिखने वाले डाक्टरों का भी दी नसीहत

पतंजलि आयुर्वेद मामले में अपनी सुनवाई का दायरा बढ़ाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एफएमसीजी कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों पर कड़ा रुख अपनाया। कोर्ट ने कहा कि जनता को धोखा देने की अनुमति नहीं दी जा सकती। केंद्र के तीन मंत्रालयों से जनता के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले झूठे विज्ञापनों को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी।

सुनवाई के दौरान बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ को बताया कि उन्होंने भ्रामक विज्ञापनों पर 67 समाचार पत्रों में बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगी है और वे अपनी गलतियों के लिए बिना शर्त माफी मांगते हुए अतिरिक्त विज्ञापन भी जारी करना चाहते हैं। अदालत ने जब यह पूछा कि प्रतिवादियों ने सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने से पहले पूरे एक सप्ताह तक इंतजार क्यों किया, पेश अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा, इसकी भाषा बदलनी पड़ी। अदालत ने रोहतगी से पूछा, क्या यह उसी आकार का विज्ञापन है जो आप आम तौर पर अखबारों में जारी करते हैं? अधिवक्ता ने कहा, इसकी कीमत लाखों रुपये है। पीठ ने कहा कि अखबारों में प्रकाशित सार्वजनिक माफी रिकॉर्ड पर नहीं है और यह दो दिन के भीतर दाखिल की जाए। इसने मामले में अगली सुनवाई के लिए 30 अप्रैल की तारीख निर्धारित की।

### उपभोक्ताओं से धोखा कर रही हैं एफएमसीजी कंपनियां



यह एक जनहित याचिका है और उपभोक्ताओं के व्यापक हित में जनता को पता होना चाहिए कि वह किस रास्ते पर जा रही है और उसे कैसे तथा क्यों गुमराह किया जा सकता है तथा अधिकारी इसे रोकने के लिए कैसे काम कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि औषधि एवं जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के कार्यान्वयन और संबंधित नियमों की भी बारीकी से पड़ताल की जरूरत है। यह मुद्दा केवल पतंजलि तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) सभी कंपनियों तक फैला हुआ है, जो भ्रामक विज्ञापन जारी कर रही हैं और जनता को धोखा दे रही हैं । इस तरह की कंपनियां खासकर शिशुओं, स्कूल जाने वाले बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही हैं जो झूठे विज्ञापनों के प्रभाव में आकर पर उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं। पीठ ने कहा, हमें यह स्पष्ट करना चाहिए कि हम यहां किसी विशेष पार्टी या किसी विशेष एजेंसी या किसी विशेष प्राधिकारी के लिए बंदूक चलाने के लिए नहीं आए हैं। यह एक जनहित याचिका है और उपभोक्ताओं के व्यापक हित में जनता को पता होना चाहिए कि वह किस रास्ते पर जा रही है और उसे कैसे तथा क्यों गुमराह किया जा सकता है तथा अधिकारी इसे रोकने के लिए कैसे काम कर रहे हैं।

अदालत ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, सूचना एवं प्रसारण और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों से यह बताने को कहा कि उन्होंने उपभोक्ता कानूनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की है। इसने आयुष मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लाइसेंसिंग अधिकारियों तथा आयुष के दवा नियंत्रकों को अगस्त 2023 में जारी किए गए उस पत्र पर केंद्र से स्पष्टीकरण भी मांगा जिसमें उनसे औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन नियम 1945 के नियम 170 के तहत कोई कार्रवाई न करने को कहा गया था। पीठ ने पतंजलि विज्ञापन मामले में याचिकाकर्ता आईएमए से भी अपना घर व्यवस्थित करने को कहा। इसने कहा कि आईएमए के सदस्यों के बारे में कई शिकायतें की गई हैं जो अत्यधिक महंगी दवाएं और उपचार लिखते हैं। पीठ ने अदालत को प्रभावी सहायता के लिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) को भी प्रतिवादी बनाने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लाइसेंसिंग अधिकारियों को भी सह-प्रतिवादी के रूप में शामिल किया जाएगा। न्यायालय ने आईएमए के वकील से कहा कि जब वे पतंजलि पर उंगलियां उठा रहे हैं, तो अन्य चार उंगलियां आप पर भी उठ रही हैं।

## कर्ज न चुकानों वालों के खिलाफ सरकारी बैंक नहीं जारी कर सकते एलओसी

मुंबई, एजेंसी

- अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनाया फैसला

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार अपने एक आदेश में यह बात कही। अदालत के फैसले के बाद सरकारी बैंकों की ओर से चूककर्ताओं के खिलाफ जारी किए गए सभी एलओसी रद हो जाएंगे।

न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए वकील आदित्य ठक्कर ने अदालत से अपने आदेश पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन पीठ ने इनकार कर दिया। अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि आव्रजन ब्यूरो ऐसे एलओसी (चूककर्ताओं के खिलाफ बैंकों द्वारा जारी) पर कार्रवाई नहीं करेगा। अदालत ने यह भी कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो। केंद्र ने 2018 में कार्यालय ज्ञापन में संशोधन कर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भारत के आर्थिक हित में एलओसी जारी करने का अधिकार दिया था। इसके तहत अगर किसी व्यक्ति का विदेश जाना देश के आर्थिक हित के लिए हानिकारक हो सकता है, तो उसे ऐसा करने से रोका जा सकता है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि भारत के आर्थिक हित वाक्यांश की तुलना किसी भी बैंक के वित्तीय हितों से नहीं की जा सकती है।

## पत्नी फंदे पर लटकी तो पति ने खुद को गोली मार दी जान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- चित्रकूट के रैपुरा थानांतर्गत देवकली गांव में हुई घटना

**अमृत विचार :** रैपुरा थानांतर्गत देवकली गांव में सोमवार देर रात पत्नी के फांसी लगाने के बाद पुलिसकर्मी ने सरकारी रायफल से खुद को गोली मारकर जान दे दी। सिपाही चुनावी ड्यूटी से लौटा था। बताया गया कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और इसके बाद पहले पत्नी और फिर पति ने आत्महत्या कर ली।

देवकली निवासी जौहरी लाल पटेल का बड़ा बेटा मयंक पटेल (32) जीआरपी झांसी में तैनात था। कुछ दिन पहले वह पत्नी कुसुम (27) और डेढ़ साल के बेटे आर्यन उर्फ दादू के साथ गांव आया था। मयंक प्रथम चरण के चुनाव में बिजनौर ड्यूटी पर गया था और 21 अप्रैल को गांव लौटा था। 22 अप्रैल की रात उसका पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ। रात में ही कुसुम का शव फंदे से लटका मिला। परिजनों के अनुसार लगभग एक घंटे बाद मयंक चुनाव ड्यूटी में नोयडा जाने की बात कहकर सरकारी रायफल लेकर घर से निकल गया था। घर से कुछ दूरी पर रायफल को ठुड्डी से लगाकर फायर कर दिया।

## दूसरे चरण में आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार

**लखनऊ।** प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों के चुनाव के लिए 24 अप्रैल की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना करने के लिए निर्देश दिये हैं। इन सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव मैदान में 91 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिये हैं। मतदाताओं को गर्मी बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये गये हैं।

## डिवाइडर तोड़कर ट्रक से टकराई बस, 4 की मौत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा



- कन्नौज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तड़के भीषण हादसा
- 36 यात्री घायल, 10 गंभीर घायलों को कानपुर रेफर किया

**अमृत विचार :** ठठिया थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर मंगलवार तड़के एक स्लीपर बस डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी साइड पर जाकर ट्रक से टकरा गई। इससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 36 यात्री घायल हो गए। घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, घायल 10 यात्रियों को कानपुर रेफर कर दिया गया।

गोरखपुर से यात्रियों को लेकर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए दिल्ली जा रही स्लीपर बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे। मंगलवार तड़के करीब सवा चार बजे ठठिया थाना के बीरमपुर गांव के पास चालक को झपकी आ गई थी जिससे दुर्घटना हुई।

मृतकों में नवीन (22) पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी मीना पाढा थाना महावन जिला मथुरा, कु. अदिति श्रीवास्तव (24) पुत्री हेमंत श्रीवास्तव निवासी हनुमंत नगर थाना पिपराइच जिला गोरखपुर, राम कंठ (33) पुत्र श्याम लाल गौतम निवासी हुसेनाबाद थाना सुलेहा जिला बाराबंकी, मनीष (09) पुत्र राम कंठ निवासी हुसेनावाद थाना सुलेहा जिला बाराबंकी शामिल हैं।

### पेड़ से टकराने से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**खरगूपुर, गोंडा।** एक ही बाइक पर सवार होकर निकले चार युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई और बगल में ही खाईं में जा गिरी। इसमें तीन युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक मेडिकल कालेज गोंडा में भर्ती है। घटना थाना इटियाथोक के बेंदुली गांव मोड़ के पास की है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के नौशहरा गांव निवासी मोहम्मद बिलाल(22) पुत्र मोहम्मद मुंसरीफ, मोहम्मद अहमद (21) पुत्र सिद्दीक, मोहम्मद रिजवान(20) पुत्र वली मोहम्मद व शाहिद (22) पुत्र दद्दू एक ही बाइक पर सवार बिना हेलमेट लगाए खरगूपुर की ओर से अपने घर इटियाथोक की ओर जाते समय हादसा हुआ। पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को खरगूपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां अधीक्षक डॉ अजय यादव ने मोहम्मद बिलाल, मोहम्मद अहमद को मृत घोषित कर दिया। मोहम्मद सईद व मोहम्मद रिजवान को मेडिकल कालेज गोंडा मुख्यालय पर भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मोहम्मद सईद को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल रिजवान का इलाज चल रहा है।

## देश शरीयत से नहीं, कानून से चलेगा : योगी आदित्यनाथ

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

- कांग्रेस शासन में आतंकवाद को मिलता था बढ़ावा
- सपा सरकार ने हमेशा अपराधियों का साथ दिया

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने 1970 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था, गरीबी तो नहीं मिटी, लेकिन एक परिवार को देश के संसाधनों को लूटने की पूरी आजादी मिल गई।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधानों पर पहला हक मुसलमानों का है, तो दलित व पिछड़े कहां जाएंगे। कांग्रेस के घोषणा पत्र में शरिया कानून लागू करने की बात कही गई है। यह देश शरीयत से नहीं, कानून से चलेगा। उन्होंने कहा कि एक गलत वोट आतंकवाद को फिर से बढ़ावा दे सकता है। अब भाजपा सरकार में आतंकवादियों की आरती नहीं उतारी जाती।



अमरोहा में जनसभा को संबोधित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मुख्यमंत्री मंगलवार को रहरा के प्रकाशवीर शास्त्री इंटर कॉलेज के मैदान में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में आतंकवाद को बढ़ावा मिलता था, लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाकर आतंकवाद का खात्मा कर दिया है। अब देश में कही पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देता है कि उसका इसमें कोई हाथ नहीं है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा सरकार ने हमेशा अपराधियों का साथ दिया। उन्होंने अयोध्या और काशी मंदिर को तोड़ने वाले आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का काम किया। कहा कि सपा सरकार में गुंडागर्दी का बोलबाला था। भाजपा सरकार में सुशासन है।आज कांवड़ यात्रा शान के साथ निकलती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो सपना कल्याण सिंह ने देखा, वह पूरा हो रहा है। उनकी भावनाओं के अनुरूप अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ। सपा और बसपा ने प्रदेश में बंदरबांट शुरू की। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली का नाम लिए बिना कहा कि जो संसद भवन में भारत माता की जय नहीं बोल सकता, उसे क्या आप संसद में भेजेंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हनुमान जयंती पर घर-घर जाकर सबको राम-राम करें।

## स्क्रैप माफिया रवि काना थाईलैंड में गिरफ्तार

**लखनऊ।** काफी समय से फरार चल रहा स्क्रैप माफिया गैंगस्टर रवि नागर उर्फ रवि काना को मंगलवार को थाईलैंड में उसकी गर्लफ्रेंड के साथ गिरफ्तार किया गया है। नोएडा में महिला के साथ गैंगरेप की घटना में नाम आने के बाद पुलिस रवि काना के ठिकानों पर लगातार दबिश डाल रही थी। उसके दादूपुर स्थित घर पर कुर्की का नोटिस भी चस्पा किया गया था। पुलिस ने रवि और उसकी गर्लफ्रेंड काजल झा को लेकर लुकआउट नोटिस भी जारी कर रखा था। बता दें कि काजल झा रवि की राइट हैंड है। पुलिस ने कुछ दिन पूर्व काजल की साउथ दिल्ली स्थित 70 करोड़ का बंगला भी सील कर दिया था।

## विमान में बच्चों को माता पिता के साथ मिलेगी सीट

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीजीसीए ने एयरलाइनों को जारी किए निर्देश

विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइनों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि उड़ान के दौरान 12 वर्ष तक के बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावकों में से कम से कम एक के साथ सीट आवंटित की जाए। बीते दिनों ऐसे कई मामले सामने आए थे, जहां 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को उड़ान के दौरान उनके माता-पिता या अभिभावकों के साथ सीट आवंटित नहीं की गई थी। यह निर्देश ऐसे मामले सामने आने के बाद जारी किए गए।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 12 वर्ष तक के बच्चों को एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे उनके माता-पिता/ अभिभावकों में कम से कम एक के साथ सीट आवंटित की जाए और इसका रिकॉर्ड रखा जाए। इस संबंध में नियामक ने अनुसूचित एयरलाइनों के सेवाओं और शुल्क को अनियंत्रित करने के संबंध में जारी अपने परिपत्र को संशोधित किया है। मानदंडों के अनुसार तरजीही सीट आवंटन, भोजन/नाश्ता/पेय शुल्क और संगीत वाद्ययंत्र ले जाने के लिए शुल्क लेने जैसी कुछ सेवाओं की अनुमति है।

## नोवाक साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी स्पेन की टीम को भी लॉरियस पुरस्कार

**मैड्रिड।** पिछले साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरियस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। रीयाल मैड्रिड के फॉरवर्ड ज्यूड बेलिंगहैम को 'ब्रेकथ्रू पुरस्कार' मिला जबकि दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत स्पोर्ट फोर गुड अवार्ड से नवाजा गया। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन में खिताब जीतने के साथ रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पांचवीं बार लॉरियस पुरस्कार जीता। लॉरियस के अनुसार नडाल के फाउंडेशन को स्पेन और भारत में 1,000 से अधिक कमजोर युवाओं की मदद करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

> 2012 को याद करता हूं, जब मैंने 24 साल की उम्र में पहली बार इसे जीता था। 12 साल बाद यहां आकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैं अपने पीछे एक अविश्वसनीय टीम और प्रेरणादायक प्रतिद्वंद्वियों के बिना ये सफलता हासिल नहीं कर पाता।
> **- नोवाक जोकोविच**



## भारतीय ट्रैप निशानेबाजों को ड्रॉ में मिली हार

**दोहा, एजेंसी**



आईएसएसएफ ओलंपिक शॉटगन क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रहे छह भारतीय ट्रैप निशानेबाजों में से कोई भी फाइनल में जगह बनाने में कामयाब नहीं हुआ। कतर के दोहा में आयोजित चैंपियनशिप की पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में तीन भारतीय निशानेबाज विवान कपूर, जोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज टोंडिमन में से कोई भी क्वालीफाइंग राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए। इसके अलावा मनीषा कीर, नीरू और श्रेयसी सिंह का महिला टीम भी अपने स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में असफल रही।

पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में, पृथ्वीराज टोंडिमान 119 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में 23वें स्थान पर रहते हुए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भारतीय रहे। विवान कपूर 116 स्कोर के साथ 56वें स्थान पर रहे, जबकि जोरावर सिंह संधू 114 के स्कोर के साथ 140 में 82वें स्थान पर रहे। इस दौरान केवल शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। मनीषा कीर 111 के स्कोर के साथ 37वें स्थान पर रहते हुए महिलाओं के ट्रैप क्वालीफायर में शीर्ष स्थान पर रहीं।

## दिल्ली कैपिटल्स को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**मुकाबला आज**
दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात टाइटंस
समय : शाम 7:30 बजे




दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि ऋषभ पंत की कप्तानी पर भी नजरें रहेंगी। पंत के लिए घरेलू मैदान पर वापसी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और दिल्ली को लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद शनिवार को घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 67 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

टीम अच्छी तरह से जानती है कि अगर उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखना है तो जीत की राह पर लौटना होगा। सनराइजर्स ने दिल्ली के गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ नोर्किया बिलकुल भी लय में नजर नहीं हैं। वहीं, पीठ में जकड़न से बाहर चल रहे इशांत शर्मा के वापसी की उम्मीद होगी।

वहीं, नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में टाइटंस के प्रदर्शन में भी निरंतरता की कमी दिखी है लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट की जीत की बदौलत यह पूर्व चैंपियन टीम आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से आठ अंक के साथ छठे स्थान पर है। टाइटंस की नजरें भी लय को बरकरार रखने पर टिकी होंगी।

## खेल डायरी

### चमारी अटापट्टू महिला बल्लेबाजी वनडे रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंची

**दुबई।** पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 195 रनों रिकार्डो वाली पारी खेलने वाली श्रीलंका महिला टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू आईसीसी की महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई है। चमारी की इस पारी ने महिला क्रिकेट के कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए थे, जिसमें एकदिवसीय में सफल लक्ष्य हासिल के दौरान सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी शामिल था।

### भारतीय एथलीट एशियाई अंडर 20 प्रतियोगिता के लिए तैयार

**दुबई।** प्रतिभाशाली एथलीट सिद्धार्थ चौधरी और मध्यम दूरी की धाविका लक्षिता सैंडिलिया बुधवार से शुरू हो रही एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में अपने गोला फेंक और 1500 मीटर खिताब का बचाव करने की कोशिश करेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने एशियाई अंडर-20 प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 31 पुरुषों सहित 60 सदस्यीय टीम का चयन किया है।

### आशी और स्वप्निल को थ्रीपी ट्रायल में शीर्ष स्थान

**नई दिल्ली।** आशी चौकसी और स्वप्निल कुसाले मंगलवार को राइफल/पिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) के क्वालीफिकेशन में क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहले स्थान पर रहे। आशी ने महिलाओं की थ्रीपी ओएसटी में विश्व स्तरीय 590 का स्कोर बनाया और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा (583) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। तोक्यो ओलंपियन अंजुम मोदगिल 581 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

### भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं श्रीजा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल चैंपियन श्रीजा अकुला मंगलवार को नवीनतम आईटीटीएफ रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंची और मनिका बत्रा को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं। नवीनतम रैंकिंग में श्रीजा को एक स्थान का फायदा हुआ जबकि पिछले कुछ समय से भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका दो स्थान के नुकसान से 39वें पायदान पर खिसक गईं।

# ऋतुराज के शतक ने पहुंचाया 200 पार

## शिवम दुबे ने खेली 66 रनों की आतिशी पारी, लखनऊ को 211 रनों का दिया लक्ष्य



66 गेंदों में शानदार शतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन करते चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ● एजेंसी


अर्धशतक लगाने के बाद शिवम दुबे। ● एजेंसी

**चेन्नई 210/4** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 03

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्या रहाणे का राहुल बो हेनरी | 1 | 3 | 0/0 |
| ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद | 108 | 60 | 12/3 |
| डेरिल मिचेल का हुड्डा बो यश ठाकुर | 11 | 10 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा का राहुल बो मोहसिन | 16 | 19 | 2/0 |
| शिवम दुबे रन आउट | 66 | 27 | 3/7 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 4 | 1 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** हेनरी 4-0-28-1, मोहसिन 4-0-50-1, बिश्नोई 2-0-19-0, यश ठाकुर 4-0-47-1, स्टोइनिस 4-0-49-0, कृणाल 2-0-15-0

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 08 | 379 |
| ट्रेविस हेड (हैदाराबाद) | 06 | 324 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 08 | 13 |

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.941 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.529 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.123 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 | -1.055 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.227 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.477 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 8 | 1 | 7 | 2 | -1.046 |

**चेन्नई, एजेंसी**

ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद (108) की शतकीय और शिवम दुबे (66) रनों की अर्धशतकीय आतिशी पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 39वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को जीत के लिए 211 रनों का लक्ष्य दिया है।

एम ए चिदंबरम स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (1) का विकेट गवां दिया। उसके बाद डैरिल मिचेल ने ऋतुराज के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिये 45 रन जोड़े।

छठें ओवर में यश ठाकुर ने हुड्डा के हाथों कैच आउट कराकर मिचेल (11) को पवेलियन भेज दिया। 12वें ओवर में रवींद्र जडेजा (16) रन बनाकर आउट हुए। हालांकि दूसरे छोर से ऋतुराज लगातार रन बनाते रहे। उन्होंने 60 गेंदों में 12 चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद (108) रनों की पारी खेली। शिवम दुबे ने ऋतुराज चौथे विकेट लिये 104 रनों की साझेदारी की। वह 20वें ओवर की चौथी गेंद पर रनआउट हुए। उन्होंने 27 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के लगाते हुए (66) रन बनाए। महेन्द्र सिंह धोनी ने मैच की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर टीम का स्कोर चार विकेट पर 210 रन पहुंचा दिया। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से मैट हेनरी, मोहसिन खान और यश ठाकुर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## टी-20 विश्वकप में खेलने की संभावनाओं को सुनील नारायण ने किया खारिज

**कोलकाता, एजेंसी**



वेस्टइंडीज ऑलराउंडर स्पिनर सुनील नारायण ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्वकप में खेलने की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए कहा कि 'अब दरवाजे बंद' हो चुके है।

बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के नारायण ने कहा कि मुझे इस बात से खुशी है और मैं आभारी भी हूं कि मेरे फॉर्म के कारण लोग चाहते हैं कि मैं संन्यास से वापसी करूं और आगामी टी-20 विश्व कप खेलूं, लेकिन मैंने संन्यास के निर्णय के साथ शांति चुनी थी और अब वे दरवाजे बंद हो चुके हैं। मैं वेस्टइंडीज के लिए खेल रहे लड़कों का समर्थन करूंगा, जिन्होंने टीम में आने के लिए पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है। ये खिलाड़ी एक और टी-20 विश्वकप खिताब जीतने की काबिलियत रखते हैं। नारायण के इस फॉर्म के कारण वेस्टइंडीज के टी-20 कप्तान रोवमन पॉवेल ने कहा था कि वह पिछले 12 माह से नारायण से संन्यास से वापसी के बारे में बोल रहे हैं।

### धीमी होंगी पिचें, बड़े स्कोर की उम्मीद नहीं

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड मिलर को कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में ज्यादा स्कोर वाले मैचों की उम्मीद नहीं है क्योंकि उन्हें लगता है कि वहां की पिचें धीमी होंगी। अनुकूल परिस्थितियों और बहुचर्चित इंपेक्ट प्लेयर नियम ने मौजूदा आईपीएल में बल्लेबाजों को दबदबा बनाने में मदद की है। मिलर ने कहा यह कहना मुश्किल होगा कि विश्व कप में अधिक स्कोर वाले मुकाबले होंगे या नहीं क्योंकि परिस्थितियां बहुत अलग होंगी। भारतीय विकेटों की तुलना में कैरेबियाई विकेट धीमे हो सकते हैं। यह उस दिन की परिस्थितियों का आकलन करने और उसके अनुसार खेलने से जुड़ा है।

### दिल्ली में आने के बाद परिपक्व हो गया हूं : कुलदीप

**नई दिल्ली।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा थे तब उनके प्रदर्शन में काफी गिरावट आई थी लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जुड़ने के बाद इस गेंदबाज ने आईपीएल के साथ राष्ट्रीय टीम के लिए भी शानदार प्रदर्शन किया। दिल्ली की टीम से जुड़ने के बाद कुलदीप ने 33 मैचों में 41 विकेट चटकाए है। कुलदीप बताया कि 2020 में घुटने की ऑपरेशन के बाद कोच कपिल पांडे की देखरेख में अभ्यास करते हुए उन्होंने नए कौशल विकसित किए जिसका फायदा मिला। मैं जब केकेआर में था तब मुझे मार्गदर्शन की जरूरत थी लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं है। अब मैं अपनी समझ से चीजें नियंत्रित करता हूं। माही भाई ने 2019 के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना छोड़ दिया था और उसके बाद मुझे मार्गदर्शन की जरूरत महसूस हुई।

## टोरंटो में भारतीय भूचाल, गुकेश की जीत से आएगा बदलाव : कास्परोव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने विश्व चैंपियनशिप के लिए चुनौती पेश करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनने के लिए भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की सराहना करते हुए कहा कि 'टोरंटो में भारतीय भूचाल' आया और यह जीत विश्व शतरंज में बड़े बदलाव का संकेत है।

17 साल के गुकेश ने 40 साल पहले कास्परोव के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। रूस का यह खिलाड़ी जब 22 वर्ष का था तब उन्होंने 1984 में विश्व खिताब के लिए हमवतन अनातोली कारपोव से भिड़ने के लिए क्वालीफाई किया था और वह उस समय के सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। कास्परोव ने 'एक्स' पर लिखा, बधाई हो! टोरंटो में भारतीय भूचाल शतरंज की दुनिया में बदलाव का संकेत है क्योंकि 17 वर्षीय डी गुकेश सर्वोच्च खिताब के लिए चीन के चैंपियन डिंग लिरेन का सामना करेंगे।

गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला करने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के 14वें और अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला और संभावित 14 में से नौ अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

### विश्व में छाए हुए हैं विशी आनंद के बच्चे

कास्परोव ने भारतीय शतरंज में आनंद के योगदान को स्वीकार करते हुए कहा विशी आनंद के बच्चे छाए हुए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में कास्परोव ने शतरंज के शक्ति केंद्र में बदलाव पर प्रकाश डालते हुए कहा, अमेरिका और इंग्लैंड के कई शीर्ष जूनियर खिलाड़ियों के नाम देखें, यह देखने के लिए कि चीन और भारत के प्रवासी शतरंज में उपलब्धि हासिल करने के लिए उतने ही जुनूनी हैं। वर्ष 1985 से 1993 तक निर्विवाद विश्व चैंपियन रहे कास्परोव ने लिखा, कास्परोव शतरंज फाउंडेशन ने इस लहर को बढ़ते देखा है और गुकेश की सफलता इसे और ऊपर उठाएगी।

## लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम के घर में होगा फाइनल मैच

**मुंबई, एजेंसी**

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने कहा कि चार मई को होने वाला 2023-24 सत्र का फाइनल खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली दोनों टीम में से उस टीम के घरेलू मैदान पर खेला जाएगा जो लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम थी।

मोहन बागान ने 15 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी को रोमांचक मुकाबले में हराकर लीग शील्ड जीती जबकि एफसी गोवा की टीम तीसरे स्थान पर रही। अब कोलकाता, मुंबई और गोवा आईएसएल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी की दौड़ में हैं। ओडिशा एफसी और एफसी गोवा ने क्रमशः केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ अपने नॉकआउट मैच जीते और सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल मुकाबलों की शुरुआत 23 अप्रैल को भुवनेश्वर में मोहन बागान सुपर जाइंट और ओडिशा के बीच होगी। अगले दिन 24 अप्रैल को मुंबई सिटी गोवा में एफसी गोवा के खिलाफ सेमीफाइनल का पहला चरण खेलेगी।



### स्पेनिश लीग: बढ़ी मालोर्का की मुश्किलें

**सेविले (स्पेन)।** सेविला के खिलाफ स्पेनिश लीग में सोमवार को 1-2 की हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ गई हैं और टीम पर निचली लीग में खिसकने का खतरा (रेलीगेशन) मंडरा रहा है। लीग तालिका की निचली तीन टीम रेलीगेशन का सामना करेंगी और मालोर्का अभी सेल्टा विगो के साथ संयुक्त रूप से निचली चौथी टीम है। दोनों टीमों के नीचे से तीसरे स्थान पर चल रहे केडिज से छह अंक अधिक हैं जबकि चार दौर खेले जाने बाकी हैं। मालोर्का को रविवार को केडिज का सामना करना है। मालोर्का की टीम सेविला के खिलाफ पहले हाफ में हावी रही लेकिन मेजबान टीम ने दूसरे हाफ में यूसेफ एन नेसरी के हेडर से दागे गोल से बढ़त बनाई और 15 मिनट बाद इसाक रोमेरो ने स्कोर 2-0 कर दिया।




## बॉलीवुड हलचल



### सलमान की फिल्म सिकंदर में नजर आएंगी कियारा आडवाणी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी, दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती है। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। चर्चा है कि सलमान खान की फिल्म सिकंदर में कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। सिकंदर के एलान के कुछ दिनों बाद ही उन्हें साजिद नाडियाडवाला के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं, कि सिकंदर में कियारा आडवाणी की एंट्री हो गई है। सलमान खान की फिल्म सिकंदर का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं। सिकंदर अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



### फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम करेगे अनिल कपूर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर, अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित फिल्म ''दे दे प्यार दे'' अजय देवगन, तब्बू और रकुल प्रीत सिंह ने अहम भूमिका निभाई थी। दे दे प्यार दे बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब इस फिल्म के सेकंड पार्ट में रकुल प्रीत सिंह की फैमिली का इंट्रोडोक्शन हो सकता है। कहा जा रहा है कि दे दे प्यार दे 2 में अनिल कपूर काम करते नजर आ सकते हैं। वह इस फिल्म में रकुल प्रीत सिंह के पिता का रोल कर सकते हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# 97 फीसदी अंक लाकर आशीष-विपिन बने मेधावी

## संस्कृत बोर्ड का रिजल्ट जारी, जिले में चार सहायता प्राप्त और तीन वित्तविहीन हैं संस्कृत विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी






**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद के साथ ही संस्कृत बोर्ड ने भी रिजल्ट घोषित किया। मगर, यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम के शोर में संस्कृत बोर्ड का रिजल्ट खामोश रहा। हालांकि यूपी बोर्ड के समान ही संस्कृत शिक्षा परिषद का परिणाम बेहतर रहा। इसमें 97 प्रतिशत अंक लाकर आशीष ने पूर्व मध्यमा और विपिन कुमार ने उत्तर मध्यमा की परीक्षा उत्तीर्ण की।

सनातन धर्म आदर्श संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज शास्त्री ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा है। पूर्व मध्यमा (हाईस्कूल) में आशीष कुमार ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया है। जबकि 96 प्रतिशत अंक लाकर विनीत कुमार दूसरे, 94 फीसद अंक लाकर सचिन अवस्थी और नितिन कुमार तीसरे नंबर पर हैं। इसके अलावा उत्तर मध्यमा (इंटरमीडिएट) में 97 प्रतिशत अंक लाकर विपिन कुमार ने विद्यालय टॉप किया है। जबकि प्रशांत कुमार 94 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे स्थान पर हैं। प्रधानाचार्य ने विद्यालय के मेधावियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही कहा कि छात्रों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय के साथ साथ माता पिता का भी नाम रोशन किया है।

**सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालय**

1. सनातन धर्म आदर्श संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, लखीमपुर
2. शिशु सुधारक संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, सिंगाही
3. पाराशर नाथ संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, मढ़ियाघाट
4. राधा कृष्ण संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, गोला

**वित्तविहीन संस्कृत विद्यालय**

1. श्री राधारमण संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, फरेंदा
2. रानी चंदेली संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, गोला
3. श्री नागेश्वर बाबा संस्कृत संस्कृत विद्यालय, धौरहरा

| छात्र | प्रतिशत |
|---|---|
| **पूर्व मध्यमा (हाई स्कूल)** | |
| आशीष कुमार | 97 |
| विनीत कुमार | 96 |
| सचिन अवस्थी | 94 |
| नितिन कुमार | 94 |
| **उत्तर मध्यमा (इंटर)** | |
| विपिन कुमार | 97 |
| प्रशांत कुमार | 94 |

# नवोदय विद्यालयः दोबारा प्रवेश परीक्षा देने वाले फिर मिले आठ छात्र, नोटिस

संवाददाता मितौली

▸▸ **वर्ष 2023 की प्रवेश परीक्षा में भी शामिल हो चुके हैं यह छात्र छात्राएं**


**अमृत विचार:** जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन सूची में शामिल नौ छात्र छात्राएं फिर ऐसे मिले हैं, जिन्होंने दूसरी बार प्रवेश परीक्षा देकर सूची में जगह बनाई है। प्रधानाचार्य ने इनके प्रवेश निरस्त कर डीएम और उपायुक्त जवाहर नवोदय विद्यालय समिति लखनऊ को अवगत करा दिया है। इससे दूसरी बार प्रवेश परीक्षा में शामिल होकर चयन सूची में जगह बनाने वाले छात्रों की संख्या 17 हो गई है।

प्रधानाचार्य संजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि कक्षा छह की 80 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा हुई थी। इसमें 8705 बच्चों में से 4289 ने ही प्रवेश परीक्षा दी थी। नवोदय समिति की ओर से जारी रिजल्ट में 53 बालक व 27 बालिकाएं चयनित हुए। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रपत्र जांच के दौरान मितौली के दो, बिजुआ के दो, निघासन के दो, बेहजम का एक, धौरहरा का एक और गोला का एक छात्र यानी कुल नौ छात्र छात्राएं दूसरी बार प्रवेश देकर चयन सूची में शामिल होने में सफलता पाई है। इन छात्रों के कागजातों के साथ छेड़छाड़ कर दूसरी बार परीक्षा दिलाई गई है। जांच में इसका खुलासा होने पर सभी का प्रवेश निरस्त कर डीएम एवं उपायुक्त जवाहर नवोदय विद्यालय समिति को अवगत करा दिया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि दूसरी बार पेपर देने वाले बच्चों का प्रवेश किसी भी हालत में नहीं होगा।

# शार्ट सर्किट से चार दुकानें स्वाहा

## आठ लाख का नुकसान होने का अनुमान, कस्बा झंडी चौराहा पर हुआ अग्निकांड

संवाददाता, निघासन



आग से जली दुकान में जला सामान। अमृत विचार



आसपास की दुकानों से निकाल कर बाहर रखा गया सामान।

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। गांव चूरा टांडा में लगी भीषण आग के बाद मंगलवार की सुबह झंडी चौराहा पर चाय के होटल में बिजली के तारों में हुई स्पार्किंग से आग लग गई। लोग कुछ समझ पाते। इससे पहले ही आग ने पड़ोस की जनरल मर्चेंट, चूड़ी और मोबाइल शॉप की दुकान को भी अपने आगोश में लिया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में चार दुकानें और सामान से भरे दो खोखे आग की भेंट चढ़ गए।

झंडी चौराहा पर राजकुमार गुप्ता होटल है। मंगलवार की भोर करीब चार बजे बिजली के तारों में स्पार्किंग होने से होटल में आग लग गई। आग ने विकराल रूप ले लिया और पास में कतारबद्ध तरीके से लकड़ी के खोखों को भी अपनी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड को सूचना देते हुए आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन हवा तेज चलने के कारण लोग असफल रहे। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया। आग से चार दुकानें और उनमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। कुर्बान अली पुत्र गुलजात ने बताया कि उनके तीन खोखे विशातखाना के सामान से भरे हुए थे, जिसमें चूड़ी आदि की दुकान भी थी। इन्वर्टर, बैटरा सहित करीब 8 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं पड़ोस में खोखा रखकर साइकिल की रिपेयरिंग करने वाले पप्पू की दुकान में रखा करीब 50 हजार रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। सबसे अधिक नुकसान आसिफ मोबाइल शॉप की दुकान में हुआ है। आसिफ ने बताया कि आग की चपेट में आकर 25 हजार रुपये की नगदी व करीब दो लाख रुपए के मोबाइल, चार्जर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, एसेसरीज का सामान जल गया। राजकुमार गुप्ता के होटल में रखा इन्वर्टर बैटरा, कुर्सियां, काउंटर आदि आग की भेंट चढ़ गया।

# बेटे की हत्या के आरोपी पिता पत्नी और पुत्री का चालान

**बिजेंद्र हत्याकांड**

**संवाददाता, मितौली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव गनेशपुर में हुए बिजेंद्र सिंह हत्याकांड में पुलिस ने गिरफ्तार मृतक के पिता, माता और बहन का मंगलवार को चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने तीनों को जेल भेज दिया है। सीओ मितौली शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि गांव गनेशपुर ग्रंट निवासी रामनक्षत्र अपने बेटे बिजेंद्र को जमीन और मकान में हिस्सा नहीं देना चाहता था। बिजेंद्र सिंह और उसकी पत्नी जब अपना हिस्सा मांगती तो लड़ाई झगड़ा होता था। तीनों मिलकर बिजेंद्र और उसकी पत्नी के साथ मारपीट भी करते थे। जमीन व मकान में हिस्सा मांगने से नाराज रामनक्षत्र सिंह ने अपनी पत्नी दुलारी देवी और पुत्री सोनी देवी के साथ मिलकर 16 अप्रैल को ही बेटे बिजेंद्र की गला दबाकर हत्या कर दी थी और शव जलाने के बाद हड्डियां तालाब में फेंक दी थी। पुलिस ने मृतक की पत्नी नीलम देवी की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने तीनों को जेल भेज दिया है। सीओ ने बताया कि आरोपी रामनक्षत्र सिंह के खिलाफ थाने पर मारपीट के पांच मामले पहले से ही दर्ज हैं।

**हत्या करने के अगले दिन जलाया था शव**

प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि 16 अप्रैल को बिजेंद्र और उसके पिता रामनक्षत्र के बीच जमीन के हिस्से को लेकर विवाद हुआ था। इससे नाराज रामनक्षत्र ने बिजेंद्र की गला दबाकर हत्या कर दी थी। पकड़े जाने के डर से वह रात करीब दस बजे अपनी पत्नी व बेटी के सहयोग से शव खेत पर ले गया और उसे जला दिया। अगले दिन शाम को वह शव जलाने वाले स्थान पर पहुंचा और उसकी हड्डियां तालाब में फेंक दी थी।

## सार-संक्षेप

### जिला टॉपर तेजस्वी को डॉ. कौशल ने किया सम्मानित



टॉपर छात्रा तेजस्वी का मुंह मीठा कराते डॉ. कौशल वर्मा।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के एक अस्पताल डायरेक्टर डॉ. कौशल वर्मा ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा तेजस्वी को सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर की हाईस्कूल की छात्रा तेजस्वी नारायण शर्मा पुत्री कांशीराम शर्मा ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। डायरेक्टर डॉ. कौशल शर्मा मंगलवार को छात्रा के आवास पर पहुंचे। छात्रा को शील्ड, प्रमाण पत्र ,मिठाई, डायरी कलम व सम्मान राशि भेंट की। छात्रा के पिता को गीता भेंट की। इस दौरान अधिवक्ता अनुज सिंह, प्रभात वाजपेई और हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद रहा।

### जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी समेत दो की हालत बिगड़ी

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** थाना हैदराबाद के गांव छितौनिया में एक किशोर ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उधर, थाना के गांव लालजी पुरवा में 16 वर्षीय किशोरी ने भी जहरीले पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। दोनों की हालत गंभीर होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव छितौनिया निवासी हेमंत वर्मा का 16 वर्षीय बेटा लकी ने विषैला पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन सीएचसी ले गए, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। इसी तरह मैलानी थाना क्षेत्र ग्राम लालजी पुरवा निवासी 14 वर्षीय निशा की हालत भी विषैला पदार्थ के सेवन से खराब हो गई। उसे भी सीएचसी लाया गया है। जहां इलाज किया जा रहा है। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका।

### मौसम का बदला मिजाज..गरज के साथ हुई बूंदाबांदी




आसमान में छाए काले बादल। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से मंगलवार को बड़ी राहत मिली। सुबह बादल छा गए। गरज के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। आसमान में होने वाली तेज गड़गड़ाहट ने किसानों के माथे पर पसीना ला दिया। किसान ओलावृष्टि की आशंका को लेकर खेतों में पककर तैयार खड़ी गेहूं की फसल को लेकर परेशान हैं। सोमवार को पारा 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। कई दिनों से मौसम में भी उतार-चढ़ाव लगा हुआ था। सोमवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तड़के काले बादल छा गए। तेज गड़गड़ाहट के साथ बूंदाबांदी होने लगी। लोग भारी बारिश होने के साथ ही अतिवृष्टि होने का अनुमान लगा रहे थे, लेकिन कुछ देर तक हुई बूंदाबांदी थम गई। बूंदाबांदी होने और बादलों के छाए रहने से मौसम काफी खुशनुमा हो गया। हालांकि ठंडी हवा चलने से लोगों को कुछ राहत जरूर मिली। मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। उधर, बूंदाबांदी होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे खिंच गई। गेहूं की गहाई को लेकर किसान काफी चिंतित दिखे।

### गैस सिलेंडर में लगी आग से झुलसी महिला की मौत

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के मोहम्मदी रोड पर स्थित एक घर में अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। आग की चपेट में आकर खाना बना रही महिला की झुलसकर मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। परिवार वालों ने पोस्टमार्टम से इंकार कर शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। मोहम्मदी रोड निवासी जगदीश वर्मा घर पर नहीं थे। उनकी पत्नी गुड्डी रसोई में खाना बना रही थी। तभी सिलेंडर में गैस रिसाव होने के कारण अचानक आग लग गई, जिससे महिला झुलस गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जगदीश वर्मा का कर्मचारी जब किसी काम से उनके घर आया तो बाहर का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो वह पड़ोस के मकान से घर में गया। तब हादसे की जानकारी हुई। कर्मचारी ने हादसे की सूचना परिवार वालों को दी। इससे परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया और शव गांव ले गए, जहां अंतिम संस्कार कर दिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शादी समारोह में शामिल होने जा रहे एक युवक की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से उसके परिवार में चीख पुकार मची है। थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी दीपक (32) सोमवार की देर शाम कन्या गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहा था। ममरी रोड पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिससे दीपक कुमार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। उधर, हादसे की खबर मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### एक मरीज, तीन जांचे, रिपार्ट भिन्न- भिन्न

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मोहम्मदी रोड निवासी रामचंद्र रस्तोगी की मंगलवार को तबीयत खराब हो गई। इस पर वह इलाज के लिए डॉ. राजीव श्रीवास्तव के पास देने के लिए गए। लक्षण के आधार पर डॉक्टर ने डायबिटीज चेक कराने के लिए कहा। इस पर परिजनों ने लखीमपुर रोड स्थित एक डायग्नोस्टिक सेंटर पर ले जाकर ब्लड शुगर चेक कराया। मगर, रिपोर्ट में सबकुछ ठीक होना और मरीज की हालत देखकर डॉक्टर अचंभित रह गए। इस पर उन्होंने पुन: जांच करने के लिए कहा। इस पर एक बार फिर घरवालों ने दूसरी डायग्नोस्टिक सेंटर से जांच कराई, लेकिन रिपोर्ट से डॉ. राजीव श्रीवास्तव संतुष्ट नहीं हुए। इस तरह रामचंद्र रस्तोगी की तीन जगह जांच हुई, जिनकी रिपोर्ट भिन्न रहीं। इस पर डॉक्टर ने स्वयं ग्लूकोमीटर से ब्लड शुगर चेक कर इलाज शुरू किया। तब जाकर मरीज को राहत मिली। सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है, जिससे सीएमओ को अवगत करा दिया गया है।

### वन टांगिया गांव के लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

**संवाददाता, भीरा, अमृत विचार :** मतदाता जागरूकता के इलेक्शन आइकॉन एसपी सिंह मंगलवार को जंगल में बसे गांव वन टांगिया पहुंचे। उन्होंने मतदाताओं को 13 मई को होने वाले चुनाव में वोट डालने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने वनटांगिया गांव पहुंचकर ग्रामीणों से बात कर मतदान के लिए प्रेरित किया। इस गांव में 83 परिवार रहते हैं। मतदाताओं को मतदान करना पहला कर्तव्य बताकर लोकतंत्र में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। बीएलओ शिव शंकर ने पर्ची वितरण समय से करने की बात कही। वहां वन क्षेत्र के तीन गांवों में कुल मतदाताओं की संख्या 1284 है। इनमें 671 पुरुष और 613 महिला हैं। कुल मतदाता 1284 में से 270 मतदाता वन टांगिया गांव के हैं। इलेक्शन आइकॉन ने बीएलओ को वन टांगिया गांव में मतदाता पर्ची समय से वितरित करने के लिए निवेदन किया। इस दौरान शिक्षक राम प्रसाद, त्रिभुवन, दिनेश कुमार मौजूद रहे।

# पुलिस ने नेपाल सीमा पर दो ड्रग्स तस्कर को दबोचा

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** थाना पलिया पुलिस और कवच सेल ने चेकिंग के दौरान भारत-नेपाल सीमा पर दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 390 ग्राम नशीला पाउडर, 16,000 रुपये भारतीय व 19,300 रुपये नेपाली बरामद किए हैं। पुलिस ने एनपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर चालान भेजा है।

सीओ यादवेंद्र सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक पलिया विवेक उपाध्याय व नेपाल सीमा पर गठित कवच सेल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नेपाल सीमा पर अंकित माल्या उर्फ ड्रग्स किंग (25) निवासी मोहल्ला बाजार प्रथम और विक्की गुप्ता उर्फ विक्की नेपाली (32) निवासी मोहल्ला सिंगहिया थाना पलिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी अंकित माल्या उर्फ ड्रग्स किंग के पास से 260 ग्राम और विक्की गुप्ता के पास से 130 ग्राम नशीला पाउडर और दोनों के पास से 16 हजार रुपये भारतीय, 19,300 रुपये नेपाली, दो आईफोन बरामद किए हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज किया है।

# संदिग्ध हालत में दो लोगों की मौत

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ :** थाना हैदराबाद क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में एक युवक समेत दो लोगों की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। इससे दोनों के परिवारों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। थाना हैदराबाद के गांव रामपुर तकिया निवासी रचित (35) पुत्र गंगाराम की संदिग्ध हालत में तबीयत बिगड़ गई। जानकारी होने पर परिवार के लोग सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने रचित को मृत घोषित कर दिया। रोते-बिलखते परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दूसरा मामला रामपुर का है। गांव निवासी रघुनाथ (75) को परिजन गंभीर हालत में सीएचसी लाए थे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। परिजन शव घर ले आए और शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# घर में चारपाई पर मिला युवक का शव

संवाददाता, निघासन

▸▸ **आरोपी पत्नी को पुलिस ने हिरासत में लिया, पूछताछ कर शाम को छोड़ा**

**अमृत विचार:** थाना निघासन क्षेत्र के गांव चखरा में मंगलवार को एक 50 वर्षीय ग्रामीण का शव घर के अंदर चारपाई पर पड़ा मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक के भाई ने अपनी भाभी पर हत्या करने का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजते हुए आरोपी पत्नी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद शाम को उसे छोड़ दिया।


गांव चखरा निवासी प्रकाश की संदिग्ध हालत में उसके ही घर में मौत हो गई। मंगलवार को उसका शव चारपाई पर बरामद हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक की पत्नी रामबेटी से घटना को लेकर पूछताछ की तो उसने पुलिस को बताया कि पति सोमवार को एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर शाम तक शराब पी। गांव में बेहोशी की हालत में पड़े थे। सूचना पाकर वह पति को उठाकर घर लाई थी। फिर सुबह पति गांव में किसी काम से चले गए। कुछ देर बाद नशे की हालत में घर आए और लेट गए। उसके बाद चारपाई से नहीं उठे। वह सुबह करीब 11 बजे जब उन्हें उठाने गई तो देखा पति मृत अवस्था में पड़े थे। वहीं, मृतक के भाई छोटन्न ने अपनी भाभी (मृतक की पत्नी) पर हत्या करने का आरोप लगाया है। छोटन्न ने बताया कि करीब 30 सालों से प्रकाश रकेहटी गांव छोड़कर रहने के लिए गांव चखरा चले आये थे। पूरा परिवार रकेहटी में रहता है। पत्नी रामबेटी का चाल चलन ठीक नहीं है। पड़ोस के ही एक व्यक्ति से प्रेम संबंध होने के कारण उसकी भाभी प्रकाश से आए दिन विवाद करती थी। घर के भीतर ही उसके भाई की हत्या कर दी गई। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र ने बताया कि दोनों एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। भाई की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में शराब पीने वाली बात सही मिली है। मृतक के शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। पीएम रिपोर्ट आने पर ही मौत की वजह साफ हो सकेगी।

# गोला एआरएम ने एलआरपी को बना दिया स्टॉपेज

▸▸ **सिर्फ गोला डिपो की बसों में ही बनेगा एलआरपी का टिकट**

▸▸ **गोला से एलआरपी तक का किराया 50 रुपये निर्धारित**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी




गोला से एलआरपी तक का जारी टिकट।

**अमृत विचार:** गोला डिपो के एआरएम ने लखीमपुर के एलआरपी चौराहे को स्टॉपेज बनाया है। गोला से एलआरपी तक का किराया 50 रुपये निर्धारित कर मशीन में फीड करा दिया है। ऐसे में छाउछ से लेकर एलआरपी तक आने वाले मुसाफिरों को लखीमपुर बस अड्डे तक का निर्धारित किराया 54 रुपये नहीं देना होगा। एलआरपी तक के टिकट की सुविधा सिर्फ गोला डिपो की बसों में ही रहेगी।

गोला डिपो की करीब 25 बसें लखनऊ की ओर संचालित होती है। इसमें से अधिकतर बसों के परिचालक यात्रियों को एलआरपी पर ही उतारकर सीतापुर के लिए निकल जाते थे। इस पर यात्री बस अड्डे तक का किराया देना बताकर पांच किलोमीटर पहले उतरने से मना कर देते थे, जिस पर आए दिन यात्रियों और चालक परिचालकों में विवाद होता था। मुसाफिर आए दिन बाईपास से लखनऊ जा रही बसों के परिचालकों की शिकायत एआरएम से लेकर आरएम और एमडी तक से करते थे। मगर, एक भी अधिकारी बाईपास से निकल रहीं बसों को बस अड्डे तक भेज पाने में नाकाम रहे। आए दिन इस तरह की हो रही शिकायतें और विवाद से बचने और बसों को बस अड्डे तक भिजवा पाने में असफल निगम अधिकारियों ने एलआरपी को ही स्टॉपेज बनाकर गोला से 50 रुपये का किराया निर्धारित कर दिया है।

**एलआरपी तक का किराया**

- गोला से 50 रुपये
- भल्लिया से 38 रुपये
- रजागंज से 33 रुपये
- फरधान से 23 रुपये

**लालपुर के बाद लखीमपुर बस अड्डे तक का बनता था टिकट**

अभी तक गोला से लालपुर और फिर बस अड्डे तक का ही टिकट बनता था। लालपुर के लिए मुसाफिरों को 47 रुपये और इसके बाद छाउछ, एलआरपी से लेकर राजापुर और बस अड्डे पर उतरने वाले यात्रियों को 54 रुपये का टिकट लेना पड़ता था। मगर, अब यात्री एलआरपी तक 50 रुपये में पहुंच सकेंगें।

> गोला लखीमपुर मार्ग पर एलआरपी को भी स्टॉपेज बनाया गया है। इसकी टिकट मशीन में फीडिंग भी हो गई हैं। अब एलआरपी तक जाने के लिए यात्रियों को 54 की जगह 50 रुपये ही खर्च करने होगें।
> –महेश चंद्र कमल, एआरएम गोला डिपो

# मृतकों के परिजनों को सहायता राशि दिलाने की मांग

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

▸▸ **घायलों के परिजनों को दी जाए पांच-पांच लाख की आर्थिक मदद**

**अमृत विचार:** मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने थाना नीमगांव के तीन युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत और तीन युवकों के घायल होने पर गहरा दुख जताया है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और 10-10 लाख रुपए व गंभीर घायलों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए सहायता राशि देने की मांग राज्यपाल और सीएम योगी से की है।

थाना नीमगांव क्षेत्र में बेलाबोझी गांव के निकट दो दिन पहले सड़क दुर्घटना में इसी थाना क्षेत्र के गांव कोडारी निवासी इंद्रजीत भारतीय पुत्र चंद्र प्रकाश, सूरज यादव पुत्र राकेश यादव और श्रवण कुमार पुत्र पुष्कर निवासी गांव पिपरा की मौत हो गई थी, जबकि तीन लोग घायल हो गए थे। मंगलवार को मनरेगा मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा मृतकों के घर पहुंचे और परिवार के लोगों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए व घायलों के परिजनों को 5-5 रुपए मुआवजा दिलाये जाने की मांग राज्यपाल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की की है।

**लालपुर स्टेडियम** | पंप खराब होने से बाल्टी से मैदान पर डाला जा रहा पानी, पानी के अभाव में सूख रहे फुलवारी में लगे पौधे

# खिलाड़ियों की तैयारियों पर पानी फेर रही अव्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



लालपुर स्टेडियम के खेल मैदान पर उगी घास।

**अमृत विचार:** शहर के बाहर खिलाड़ियों की पौध तैयार करने के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम है। मगर, इसमें अव्यवस्थाएं इस कदर हावी है कि खिलाड़ियों को प्रैक्टिस करना मुश्किल हो रहा है। मैदान पर उगी घास फूस खेलों की तैयारी करने वालों के लिए मुसीबत बन रही है। मगर, इसे कटवाने की जिम्मेदार सुध तक नहीं ले रहे हैं।


शहर से करीब पांच किलोमीटर दूर लालपुर में सालों पहले स्टेडियम बनकर तैयार हुआ। इसका उद्देश्य जिले में खिलाड़ियों की नर्सरी तैयार करना था, जिससे प्रदेश से लेकर देश स्तर पर जिले का नाम रोशन हो सके। मगर, जिले से लेकर मुख्यालय पर बैठे जिम्मेदारों की अनदेखी का आलम यह है कि न तो आज तक आवंटित खेलों के कोच मिल सके और न ही स्टेडियम का रख रखाव ही बेहतर है। इसी वजह से खिलाड़ियों को प्रैक्टिस करने में भी असुविधा हो रही है। यही वजह है कि कोच के साथ बेहतर व्यवस्थाओं के अभाव में खिलाड़ियों और स्टेडियम के बीच की दूरी बढ़ती जा रही है।

**बाल्टी से डाला जा रहा पानी**

स्टेडियम में पानी की किल्लत है, जिसकी वजह खराब पंप है। ऐसे में मैदान में पानी का छिड़काव तक नहीं हो पा रहा है। इससे अभ्यास करने के लिए आने वालों को असुविधा होती है। ऐसे में युवक मैदान पर बाल्टी से पानी डालने के लिए मजबूर हैं।



> पंप का पैनल नया लगा है। इसमें कुछ तकनीकी दिक्कत आने से यह बंद है। पैनल गारंटी में है। जिनसे पैनल खरीदा गया था, उन्हें अवगत करा दिया गया है। कंपनी से इंजीनियर आते ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा।
> –सुनील कुमार भारती, जिला क्रीड़ा अधिकारी




**खराब पड़ा पंप**

स्विमिंग पूल में पानी भरने से लेकर मैदान पर पानी का छिड़काव करने के लिए स्टेडियम में पंप लगा है, जो पिछले कई दिनों से खराब है। इससे स्टेडियम में पानी का जबरदस्त संकट खड़ा हो गया। हालांकि कोच के अभाव में स्वीमिंग पूल में ताला ही पड़ा रहता है। उधर मैदान पर भी पानी का छिड़काव नहीं हो पा रहा है।

**सूख रही फुलवारी**

स्टेडियम में फूलों के पौधे लगाए गए थे, जिससे मैदान की सुंदरता को चार चांद लगें। मगर, पंप खराब होने के कारण मैदान पर पानी की किल्लत हो गई है। इससे मैदान पर किनारे में बनी फुलवारी सूखने लगी है।



अमृत विचार
www.amritvichar.com

# शहर से गुलरी पुरवा मंदिर तक निकली पदयात्रा

हनुमान जयंती

## हनुमान मंदिर पहुंचकर भक्तों ने विधि विधान से किया पूजन, एलआरपी से गुलरीपुरवा तक दिखा भक्तों का हुजूम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** मंगलवार को शहर से लेकर जिले भर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। हनुमान मंदिरों में सुंदरकांड से लेकर हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। पूरे दिन मंदिरों में धार्मिक आयोजन होते रहे। शहर के मारवाड़ी मंदिर से गुलरी पुरवा हनुमान मंदिर तक विशाल कीर्तनमयी पदयात्रा निकाली, जो नौ किलोमीटर दूर गुलरीपुरवा स्थित बालाजी हनुमान मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। पदयात्रा में आकर्षक झांकियों के अलावा हजारों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए।

मंगलवार सुबह छह बजे सुभाष पार्क में हनुमान भक्तों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। सुबह सात बजते ही हनुमान भक्त हाथों में ध्वज लेने के साथ बजरंग बली के जयकारे लगाते हुए गुलरीपुरवा के लिए निकल पड़े। पदयात्रा में भजन कीर्तन के साथ हजारों का हुजूम ओयल की ओर चला जा रहा था। उधर, शोभायात्रा में शामिल लोग भजनों पर नाचते गाते बालाजी के दर्शन के लिए चले रहे थे। पदयात्रा में बजरंगबली सहित अन्य सजीव झांकियां भक्तों के आकर्षण का केंद्र रही। वहीं, गुलरीपुरवा के बालाजी मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों को लंबी कतारों में लगकर कई घंटे इंतजार करना पड़ा। आयोजन समिति के लोगों से लेकर बालाजी के भक्त ने श्रद्धालुओं को प्रसाद के साथ शरबत और पानी का वितरण किया।


गुलरीपुरवा स्थित बालाजी दरबार।


बालाजी के दर्शन करने के लिए पदयात्रा में शामिल भक्त। अमृत विचार


बालाजी दरबार के बाहर दर्शन के लिए लगी भक्तों की लाइन। अमृत विचार


गुलरीपुरवा में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।


पैदल यात्रा में जा रहे भक्तों को शरबत बांटती सिख महिलाएं।

निघासन। हनुमान जन्मोत्सव पर कस्बा के दुर्गा मंदिर से विशाल बाइक यात्रा शुरू हुई। यात्रा में शामिल लोगों ने मंदिरों में दर्शन कर विधि विधान से पूजन कर बालाजी को लड्डू, खीर, मेवा आदि का भोग लगाया। शामिल श्रद्धालु ने डीजे पर हनुमान धुन पर जमकर जय श्री राम नारे लगाते हुए यात्रा की शुरुआत की कस्बे से निकली यात्रा का जगह जगह स्वागत हुआ और स्टाल लगा कर यात्रा में शामिल लोगों को जलपान भी कराया गया। करीब 12 किमी का सफर तय कर हनुमान भक्तों ने गुलरी पुरवा माँ राजराजेश्वरी दुर्गा मंदिर पहुँच दर्शन किये।

### हनुमान जन्मोत्सव निकाली गई पदयात्रा


मितौली में पदयात्रा निकालते हनुमान भक्त। अमृत विचार

**मितौली, अमृत विचार :** कस्बे के पौराणिक ठाकुर द्वारा राधा कृष्ण मंदिर से पूर्व ग्राम प्रधान मितौली मास्टर दिनेश कुमार, डॉक्टर आशीष कुमार गुप्त, अखिलेश कुमार मिश्र आदि नें सामूहिक रूप से राम दरबार, भोलेनाथ की झांकी,का पूजन अर्चन कर संगीत मयी पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। कस्बा स्थित बड़ी बाजार प्राइमरी पाठशाला के निकट राधा कृष्ण मंदिर से झांकियों का पूजन कर अर्चन कर कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। संगीत मय पदयात्रा गाजे बाजे के साथ कस्बे में बड़ी बाजार होते हुए विकासखंड मितौली चौराहे से पेट्रोल पंप तक और पूरे कस्बे में जयकारों के साथ बड़े धूमधाम से निकाली गई। मितौली के पश्चिम स्थित हनुमानगढ़ी पंचमुखी हनुमान मंदिर पर सामूहिक आरती भंडारा प्रसाद वितरण के साथ यात्रा का समापन किया गया।

### पदयात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब


पड़रिया तुला में हनुमान जन्मोत्सव पर पदयात्रा निकालते श्रद्धालु।

**संवाददाता, मूडा सवारान, अमृत विचार :** बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र के कस्बा पड़रिया तुला के बाला जी पावन धाम से से पदयात्रा दिव्य ज्योति के साथ शुरू हुई, दो कई गांवों से होकर देवस्थान चौसंधे बाबा पहुंची। पदयात्रा में सड़कों पर लहराते केसरिया झंडे,घंटों की ध्वनि और बजरंगबली के जयकारों के बीच भजन-कीर्तन की धुन पर नाचते, थिरकते हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब लखीमपुर भीरा राजमार्ग की सड़क पर उमड़ पड़ा। कीर्तनमयी विराट पद यात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। लोगों ने श्रद्धा भाव से शरबत पानी आदि की व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए कर रखी थी। प्रसिद्ध देवस्थान चौसंधे बाबा मंदिर पहुंची पैदल यात्रा में शामिल भक्तों ने बजरंगबली के दर्शन कर पूजन किया।

**धूमधाम से मनी हनुमान जयंती :** भीरा : कस्बे में हनुमान जन्मोत्सव भक्ति भावपूर्ण ढंग से मनाया गया मंगलवार को हनुमान मंदिरों में भक्तों ने महावीर को भोग लगाकर पूजन अर्चन किया। नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर पर सुबह से श्रद्धालुओं तांता लगा रहा। लखीमपुर रोड पर बालाजी के मंदिर पर भक्तों ने पूजन अर्चन के साथ हनुमान जी की आरती उतारकर हलवा चने का भोग लगा। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण हुआ। समाजसेवी हनुमान भक्त योगेश अग्रवाल नितिन अग्रवाल घनश्याम अग्रवाल गौरव कुमार अशोक अग्रवाल ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण में सहयोग कर पुण्य कमाया।


पंचमुखी हनुमान मंदिर में हो रहे सामूहिक विवाह में मौजूद नव दंपति।

## दक्षिण पंचमुखी हनुमान मंदिर में 11 नवदंपति वैवाहिक बंधन में बंधे

**संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार :** निघासन रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर बोझवा का वार्षिकोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 11 नवदंपति वैवाहिक बंधन में जहां बंधे, वहीं आयोजकों ने उन्हें ढेर सा उपहार देकर विदा किया। आचार्य पं. वेद प्रकाश मिश्र आदि पंडितों ने अग्नि को साक्षी कर वैदिक मंत्रों से उनका विवाह संपन्न कराया। इससे पूर्व बाबा बजरंगबली का महाभिषेक तथा सुंदरकांड पाठ व भंडारा आयोजित हुआ। सिंगाही के राजन के साथ शिल्पी, पल्हनापुर गोला के परशुराम संग अंशु, रंगरेजान पलिया के करन संग शिवानी, बुद्धा पूर्वा के शिवम के साथ मोहिनी, ढाका के जीवनलाल के साथ मधु, दौलतापुर के धीरज के साथ ममता, झंडी चौराहा के अजय कुमार के साथ अंशिका, विष्णुपुर के संदीप कुमार के साथ प्रीति, तेलियार के गंगाप्रसाद के साथ पूजा, सेंढा- बेड़ा के सुखराम के साथ मालती का विवाह संपन्न हुआ। मंदिर ट्रस्ट आदि द्वारा नवदंपतियों को बेड, बक्सा, कूलर, सेफ, बर्तन, वस्त्र, आभूषण व कुछ नगदी देकर उज्जवल भविष्य की कामना के साथ विदा किया गया। प्रमुख रूप से सुरेश चंद्र गर्ग, मनोज अग्रवाल गोल्डन, संदीप बंसल, सीताराम गर्ग, पालिकाध्यक्ष के बी गुप्ता, चांद कुमार जैन, निरंकार प्रसाद बरनवाल, अग्रवाल सेवा समिति, रोटरी क्लब पलिया, सुंदरकांड समाज सेवा मंडल, दादी परिवार, अग्रवाल महिला समिति, श्याम मित्र मंडल, मारवाड़ी युवा मंच, राम नाम लेखन परिवार आदि के लोग मौजूद रहे।

# भाजपा से रेखा व सपा के आनंद ने भरा पर्चा

- भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धौरहरा सांसद रेखा वर्मा व खीरी से निर्दलीय प्रत्याशी नरेश सिंह भदौरिया ने भरा दूसरा पर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया चल रही है। इसके छठे दिन मंगलवार को धौरहरा लोकसभा सीट से तीन और खीरी लोकसभा सीट से एक निर्दलीय प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। धौरहरा से नामांकन कराने वालों में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आनंद सिंह भदौरिया और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा शामिल हैं। इनके अलावा दो अन्य प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

चुनाव का बिगुल बज चुका है। इसके लिए नामांकन 18 अप्रैल से हो रहे हैं, जिसका अंतिम दिन कल है। खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट पर 13 मई को मतदान होगा। मंगलवार को धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के साथ नामांकन कक्ष पहुंचकर एक सेट दाखिल किया। उधर, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आनंद सिंह भदौरिया अपनी पत्नी एवं जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल के साथ नामांकन कक्ष पहुंचकर दो सेट में नामांकन कराया है। इनके अलावा पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी प्रत्याशी राजेश कुमार और आम जनता पार्टी (इंडिया) प्रत्याशी आशुतोष पाठक ने एक-एक सेट में नामांकन दाखिल किया। उधर, खीरी संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी नरेश सिंह भदौरिया ने मंगलवार को फिर से एक सेट नामांकन पत्र दाखिल किया।


नामांकन पत्र दाखिल करती धौरहरा प्रत्याशी रेखा वर्मा।


नामांकन पत्र दाखिल करते धौरहरा सपा प्रत्याशी आनंद सिंह भदौरिया।

### सामान्य वर्ग के लिए जमानत राशि 25 हजार

निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए जमानत राशि निर्धारित की है। इसके अनुसार सामान्य वर्ग के प्रत्याशियों को 25 हजार, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रत्याशी को 12500 रुपये जमा करने होगें।

### ...और जब बैलगाड़ी से पहुंचे नामांकन कराने

**लखीमपुर खीरी।** नामांकन प्रक्रिया के दौरान जहां प्रत्याशी महंगी गाड़ियों और भारी लाव लश्कर के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच रहे हैं। तो वहीं मंगलवार को आम जनता पार्टी (इंडिया) प्रत्याशी आशुतोष पाठक बैलगाड़ी पर बैठकर नामांकन के लिए पहुंचे। बैलगाड़ी पर नामांकन के लिए आए प्रत्याशी को देखने के लिए लोग पहुंचने लगे।



# मेले में फुटपाथ पर दुकान लगाने पर विवाद

- करीब एक घंटे तक चला हंगामा, मूक दर्शक बनी रही पुलिस

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** चैती मेला में फुटपाथ लगाने को लेकर दुकानदार और सभासद पति के बीच तीखी झड़प हो गई। इससे मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। करीब एक घंटे तक नोकझोंक और बवाल होता रहा, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस मूकदर्शक बनी रही। बाद में नगरपालिका के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और फुटपाथ पर लगी दुकान को हटा दिया। तब जाकर बवाल शांत हुआ।


मेले में विवाद के दौरान लगी भीड़। अमृत विचार

चैती मेले में तमाम दुकानें फुटपाथ पर लगी हुई हैं। कुछ दुकानदारों ने तख्त आदि भी फुटपाथ पर डाल रखा है। इसको लेकर सोमवार की शाम मेले में बवाल हो गया। नगर के एक सभासद के पति की फुटपाथ पर दुकान लगाने को लेकर झूले के पास कुल्फी की दुकान लगाने वाले संतोष गुप्ता से कहासुनी हो गई। धीरे-धीरे विवाद अधिक बढ़ गया। इस दौरान तमाम लोगों की भी भी जमा हो गई। करीब एक घंटे तक हंगामा होता रहा है। मेले की सुरक्षा व्यवस्था में लगी पुलिस तमाशबीन की तरह मौके पर खड़ी रही। दुकानदार संतोष गुप्ता का आरोप है कि सभासद पति ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनसे अभद्रता और गाली गलौज की और उनकी दुकान को हटवा दिया गया, जबकि अन्य दुकानदारों की दुकान फुटपाथ पर लगी रही। इस दौरान पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना रहा। बता दें कि इससे पहले भी पत्थर की मूर्ति विक्रेता ने भी अभद्रता के आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी।

## संभावित बाढ़, सूखा एवं हीटवेव को लेकर बनी रणनीति

कार्यालय संवाददाता,लखीमपुर खीरी, **अमृत विचार :** जिले में संभावित बाढ़, सूखा एवं हीटवेव की संभावना को देखते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर तैयारियों के बारे में जानकारी ली। डीएम ने संबंधित विभागीय लोगों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी एसडीएम को बाढ़ चौकी, राहत केंद्र, शरणालय, लंगर स्थल का चयन करने, सरकारी व गैर सरकारी नावों की उपलब्धता के लिए निर्देश दिए। साथ ही बाढ़ के दौरान प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल के लिए जलनिगम को, शौचालय के लिए डीपीआरओ को, बाढ़ से पूर्व प्रभावित क्षेत्रों के पशुओं का टीकाकरण व उपचार करने के लिए स्वास्थ्य कैम्पों के अलावा पशुओं के लिए चारा-भूसा की उपलब्धता के लिए सीवीओ को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए आवश्यक दवाओं, एण्टी स्नेकवेनम की उपलब्धता के लिए सीएमओ को निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) अजय कुमार ने बाढ़ से निपटने के लिए पावरप्वाइंट के माध्यम से जानकारी दी। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने हीटवेव से निपटने के उपाय बताएं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को उनके उत्तरदायित्व समझाएं, जरूरी निर्देश दिए। एएसपी पवन गौतम, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड अजय कुमार, सभी एसडीएम, तहसीलदार, ईओ, बीडीओ, डीपीआरओ, सीवीओ डॉ. सोमदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम

## चैती मेले के सांस्कृतिक मंच पर टीना परवीन और तस्लीम आरिफ ने जवाबी कव्वाली से बांधा समां

# दुनिया ये समझती ...हम रोज गले तेरी तस्वीर से मिलते हैं

संवाददाता,गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर टीना परवीन और तस्लीम आरिफ की जवाबी कव्वाली ने दुनिया ये समझती है हम भूल गए उनको, हम रोज गले तेरी तस्वीर से मिलते हैं आदि सुनाकर समा बांध दी। जवाबी कव्वाली सुनने के लिए श्रोताओं की भारी भीड़ रही।

मुख्य अतिथि राजा जफरउल्ला खान, विशिष्ट अतिथि मंजूर अली, धर्मेन्द्र गिरी मोंटी, जमील अहमद, मोहम्मद हनीफ खान कार्यक्रम अध्यक्ष जिला पंचायत पूर्व सदस्य रईसुज्मा अंसारी उर्फ मुन्ना प्रधान और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिन्कू ने दीप प्रज्वलित कर जवाबी कव्वाली का शुभारम्भ किया। जवाबी कव्वाली की शुरुआत टीना परवीन की हम्द (वंदना) से हुई- तू ही ईश्वर तू ही अल्लाह, कोई कहे कुछ कहे अपना तो है यह फैसला, तू ही ईश्वर तू ही अल्लाह। हम्द के बाद उन्होंने गजल पढ़ी- ये किसने कहा तुमसे तदबीर से मिलते हैं। अब दोस्त जमाने में तकदीर से मिलते है, भर दो झोली मेरी या मुहम्मद तेरे दर से मैं न जाऊंगा खाली , जर्रे को चट्टान बना दे या अल्लाह, हिंदू-मुस्लमान को इंसान बना दे या अल्लाह आदि सुनाई। तसलीम आरिफ ने कुछ यूं फरमाया- बाहिदों के हंसी परिंदों के पर कतरना बहुत जरुरी है, जिंदगी को संवारने के लिए इश्क़ करना बहुत जरुरी है। कव्वालों ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश कर लोगों की वाह वाही लूटी। जब तस्लीम आरिफ कोई शेर पढ़ते थे तो टीना परवीन उसका हाजिर जवाब देती थी। दोनों कव्वालों ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम गुलाम पांडेय,राम मोहन सोनी, केके शुक्ल, सभासद धर्मेन्द्र तिवारी, आनंद सोनी, सौरभ तिवारी, नानक चंद्र वर्मा, कफील अहमद, रज्जन खान आदि रहे।


सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्वलित करते मुख्य अतिथि राजा जफर उल्ला खान। अमृत विचार


कव्वाली का आनंद लेते श्रोता। अमृत विचार

### चैती मेले में आज

24 अप्रैल बुधवार को सांस्कृतिक मंच पर कपिल बावरा द्वारा रात आठ बजे से झांकी प्रस्तुत की जाएंगी।

## हरि अनन्त हरि कथा अनंताः आचार्य योगेश दीक्षित

**संवाददाता, उचौलिया, अमृत विचार :** ग्राम डुड़ौलिया में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य योगेश दीक्षित ने हरि अनन्त हरि कथा अनंता के माध्यम से कथा की महत्ता पर प्रकाश डाला। गांव के शिव मंदिर पर चल रही कथा में उपस्थित ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि संतों के दर्शन भगवत्कृपा से ही मिलते हैं। उन्होंने सन्तों के गुणों की विस्तार से जानकारी दी। मैत्रेय विदुर संवाद की चर्चा में उन्होंने भक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवत्प्रेम और भगवान की भक्ति के ज्ञान बौना हो जाता है। आचार्य ने बताया कि भगवान ज्ञान के नहीं बल्कि प्रेम के भूखे हैं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि हरि अनन्त हरि कथा अनंता। उन्होंने कहा कि जहां भगवान की कथा होती है वहां देवता श्रवण करने आते हैं, भगवान शंकर आते हैं और पहले आते हैं और बाद में जाते हैं। कथा के मुख्य यजमान जितेंद्र सिंह ने सपत्नीक भाग लिया। कथा के समापन पर कन्या भोज और भंडारा भी हुआ।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **प्रवीण कुमार यादव पुत्र राम खिलावन यादव, निवासी- ग्राम- पौथिया, जिला-हमीरपुर,** अपने पुत्र आमोद यादव के दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं, भविष्य में इनसे मेरा कोई वास्ता नहीं होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि विवाह से पूर्व मेरा नाम शालिनी राजपाल था जो शपथी के सभी शैक्षिक व प्रमाण पत्रों में अंकित है। विवाह के उपरान्त मेरा नाम सोनी हिमानी हो गया है। मेरा नाम सोनी हिमानी मेरे आधार कार्ड पर भी अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम शालिनी राजपाल व सोनी हिमानी एक ही व्यक्ति के हैं। **मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए क्योंकि यह मेरा असली और सही नाम है। सोनी हिमानी पुत्री ओम प्रकाश राजपाल पत्नी अजीत हिमानी निवासी- 5/18/259-ए बछड़ा सुल्तानपुर जिला अयोध्या, पिन- 224001**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम पासपोर्ट में त्रुटिवश MOHAMMAD NADEEM AHMAD अंकित हो गया है। जबकि मेरे सभी दस्तावेजो में मेरा वास्तविक नाम MOHD NADIM AHMED है। अतः मेरे पासपोर्ट पर मेरा वास्तविक नाम दर्ज किया जाय। **-मो0 नदीम अहमद, निवासी- ग्राम-भिटौरा, पो0-भिटौरा, थाना- रौनाही तहसील- सोहावल, जिला अयोध्या मोबाइल नं0--9198658643**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम दिलीप कुमार लालसा कनौजिया से बदलकर दिलीप कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **-दिलीप कुमार पुत्र लालसा राम सुमेर कनौजिया, निवासी- ग्राम व पो0- बढ़या, अतरौलिया, आजमगढ़**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुलाब हुसैन से बदलकर गुलाम हुसैन रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **गुलाम हुसैन पुत्र सूबेदार ग्राम छितौना, पोस्ट मेघौली कला, जिला महराजगंज 273304**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Chauhan Suryamani Singh से बदलकर Chauhan Suryamani Amarnath Singh रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **चौहान सूर्यमणि अमरनाथ सिंह पुत्र अमरनाथ सिंह निवासी धौरहरा चौहान, देवखाल धिरौली बाबू, जिला बस्ती 272128**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम बलराम कुमार पांडेय से बदलकर बलराम पांडेय रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **बलराम पांडेय पुत्र बजरंगी पांडेय ग्राम मोरवन दक्षिणी पोस्ट मिठौरा बाजार जिला महाराजगंज।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम नजीर से बदलकर मजीर रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **मजीर पुत्र इब्राहिम ग्राम धनेवा धनेई, पोस्ट महराजगंज, थाना कोतवाली, जिला महराजगंज**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सुरज से बदलकर सुरज यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाये। **सुरज यादव पुत्र बैजनाथ यादव निवासी ब-227 Gulali vatika जेलरोड वार्ड न 59,पोस्ट गीता वाटिका ,जनपद गोरखपुर।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम महेश से बदलकर महेश निषाद रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **महेश निषाद पुत्र सिंगार ग्राम सिरसिया गढ़ाई उर्फ बरगदही, पोस्ट व थाना गुलहरिया, जिला गोरखपुर।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम मोहम्मद हारून है। मुझे मेरे वास्तविक नाम से जाना एवं समझा जाए। **मोहम्मद हारून पुत्र मोहम्मद परवेज ग्राम कुई बाजार, पोस्ट असौजी बाजार, थाना सिकरीगंज, जिला गोरखपुर 273213**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अशोक यादव से बदलकर अशोक कुमार यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अशोक कुमार यादव पुत्र चंद्रिका यादव निवासी ग्राम व पोस्ट सोहनपुर, थाना बनकटा, जिला देवरिया।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Afzal Khan से बदलकर Afjal Khan रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अफजल खान पुत्र रईस खान ग्राम रामुपुर, पोस्ट खोरिया बाजार, महुली खास, जिला सन्त कबीर नगर**

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# मेला देखने गए तीन युवकों की हादसे में मौत

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में जख्मी हो गए थे, खबर मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता हसनगंज उन्नाव


रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार


पोस्टमार्टम हाउस में गमगीन खड़े परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के हसनगंज-बांगरमऊ मार्ग पर सोमवार देर रात दो तेज रफ्तार बाइकें आमने-सामने टकराने से बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई थी। वहीं, दो युवक गंभीर घायल हो गए थे। सूचना पर पुलिस पहुंची ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया था। जहां से उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था। हादसे में युवकों को मौत की खबर मिलते परिजनों में कोहराम मच गया। सीएचसी पहुंचे परिजन शव देख बिलख उठे थे। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे गए।

सोमवार देर रात सैरपुर गांव में पंचपकरिया माता मंदिर प्रांगण में मेला लगा था। हर्षवर्धन सिंह (18) व विकाश उर्फ बंटी (20) निवासी हसनापुर मेला देखने के बाद किसी काम से क्षेत्र के अकबरपुर जा रहे थे। तभी हसनगंज-बांगरमऊ मार्ग पर अकबरपुर के पहले उनकी बाइक सामने से आई दूसरी बाइक से टकरा गई थी। इसमें विमलेश गौतम (22), सचिन (20) निवासी सैरपुर व लखनऊ के पारा थानाक्षेत्र के झपटामऊ आलमनगर निवासी राजकुमार (22) सवार थे। सूचना पर पुलिस पहुंची और सभी को हसनगंज सीएचसी लाई। जहां मौजूद डाक्टर ने हर्ष वर्धन, विमलेश व राजकुमार को मृत घोषित कर दिया था। वहीं, घायल सचिन को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था।

हादसे की सूचना पर परिजन सीएचसी पहुंचे और शव देख कर बेहाल हो गए। मंगलवार को तीनों का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिये। हादसे में घायल सचिन लख़नऊ में रहकर पढ़ाई करता था। जहां उसकी दोस्ती राजकुमार से हो गई थी। सोमवार शाम दोनों बाइक से गांव का मेला देखने गए थे। विमलेश पूर्व प्रधान शिवशंकर का भतीजा था। विमलेश तीन भाईयों में अजय व राजनेश से छोटा था। उसकी मौत से मां गुड्डी बेहाल है। वहीं हर्षवर्धन की मौत से मां सुधा व अन्य परिजन बेहाल हैं।


हर्षवर्धन।


विमलेश।

### 10 बजे खत्म हो गया था मेला

सैरपुर गांव में मेला रात 10 बजे समाप्त हो गया था। हर्षवर्धन व विकास दिन में ही मेले से घर लौट गए थे। रात में फिर मेला देखने की बात कहकर निकले थे लेकिन, सैरपुर गांव से आगे अकबरपुर गांव के पास हादसा हो गया। उस समय युवक कहां जा रहे थे इसकी जानकारी परिजन नहीं दे सके।

### खेत से लौट रहे किसान को हाइड्रा ने रौंदा, मौत

उन्नाव। खेत से गेहूं काटकर लौट रहे वृद्ध को हाइड्रा ने रौंद दिया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। जिसे पुलिस ने थाने में खड़ा कराया है। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के ज़िद्दी खेड़ा गांव निवासी श्याम सुंदर (70) किसान था। उसने शादी नहीं की थी। जिससे वह अपने भतीजे के साथ रहता था। मंगलवार सुबह वह गेहूं काटने खेत गया था। जहां से करीब 10 बजे पैदल घर लौट रहा था। गांव के पास ही सोहरामऊ-पुरवा मार्ग पर पीछे से आए हाइड्रा ने उसे रौंद दिया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। पड़ोसी आशीष व खेत में काम कर रहे लोगों ने शोर मचाया तो चालक वाहन खड़ा कर भाग गया। सूचना पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। पुलिस ने जांच के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। उसकी मौत से भतीजा वीरपाल व अन्य बेहाल हैं।

# ननिहाल आई बच्ची की छत से गिरकर मौत

**आसीवन उन्नाव।** आसीवन थानांतर्गत पमेधिया गांव में ननिहाल आई एक नौ वर्षीय बच्ची सीढ़ियों से फिसल कर गंभीर घायल हो गई। परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

सोहरामऊ थानाक्षेत्र के गांव देवीपुर खड़बढ़िया निवासी राजेश तिवारी की पत्नी ज्योति इन दिनों पति से अनबन के बाद आसीवन थानाक्षेत्र के पमेधिया गांव अपने मायके आई हुई थी। सोमवार देरशाम सभी खाना खाने के बाद छत में सोने चले गए। तभी उसकी छोटी बेटी अनुष्का (9) नीचे जाने के लिए सीढ़ी से उतर रही थी। पैर फिसलने से उसका संतुलन बिगड़ा और वह नीचे गिरकर अचेत हो गई। सिर व नाक से खून निकलता देख परिजन उसे मियागंज सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें सिर व नाक में आई चोट से मौत होने की पुष्टि हुई। उसकी मौत से मां ज्योति व मामा कुलदीप आदि परिजन बेहाल रहे। बच्ची तीन बहनों में छोटी थी।

# कम संसाधन वाले विद्यालयों की बेटियों ने रिजल्ट में दिखाई प्रतिभा

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव


गरिमा कटियार
हाईस्कूल, 89 .9 %


सुषमा
हाईस्कूल, 91 .4%


रिया कुशवाहा
हाईस्कूल, 91.2%


आकांक्षा गुप्ता
इंटरमीडिएट, 87 .2 %

- साधनहीन विद्यालय की बेटियों ने साबित की स्वयं की मेधा

**अमृत विचार।** नारी सशक्तीकरण को लेकर चल रहे अभियान का असर हाल में घोषित माध्यमिक शिक्षा परिषद के परीक्षा परिणामों में सफल होता दिखाई दिया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित कम संसाधन वाले विद्यालयों की छात्राओं ने बेहतर प्राप्तांकों सहित परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके चलते विद्यालय प्रबंधन ने मेधावियों का हौसला बढ़ाया है।

क्षेत्र के आसत मोहीउद्दीनपुर स्थित ताहिरा अफसार इंटर कालेज में हाईस्कूल की छात्राओं सुषमा 91.4, रिया कुशवाहा 91.2, गरिमा कटियार 89.9, अंशिका पाल 87.5, रुचि 86.6, रिदा महताब 85.33 व लायबा ने 85.33 फीसदी अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की। इसी तरह इंटर की आकांक्षा गुप्ता 87.2, मजरा बानो 85.4, रूपाली 85.2, खुशबू 84.8, चांद आलम 84.2, अजरा 83.4, सोनम 83.4 व उजैफा ने 81.8 फीसदी अंक अर्जित करते हुए परीक्षा पास की है। शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग शहरों व कस्बाई इलाकों से भव्य इमारतों में संचालित विद्यालयों को जबर्दस्त टक्कर देते हुए परीक्षा परिणाम देने वाली छात्राओं की सफलता की सराहना कर रहे हैं। विद्यालय प्रबंधक अफसार अहमद व प्रधानाचार्य राशिद अनवर ने संबंधित छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया है। बताया कि विद्यालय में अधिकांश गरीबों, मजदूरों व सीमांत किसानों की बेटियां प्रवेश लेकर शिक्षा प्राप्त करती हैं।

# पुलिया टूटने से दर्जनों गांवों के लोग लगाते 20 किमी का चक्कर, अफसर अनजान

संवाददाता हसनगंज उन्नाव


टूटी पुलिया में फंसी कार।

- दोनों ओर से बड़े वाहनों का निकलना पूर्ण रूप से बंद

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मोहान-बांगरमऊ मार्ग से निकले अकबरपुर-रसूलपुर बकिया संपर्क मार्ग स्थित पुलिया बीते चार माह से टूटी पड़ी है। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर नेताओं तक की चौखट नापी लेकिन, उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके चलते लोगों को निकलना दूभर हो गया है।

बता दें कि हसनगंज, मियागंज व औरास जाने के लिए आसपास गांव के निवासियों व राहगीरों को इन दिनों 15 से 20 किमी का चक्कर लगाकर जाना पड़ रहा है। मोहान-बांगरमऊ मार्ग से निकले अकबरपुर-रसूलपुर बकिया संपर्क मार्ग में मोहनी खेड़ा के पास नहर में बनी पुलिया बीते चार माह पूर्व टूट गई है। जिसे लेकर दोनों ओर से बड़े वाहनों का निकलना पूर्ण रूप से बंद हो गया है। जबकि, छोटे वाहन बमुश्किल निकल पा रहे हैं। अकबरपुर निवासी कमल तिवारी, प्रियांशु पाल, रसूलपुर बकिया निवासी वीरेंद्र सिंह, विनोद सिंह आदि ने बताया कि औरास सई नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त होने पर हरदोई, रहीमाबाद व औरास जाने वाले ओवरलोड वाहन महीनों से इसी सड़क से होकर गुजर रहे थे। जिस कारण पुलिया टूट गई है। लेकिन, इसे लेकर जिम्मेदार अभी तक अनजान बने हैं। इसे लेकर लोकनिर्माण विभाग के अवर अभियंता सुमित तिवारी ने बताया कि पुलिया के टूटने की जानकारी नहीं है। नहर विभाग की पुलिया है। वहां से एनओसी लेकर ही उसे बनवाया जा सकता है।

### झेल रहे समस्या

पुलिया टूटने से क्षेत्र के गांव अहमदपुर टकटौली, रसुलपुर बकिया, गढ़ी फतेहाबाद, बहरौली जहानपुर, सलेमपुर, रजापुर, अकबरपुर, मोहनी खेड़ा, दरिहट, बघवाकोला, राई निचलौला सहित करीब दो दर्जन से अधिक गावों के ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# ट्रांसफार्मर से उठी चिंगारी से पांच घरों की गृहस्थी हुई राख

संवादाता हसनगंज उन्नाव


आग लगने से जले घर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हसनगंज तहसील क्षेत्र के रहमली नगर गांव में विद्युत आपूर्ति के लिए रखे ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट से उठी चिंगारी की चपेट में आए पांच घरों में रखा अनाज व अन्य गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। तहसीलदार ने आग से हुए नुकसान के आकलन के लिए लेखपाल को भेजा। उन्होंने ग्रामीणों को आर्थिक मदद दिलाने का भरोसा दिलाया।

रहमली नगर गांव में मंगलवार दोपहर ट्रांसफार्मर में शार्टसर्किट होने से उठी चिंगारी से पड़ोस के हरिशंकर, पंकज, खूबचंद, मेवालाल व सर्वेश के घरों में रखे छप्पर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। लपटें देख ग्रामीण दौड़े और निजी संसाधनों से पानी फेंककर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर दमकल की गाड़ियां पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सभी घरों में रखा 73 कुंतल गेहूं व हरिशंकर के घर में रखे 10 हजार रुपए के अलावा एक बाइक समेत अन्य गृहस्थी का सामान भी जलकर राख हो गया। पालतू मवेशी भी झुलस गए। ग्राम प्रधान विपिन द्विवेदी की सूचना पर तहसीलदार विराग करवरिया ने मौके पर लेखपाल को भेजकर जांच कराई। उन्होंने ग्रामीणों को आर्थिक सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया है।


जंगल में लगी आग को देखते लोग। अमृत विचार

## जंगल में लगी आग घरों तक पहुंची, दो घरों का सामान जला

संवाददाता,फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के गांव दोस्तपुर शिवली में अज्ञात कारणों से लगी आग से फूस से बने दो बंगलों में रखी गृहस्थी जलकर राख हो गई। इसके साथ ही आग पास के बबूल के जंगल में फैल गई। जिससे सैकड़ों पेड़ जल गए। सूचना पर पहुंची दमकल ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। राजस्व कर्मियों ने पहुंचकर नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट शासन को भेजने की बात कही है।

बता दें कि दोस्तपुर शिवली गांव के बाहरी भाग में बबूल का जंगल है। जिसमें अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक ग्रामीण आग बुझाते तब तक आग फैलती हुई घरों तक पहुंच गई। जिससे जन्नत अली व मोवीन अली के घरों में पड़े फूस के बंगले जलकर राख हो गए। वहीं, इनमें रखे कपड़े, नकदी, जेवर व अनाज आदि भी जल गया। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जिस पर दमकल ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। वहीं गांव मनिकापुर में खेतों में लगी आग से गोपाली के 50 गेहूं के बोझ व राजनारायण की लगभग आधा बीघा खेत में खड़ी गेंहूं की फसल जल गई। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से आग बुझा ली।

# जोनल मजिस्ट्रेट करें बूथों का निरीक्षण

संवाददाता पुरवा, उन्नाव

- तहसील सभागार में एसडीएम रनवीर सिंह ने बैठक के दौरान दिए कई निर्देश

**अमृत विचार ।** तहसील सभागार में एसडीएम रनवीर सिंह ने पुरवा विधानसभा क्षेत्र के 45 सेक्टर मजिस्ट्रेट्स की बैठक में निर्देश दिये कि चुनाव में लगे सेक्टर मजिस्ट्रेट्स व पीठासीन अधिकारी कर्तव्यों का विशेष ध्यान रखें।

निर्देश दिये कि सभी अपने बूथों का निरीक्षण कर लें व बीएलओ और वहां के सराउंडिंग से भली-भांति परिचित हो जाएं। अपने पुलिस काउंटर पार्ट व क्षेत्र के संभ्रांत लोगों से संपर्क भी कर लें। कहा कि सभी कार्य निष्पक्ष रूप से शांतिपूर्ण माहौल में करें। ऐसी कोई समस्या जिसका निराकरण न कर सकें उसे तत्काल उनके संज्ञान में लायें। इसके साथ यह भी कहा कि सभी लोग समय से हर स्थल पर पहुंचें। किसी भी दशा में दिए गए निर्देशों का उल्लंघन न हो। सभी पूरी लगन व निष्ठा के साथ कार्य करें।

# 90 लीटर कच्ची शराब के साथ युवक को दबोचा

**पुरवा।** ज़िला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक पुरवा निशांत सिंह ने आबकारी व पुलिस टीम के साथ तहसील क्षेत्र के गांव हड़हरा, दीवानबक्श खेड़ा व पंसरिया में दबिश देकर 90 लीटर कच्ची शराब के साथ दिनेश निवासी दीवान बक्श खेड़ा थाना मौरावां को पकड़ा है। पकड़े गए युवक के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि दबिश के दौरान 1200 किलो महुआ लहन भी नष्ट करवाया।

# युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अचलगंज थानाक्षेत्र के घनश्याम खेड़ा निवासी 22 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पोटरिहा गांव के मजरा घनश्याम खेड़ा निवासी सौरभ यादव (22) खेती में भाई का हाथ बंटाता था। सोमवार सुबह वह घर से खेत जाने के लिये निकला लेकिन घर नहीं लौटा। देर शाम गांव कोरारी के पास उसे उल्टियां करता देख एक परिचित ने उसे पहचाना और भाई को सूचना दी। बड़ा भाई उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। जहां सौरभ ने जहरीला पदार्थ निगलने की बात बताई, लेकिन इसका कारण नहीं बता सका। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन उसके आत्महत्या करने की वजह नहीं बता पाए। दो भाईयों में छोटे सौरभ की शादी नहीं हुई थी। उसकी मौत से बड़ा भाई रोहित विवाहित बहनें रोमी व शिवानी सहित मां शांति देवी रो-रोकर बेहाल हैं। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

## सार-संक्षेप

### किराया मांगने पर बस कंडक्टर व चालक को पीटा, शीशे भी तोड़े

**सफीपुर उन्नाव।** मिनी बस के कंडक्टर से किराए के मामले को लेकर एक युवक ने गालीगलौज कर अपने साथियों के साथ चालक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। साथ ही उसने बस के शीशे भी तोड़ दिए। जिसमें चालक के साथ यात्री भी घायल हो गये। आक्रोशित चालक बस को बीच सड़क पर खड़ी कर विरोध जताने लगा। मंगलवार सूबह करीब सात बजे एक मिनी बस उन्नाव से सवारी लेकर सफीपुर आ रही थी। बस में उन्नाव से सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बम्हना निवासी कपिलेश अवस्थी से कंडक्टर ने किराया मांगा। इस बात पर दोनों में विवाद हो गया। युवक ने अपने साथियों को सूचना दे दी। करीब आठ बजे जैसे ही बस बम्हना चौराहे पर रुकी तो वहां लाठी-डंडो से लैस खड़े कपिलेश के साथियों ने चालक व मालिक अजय कुशवाहा पुत्र जसकरन निवासी उमर को बस से खींच लिया और उस पर लाठी-डंडो से हमला कर बस के शीशे तोड़ दिए। इसमें बस में सवार बच्चों व महिलाओं में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक से तहरीर लेकर कार्रवाई शुरू की। चालक ने तहरीर में 40 हजार रुपये निकालने के साथ एक युवक को नामजद करते हुए छह-सात अज्ञात युवकों पर आरोप लगाए हैं। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर

**बांगरमऊ।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव मौहाई निवासी अजय सिंह (23) पुत्र उमाशंकर व रोमिल (17) पुत्र राकेश मंगलवार को बाइक से हफीजाबाद आए थे। घर लौटते समय उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित गांव हफीजाबाद के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों द्वारा घायलों का इलाज किया जा रहा है।

### वन विभाग की जमीन पर कब्जा करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

**पुरवा।** असोहा थानाक्षेत्र के तेजीखेड़ा गांव स्थित भूमि संख्या-5601 कागजों में वन विभाग के नाम दर्ज है। इस भूमि के कुछ भाग पर गांव की नीलम, आशा, जमुना, रन्नो व राम बालक कब्जा कर निर्माण करा रहे थे। जानकारी होने पर उप क्षेत्रीय वन अधिकारी रमन मोहन सिंह मौके पर पहुंचे और निर्माण रुकवा दिया। लेखपाल की नाप के बाद निर्माण वन विभाग की भूमि पर होता हुआ पाया गया। जिस पर उप क्षेत्रीय वन अधिकारी ने पुलिस को तहरीर दी है। एसओ रामऔतार ने बताया कि वन अधिकारी की तहरीर पर नामितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### बाइक सवार ने मासूम को मारी टक्कर, रेफर

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनापुर गांव निवासी रणवीर का 3 साल का बच्चा अभी घर के सामने सड़क पर खेल रहा था। तभी अज्ञात बाइक सवार युवक उसे जोरदार टक्कर मारते हुए मौके से भाग गया। हादसे में बच्चा गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने उसे एम्बुलेंस से नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया है।

### एचटी लाइन में फाल्ट होने से गेहूं की फसल में लगी आग

**बिछिया।** सदर तहसील क्षेत्र के गांव कोईथर में मंगलवार को एचटी लाइन में फाल्ट होने से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। जिसमें गांव निवासी एक ही परिवार के ओमप्रकाश शर्मा व प्रेमशंकर शर्मा की करीब एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित ने लेखपाल को सूचना दी है।

### चोरी में वांछित चढ़ा पुलिस के हत्थे


**शुक्लागंज उन्नाव।** चंपापुरवा में 13 अप्रैल की रात हुई चोरी के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान पकड़ा। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि फरार आरिफ को बालूघाट तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

परेशानी

प्रतिदिन एक सैकड़ा से अधिक ट्रेनों का होता है ठहराव, वाटर कूलर तक पहुंचने में ट्रेन छूटने का रहता है भय

# रेलवे स्टेशन के दो वाटर कूलर नहीं बुझा पा रहे प्यास

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


प्लेटफार्म एक पर लगे वाटर कूलर से ठंडा पानी पीता यात्री। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रेल यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे यहां मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन पर हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। स्टेशन से प्रतिदिन गुजरने वाली एक सैकड़ा से अधिक यात्री ट्रेनों से सफर करने वाले यात्रियों को यहां पीने को ठंढ़ा पानी भी मयस्सर नहीं हो पाता है, क्योंकि प्लेटफार्म नंबर-एक, दो तीन पर मात्र तीन टोटियां ही वाटर कूलर से जुड़ी हैं। मात्र दो मिनट के स्टापेज के दौरान यात्रियों को दिन में ही नहीं देर रात तक सामान्य टोटियों से निकलने वाला गर्म पानी भरने को मजबूर होना पड़ता है।

स्टेशन से कई इंटर सिटी एक्सप्रेस के अलावा अन्य राज्यों को जोड़ने वाली तमाम लंबी दूरी सहित नजदीकी स्टेशनों के बीच आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने वाली ट्रेनें यहां दो मिनट का ठहराव लेती हैं। कुछ पैसेंजर ट्रेन को छोड़कर अन्य यात्री गाड़ियों में 18 से 24 कोच जुड़े होते हैं। गर्मी के मौसम में खास और आम सभी यात्रियों को सबसे अधिक आवश्यकता पीने के लिए ठंढ़े पानी की होती है, लेकिन रेल प्रशासन ने स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर फुट ओवर ब्रिज के बगल में और प्लेटफार्म नंबर दो व तीन पर ब्रिज के पास ही यात्री शेड के नीचे वाटर कूलर स्थापित करा रखे हैं। इन दो वाटर कूलर से जुड़ी टोटियों से पीने का ठंढ़ा पानी निकलता है, लेकिन सामान्य टोटियां पूरे दिन ही नहीं देर रात तक गर्म पानी देती रहती हैं। अव्वल तो लंबी दूरी के यात्री वाटर कूलर से अनभिज्ञ रहते हैं। वहीं जानकार भी ट्रेन छूटने के भय से वाटर कूलर से ठंढ़ा पानी भरने की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं। यात्रा के दौरान 20 रुपए की पानी की बोतल खरीदने की सामार्थ्य न रखने वाले अधिकांश रेल यात्रियों को यहां स्टापेजके दौरान ट्रेन से उतरकर गर्म पानी ही अपनी बोतलों में भरना आम बात है। आईओडब्ल्यू हर्ष के मुताबिक उच्चाधिकारियों के निर्देश पर उपलब्ध वाटर कूलर में पाइप लाइन के कनेक्शन देकर चालू कराए जा चुके हैं। संबंधित वाटर कूलर अधिक आवश्यता वाले तीनों प्लेटफार्म पर यात्रियों को क्षमता के मुताबिक ठंढ़ा पानी उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य शुरू करने से पहले ध्वस्तीकरण किया जाना है। इसके बाद ही शीतल जल संबंधी प्रबंधन देखने वाली विंग यहां संसाधन उपलब्ध कराएगा।

### फेल हुई वाटर वेंडिंग योजना

कुछ वर्ष पहले रेल उच्चाधिकारियों ने यहां तीन प्लेटफार्मों को लाभांवित कराने की गरज से वाटर वेंडिंग मशीन उपलध कराई थीं, लेकिन ठंढ़े पानी के पर्याप्त भंडारण की सुविधा न उपलब्ध होने से पांच रुपए में एक लीटर ठंढ़ा पानी मुहैया कराने की योजना फेल साबित हुई, जिससे ठेका लेने वाले काम छोड़कर चले गए। लंबे समय तक एक, दो व तीन नंबर प्लेटफार्म पर रखी रहने के बाद उच्चाधिकारियों ने मशीनें उठवा लीं। हालांकि इस संबंध में आईओडब्ल्यू ने अनमिज्ञता जताई। उन्होंने कहा कि वाटर वेंडिंग मशीनों के संबंध में मंडलीय कार्यालय से ही जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# प्रशिक्षण के दौरान बिगड़ी कार्मिक की हालत

**उन्नाव।** लोकसभा चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारियों के प्रशिक्षण के दौरान एक बैंक कर्मी की हालत बिगड़ गई। एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

पंजाब एंड सिंध बैंक की शुक्लागंज शाखा में कार्यरत अवनीश साहू पुत्र राम सेवक की लोकसभा चुनाव में ड्यूटी लगी है। सरस्वती विद्या मंदिर पूरन नगर में प्रथम पाली के प्रशिक्षण के दौरान उसकी हालत अचानक बिगड़ गई और वह गिरकर अचेत हो गया।

इससे वहां मौजूद अन्य कार्मिकों व अधिकारियों में हड़कंप मच गया। उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है उसकी हालत में सुधार है।

# वीर हनुमाना अति बलवाना, राम नाम रसिया हो

## मंदिरों में भोर से शुरू हो गई थी श्रद्धालुओं की आवाजाही, जगह-जगह हुआ हवन व सुंदरकांड-हनुमान चालीसा का पाठ

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** श्रद्धालुओं ने बड़े ही भक्तिभाव से हनुमान जन्मोत्सव पर अपने आराध्य की पूजा-अर्चना की। शहर के स्टेशन रोड स्थित बड़े हनुमान मंदिर में श्रद्धालु कतार में बैठकर जहां हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ करते रहे। वहीं दरोगाबाग में सलासर महाराज का श्रृंगार कर हवन, सुंदरकांड पाठ व भजन-कीर्तन हुए। इसके साथ विशाल भंडारा आयोजित कर भक्तों को हनुमंत लाल का प्रसाद बांटा गया।

हनुमान जन्मोत्सव पर वैसे तो सोशल मीडिया पर भक्तों द्वारा रात 12 बजे ही बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया था। फिर सुबह करीब पांच बजे मंगला आरती होते ही स्टेशन रोड स्थित बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करने वाले श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया। दोपहर 12 बजे से भक्त मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन कर बजरंगबली महाराज से कृपा मांगते रहे। साथ ही श्रद्धालु लड्डू सहित अन्य मिठाइयों व फलों का भोग भी लगाते रहे। शाम को पट खुलते ही फिर से श्रद्धालु पहुंचने लगे। भक्त मंदिर में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ करते रहे। वहीं कई श्रीराम संकीर्तन करते हुए मां जानकी के अति प्रिय हनुमान की भक्ति में तल्लीन रहे। मंदिर के आचार्य राकेश शुक्ल ने बताया कि जन्मोत्सव पर देररात तक भक्तों का आना बना रहा।

इधर, दरोगाबाग में सालासर महाराज स्थल पर भव्य श्रृंगार कर हवन की शुरुआत हुई। आचार्य सुंदरकांड की चौपाइयों का वाचन करते हुए मुख्य आयोजक राजेश पाल सहित कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालुओं से बारी-बारी से आहुतियां दिलाते रहे। हवन के बाद हुए भंडारे में न सिर्फ शहर के विभिन्न स्थानों से पहुंचने वालों के साथ उन्नाव-हरदोई रोड से गुजरने वाले वाहन सवारों ने भी गाड़ियां रोककर प्रसाद लिया। भंडारा के बाद शाम चार बजे से सुंदरकांड फिर भजन-कीर्तन शुरू हुआ। जिसमें आए कलाकारों ने देररात तक बजरंगबली महाराज के जयकारे लगवाते हुए एक से बढ़कर एक सुंदर भजन सुनाने का सिलसिला जारी रखा। इस दौरान सुंदरलाल पाल, दिनेश शुक्ला, महेंद्र कुमार, वरुण कुमार, रामनाथ, तन्नू गुप्ता, रामबहादुर सैनी व विश्व नाथ आदि मौजूद थे।

चकलवंशी संवाददाता के अनुसार, क्षेत्र के भिनकीपुर स्थित प्राचीन परमार्थ धाम हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिर में स्थापित मूर्ति का सुंदर श्रृंगार कर सजाया गया। साथ ही आचार्यों ने मंत्रोच्चारण कर बजरंगबली महाराज का पूजन-अर्चन कराया। भोरपहर से ही मंदिर में श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। परमार्थ धाम के महंत स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी के मार्गदर्शन में यहां स्थापित भव्य मूर्ति का श्रंगार हुआ। इसके बाद स्वामीजी के निर्देशन में आचार्य राधेश्याम अवस्थी ने मंत्रोच्चारण करते हुए विधिविधान से पूजन-अर्चन कराया। दोपहर आयोजित विशाल भंडारे में क्षेत्र के भिनकीपुर, लूटापुर, गंगा खेड़ा, मेथीटीकुर, चकलवंशी, बरभौला, भदनी व कोरारी कलां आदि गांव के श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में बद्री मिश्रा, सुनील पांडेय, जितेंद्र सिंह, राजेश अवस्थी, कमलेश गुप्ता, कौशल किशोर सिंह, जयदीप सिंह, धनंजय सिंह, पवन दीप, गौतम मिश्रा व राजेश सिंह आदि बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।




बड़े हनुमान मंदिर में स्थापित हनुमानजी की मूर्ति। दरोगा बाग स्थित सालासर धाम में हवन में आहुतियां देते भक्त। अमृत विचार



महिला मरीज को फल देते विक्रांत। अमृत विचार

### हनुमान जन्मोत्सव पर मरीजों को बांटे फल

**उन्नाव।** हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों को सीएमओ आफिस में तैनात विक्रांत सिंह ने फल वितरित किए। साथ ही उन्होंने मरीजों के जल्द स्वस्थ होकर घर जाने की प्रार्थना भी बजरंगबली से की। इस दौरान उनके साथ कई लोग मौजूद रहे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में हुआ भव्य श्रृंगार

**शुक्लागंज उन्नाव।** हनुमान जन्मोत्सव पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी मंदिरों में बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया और हनुमान मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ कराया गया। जगह जगह प्रसाद बांटा गया। जहां लोगों ने प्रसाद चखा। शाम को सभी हनुमान मंदिरों में बाबा की आरती की गई। ऋषि आश्रम में बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। वहीं बाला जी मंदिर में श्रृंगार कर प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। राजधानी मार्ग स्थित अशोक वाटिका मंदिर में भव्य श्रृंगार व प्रसाद वितरण किया गया। पोनी रोड तिराहा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का पाठ के साथ बाबा की भव्य झांकी सजाई गई। सोनू सैनी, अर्जुन साहू, विशाल गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। वहीं राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में बाबा को चोला चढ़कर श्रृंगार किया गया। वहीं शाम को मंदिर के बाहर शर्बत वितरण किया गया। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के हनुमान मंदिरों में भव्य श्रृंगार कर बाबा को चोला चढ़ाया गया।



संकटमोचन हनुमान मंदिर में बाबा का हुआ श्रृंगार।

#### नमामि गंगे घाट पर हुआ सुंदरकांड पाठ

नित्य गंगा आरती सेवा समिति के तत्वावधान में शाम को हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ कराया गया। समिति के सदस्यों के अलावा गंगाभक्त और नगर के विभिन्न इलाकों से आये भक्तों ने संदरकांड चौपाई का श्रवण कर अपने को कृतार्थ किया। जहां शिल्पी राकेश दीक्षित, शिवराम राजपूत, राजू पंडा आदि रहे।

# पढ़ाया गया मतदाता जागरुकता का पाठ

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य रचना निगम की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम व तहसीलदार की मौजूदगी में छात्राओं व अभिभावकों को अधिक से अधिक मतदान करने को जागरूक किया गया। इसमें छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया और सेल्फी प्वाइंट बनाकर मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम जहां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एसडीएम नवीन चंद्र ने छात्राओं व अभिभावकों से कहा कि आप सभी मतदान के दिन अधिक से अधिक वोट करें और लोगों को भी जागरुक करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीएम नवीन चंद्र, तहसीलदार रामआश्रय प्रसाद, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल सुभाष चंद्र, एनसीसी प्रभारी कुलदीप पटेल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की शिक्षिका सिम्मी बानो, वंदना गुप्ता, श्वेता तिवारी, अंजू राठौर, अमृता सिंह, शिखा गुप्ता, गेसुलता गौड़, अशोक कुमार व शाहिद समेत सैकड़ों छात्राएं व अभिभावक मौजूद रहे।

### अव्वल आने वाली छात्राओं का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के अंत में राजकीय बालिका विद्यालय में सर्वोच्च अंक पाने वाली 10-10 मेधावी छात्राओं का सम्मान किया गया। जिसमें इंटरमीडिएट की मुस्कान कुशवाहा, काजल वर्मा, दीपांजलि सिंह, महिमा व शिखा यादव के अलावा हाईस्कूल की दीक्षा, एकता यादव, गौरी यादव, मांगी रावत, ऋषभ शुक्ला को प्रधानाचार्य रचना निगम, वंदना गुप्ता, श्वेता तिवारी व अंजू राठौर ने माला पहनाकर सम्मानित किया।




अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरूक करते अधिकारी। अमृत विचार



पूर्णमासी पर गंगा स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# हर- हर गंगे के उद्घोष के बीच लगाई पुण्य की डुबकी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मंगलवार को भी चैत्र पूर्णमासी होने पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की गंगा तटों पर भीड़ रही। जहां श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। साथ ही तट पर भगवान सत्यनारायण की कथा का भी श्रवण किया। वहीं दुकानों पर खरीददारी भी की।

चैत्र पूर्णमासी होने के कारण मंगलवार को भी सुबह से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया श्रद्धालुओं की भीड़ नगर के सभी घाटों पर देखी गई। कुछ श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर बैठे पंडों को दान दक्षिणा देने के अलावा सत्य नारायन की कथा का भी श्रवण किया। स्नान के बाद गंगा तट पर लगी दुकानों पर खरीददारी की। गंगा तट पर सुबह से लेकर दोपहर तक स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं स्नान करते रहे। वहीं आचार्यों ने बताया कि चैत्र पूर्णिमा के दिन हनुमान जी का जन्म हुआ था। इसलिए चैत्र पूर्णिमा का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान श्री हनुमान प्रभु श्री राम के सहयोग के लिए धरती पर जन्मे थे। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से भगवान हनुमान की कृपा प्राप्त होती है।

### चैतवर मेले की हुई शुरुआत, दूर-दूर से लोग पहुंचे

**नवाबगंज उन्नाव।** कस्बे के पैराणिक दुर्गा माता मंदिर के पास चैत्र मास की पूर्णमासी को लगने वाले चैतवर मेले का शुभारंभ मंगलवार को माता के जयकारों से हो गया। मेले की तैयारियों में लगी मेला कमेटी ने पूरे मेला परिसर को लाइटों, गुब्बारों व माता की झंडियों से सजाया है। वहीं शाम को निकली मां की ज्योति के दर्शनों के लिये हजारों भक्तों का तांता लगा रहा। इसके साथ ज्योति में भक्त नाजते-गाते चल रहे थे। बता दें कि कि हर वर्ष चैत्र मास की पूर्णमासी को नवाबगंज कस्बे के पछियांव मोहल्ला स्थित पौराणिक दुर्गा माता मंदिर में लगने वाले मेले का की शुरुआत मंगलवार भोरपहर लखनऊ, कानपुर व उन्नाव सहित अन्य जिलों से आने वाले हजारों मेलार्थियों द्वारा माता के जयकारों के साथ की गई।

# बसपा प्रत्याशी ने जुलूस निकाला, नामांकन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की चल रही नामांकन प्रक्रिया में मंगलवार को सपा व बसपा उम्मीदवारों के अलावा चार अन्य प्रत्याशियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) के सामने पहुंचकर अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने जहां कुछ लोगों के साथ पहुंचकर सादगी से नामांकन कराया। वहीं, बसपा के अशोक पांडेय रामलीला मैदान से जुलूस निकालकर कलक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन कराया।

बीते कई दिनों बाद मंगलवार को नामांकन को लेकर कलक्ट्रेट के आसपास खासी गहमा-गहमी रही। सपा प्रत्याशी ने अपने खास लोगों के साथ दोपहर बाद कलक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं बसपा प्रत्याशी अशोक पांडेय समर्थकों के साथ शहर के रामलीला मैदान पहुंचे। वहां से जुलूस की शक्ल में कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने पार्टी जिलाध्यक्ष रामबिलास गौतम के साथ कलक्ट्रेट भवन स्थित नामांकन कक्ष में डीईओ को नामांकन पत्र दिया। इसके अलावा निर्दलीय सैय्यद सरफराज गांधी व शिव प्रकाश सिंह ने भी अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी गोकुल ने कलक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन पत्र लिया।




जिला निर्वाचन अधिकारी के सामने नामांकन कराते अशोक पांडेय। जिला निर्वाचन अधिकारी के सामने नामांकन करातीं अन्नू टंडन।

### सपा प्रत्याशी का नामांकन जुलूस आज

सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन बुधवार को शक्ति प्रदर्शन करते हुए नामांकन कराएंगी। उनका जुलूस शहर स्थित वकीलों के रामलीला मैदान से सुबह नौ बजे कलक्ट्रेट के लिए निकलेगा। सपा प्रत्याशी ने नामांकन जुलूस में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी व मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव के पहुंचने का दावा किया है।

# बैनामा करने आए वृद्ध को दबंगों ने घेरा

**सफीपुर उन्नाव।** मंगलवार को जिला अलीगढ़ के फिरोज हॉस्पिटल मेडिकल कालेज रोड निवासी मो. अब्दुल बासे ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शेरपुर खुर्द में उसकी पैतृक जमीन है। जिसे बेचने वह मंगलवार को क़स्बे के उपनिबंधक कार्यालय पहुंचा था। जहां कुछ देर बाद शेरपुर खुर्द निवासी रईस बेग साथियों के साथ आ गए और बैनामे की रकम से उगाही का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर वे सभी मारपीट पर उतर आए। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# विनोद हत्याकांड: मुख्य आरोपी पर गैंगस्टर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- चार महीने बाद एसपी ने की कार्रवाई, 14 जनवरी को की थी हत्या

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा निवासी भाकियू किसान नेता की हिस्ट्रीशीटर ने दिनदहाड़े 14 जनवरी को पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद लोगों ने जमकर विरोध कर जाम लगाया था। इधर पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुका हैं। डीएम और एसपी के निर्देश पर गंगाघाट पुलिस ने चार माह बाद मुख्य आरोपित काले खां पर गैंगस्टर की कार्यवाही की है।

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 14 जनवरी को विनोद कश्यप ने अपने छोटे भाई दुर्गाशंकर, साले कल्लू को भंडारे और श्रंगार के लिये क्षेत्र में चंदा एकत्र करने के लिये कहा था। मिश्रित आबादी में धार्मिक नारे लगाने पर हिस्ट्रीशीटर ने किसान नेता की हत्या कर दी थी। पुलिस ने शमशेर उर्फ काले खां, छोटू खां, सुहेल और जमशेद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस मुख्य आरोपित समेत सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इधर पुलिस ने मुख्य आरोपी पर नकेल कसने के लिये उसकी हिस्ट्री खंगाली। जिस पर डीएम और एसपी के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही की गई है। मुख्य आरोपी पर कार्यवाही होने पर मृतक की पत्नी प्रीती ने हत्यारोपियों को कठोर सजा देने की बात कही है।

### बोले एसपी

एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने बताया कि किसान नेता की हत्या में मुख्य आरोपी शमशेर उर्फ काले खां पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। गैंगस्टर होने के बाद पुलिस उस पर गैंगस्टर के तहत होने वाली कार्रवाई करेगी। इसके लिये पुलिस को निर्देशित किया गया है।

सियासत | बांगरमऊ में परिवहन राज्यमंत्री ने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में की जनसभा

# देश से विपक्ष का सूपड़ा हो चुका साफ :दया शंकर

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के उन्नाव मार्ग स्थित भाजपा क्षेत्रीय चुनाव कार्यालय में आयोजित पार्टी बूथ अध्यक्ष व वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि अब देश व प्रदेश में विपक्ष का सूपड़ा साफ हो चुका है। दावा किया कि इस लोकसभा चुनाव में पार्टी 400 पार सीटें ला रही है।

परिवहन राज्यमंत्री ने कहा कि बूथ अध्यक्ष ही पार्टी की रीढ़ है और यही चुनाव में पार्टी का परचम लहराएंगे। जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने कहा कि सभी जुझारू कार्यकर्त्ता अपनी मेहनत के दम पर पार्टी प्रत्याशी को 5 लाख से भी अधिक मतों से जिताकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजने का काम करेंगे। पार्टी प्रत्याशी व सांसद साक्षी महाराज ने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर हर मतदाता से भेंट करने व पार्टी के पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करने की अपील की। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने राज्य मंत्री व सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। संचालन युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष व विधानसभा संयोजक बालाराव गुप्ता व समापन भाषण जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने दिया। इस दौरान एमएलसी रामचंद्र प्रधान, लोकसभा संयोजक भगवती रावत, पुनीत गुप्ता, लोकसभा सहसंयोजक अरुण सिंह, जिला महामंत्री विपिन मिश्रा, विधानसभा प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा, गंजमुरादाबाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक पटेल, बांगरमऊ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन लाल दिवाकर, फतेहपुर चौरासी ब्लॉक प्रमुख मनोज निषाद, जिला उपाध्यक्ष महेश दीक्षित, बांगरमऊ चैयरमेन रामजी गुप्ता व फतेहपुर चौरासी चेयरमैन मिथलेश जायसवाल, अरविंद सिंह, गोविंद कुशवाहा, जगजीत राजपूत, संदीप सिंह, अजय द्विवेदी, मुकेश पाल, कपिल निगम, सौरभ बाजपेई, सौरभ गुप्ता, राजकुमार विश्वकर्मा, सूरज गुप्ता, मोनू सिंह, संदीप बाजपेई, अतुल मिश्रा, ज्ञानेश द्विवेदी, आदर्श शुक्ला, विवेक राजपूत, राहुल पाल व गीता विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।



मंच से कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते परिवहन राज्यमंत्री। अमृत विचार

# महिला की हत्या कर शव फेंकने की चर्चा, जांच

फालोअप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव ठाकुर खेड़ा में नाले में पड़े मिले महिला के शव की शिनाख्त दूसरे दिन भी नहीं हो पाई। पुलिस ने पड़ोसी जिलों के थानों में संपर्क करने के साथ सोशल मीडिया का सहयोग लिया है।

बता दें कि घाटमपुर कला गांव के मजरा ठाकुर खेड़ा के बाहर सोमवार सुबह मवेशी चराने गए ग्रामीणों ने तेज दुर्गंध आने पर बच्चन बाजपेई व विनय दीक्षित की बाग के बीच स्थित सूखे नाले के पास एक महिला का शव पड़ा देखा था। सीओ माया राय, एसओ व फील्ड यूनिट ने भी जांच की थी। महिला के कपड़े अस्त-व्यस्त थे और चेहरा काला होने से केमिकल डालकर शव की पहचान मिटाने के प्रयास किए जाने की आशंका जताई गई थी। वह नीले रंग का चेकदार फुल आस्तीन का ब्लाउज व लाल रंग की प्रिंटेड साड़ी पहने हुए थी। फील्ड यूनिट की टीम को उसके शरीर पर पेट्रोल डालने जैसे साक्ष्य मिले थे। पुलिस ने शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन, सफलता नहीं मिली। इससे उसकी कहीं और हत्या कर शव फेंके जाने की चर्चा रही। पुलिस भी यही मान रही थी। मंगलवार को भी पुलिस ने शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन, सफलता नहीं मिली। एसओ राजपाल ने बताया कि पड़ोसी जिलों के सीमावर्ती थानों में भी संपर्क किया है। साथ ही शोसल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### छत के रास्ते से घर में घुसे चोर, उड़ाया चार लाख का माल

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के विष्णुपुरी मोहल्ले में एक शादी वाले घर में अज्ञात चोर छत के रास्ते से घर में घुस गये। जहां चोरों ने कमरे में रखा बक्सा छत पर उठा ले गये। ताला तोड़कर नकदी, जेवर, मोबाइल समेत लाखों का माल पार कर दिया। सुबह नींद खुलने पर चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने चोरी की जानकारी पुलिस को दी है। विष्णुपुरी निवासी उरवेन्द्र महतो की मरहला चौराहे पर पूड़ी सब्जी की दुकान है। बताया कि उसके घर में भतीजी का शादी है। जिस पर घर के सदस्य शादी की खरीदारी कर जेवर, कपड़ों, नकदी के अलावा अन्य सामान घर पर रखा है। उन्होंने बताया कि सोमवार रात अज्ञात चोर छत के रास्ते से घर के अंदर दाखिल हुये। कमरे में रखा बक्से में रखे डेढ़ लाख की नकदी, नये कपड़े, सोने के बाले, चेन, पायल, अंगूठी, लॉकेट, इलेक्ट्रानिक उपकरण, दो मोबाइल समेत चार लाख का माल पार कर दिया। सुबह नींद खुलने पर घर का बिखरा सामान देख उनके होश उड़ गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने पास में रहने वाले मजदूरों पर घटना को अंजाम देने का शक जताया है।

### चलती वैन में लगी आग, परिवार ने कूदकर बचाई जान

**हसनगंज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहान-पुछड़ा चौराहे से न्योतनी जा रही वैन में अचानक आग लग गई। चलती वैन देखते ही देखते आग का गोला बन गई। आग लगी देख चालक रहमत अली निवासी रहीमाबाद लखनऊ व वैन में बैठी एक महिला व तीन बच्चों ने वैन से कूदकर जान बचाई। लोगों की सूचना पर पहुंची अग्निशमन टीम ने आग पर काबू पाया। चालक ने बताया कि वह परिवार के साथ मदनापुर गांव रिश्तेदारी में जा रहा था। तभी अचानक वैन में पीछे की ओर लपटें उठती दिखाई दीं। लपटें देख वह सड़क किनारे वैन रोककर परिवार सहित कूद गया।

### भागवत कथा में रुक्मिणी विवाह की झांकी देख झूमे श्रद्धालु

**शुक्लागंज उन्नाव।** देवारा कलां स्थित वीरभद्रेश्वर मंदिर में चल रही भागवत कथा के दौरान मंगलवार को कथा व्यास ने रुक्मिणी विवाह का सजीव वर्णन किया। इसके साथ ही विवाह की मनोरम झांकी भी प्रस्तुत की गई। मंगलवार को पं. अभिषेक कृष्ण शास्त्री महराज ने कहा कि रुक्मिणी विवाह हमें शिक्षा देती है, कि विश्वास तथा प्रार्थना आत्मा के पोषक तत्व हैं। रुक्मिणी का भगवान की सामर्थ पर विश्वास था। वह जानती थी कि भगवान करुणा निधि है। वह उनकी प्रार्थना अवश्य सुनेंगे। भगवान कृष्ण रुक्मिणी के पत्र को पाकर रुक्मणी जी का हरण करके उनके साथ विधि-विधान से विवाह करते हैं। इस दौरान रूक्मणी विवाह की झांकी प्रस्तुत की गई। जिसे देख वहां मौजूद श्रोता झूमने लगे। इस मौके पर विजय लक्ष्मी, सुरेश चंद्र मिश्रा, उदयशंकर, कृष्ण औतार, राजू, महेश, रमेश, पप्पू, अवधेश, चंदन मिश्रा, गणेश, शाश्वत, श्रियांश मौजूद रहे।

### महिला ने कलेक्ट्रेट गेट पर काटा हंगामा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कटरी पीपर खेड़ा निवासी एक महिला मंगलवार को कलेक्ट्रेट गेट पर पहुंची, जहां महिला ने हंगामा काटते हुये कहा कि भूमाफियाओं ने उसकी जमीन कब्जा कर ली है। आरोप लगाया के सर्वे विभाग के लेखपाल की मिलीभगत से उसे 12 सालों से न्याय नहीं मिल पा रहा है। नामांकन के दौरान हाई वोल्टेज ड्रामा देख अधिकारी उसे मनाने में लगे रहे। मंगलवार को उन्नाव कलक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया चल रही थी, तभी एक महिला अपने बच्चों लेकर अधिकारियों से मिलने के लिये अंदर जाने लगी। जिस पर गेट पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने उसे रोक लिया और अंदर नहीं जाने दिया। गुस्साई महिला ने गेट पर हंगामा काटना शुरू कर दिया। उसने बताया कि कटरी पीपर खेड़ा में उसके ससुर की जमीन है। जिस पर सर्वे विभाग से मिलीभगत कर भूमाफियाओं ने कब्जा कर रखी है। बारह साल से जमीन पाने के लिये डीएम, एसपी और सीएम की चौखट तक गुहार लगा चुकी है लेकिन किसी ने उसकी नहीं सुनी। भूमाफिया वर्तमान समय में जेल में बंद है। इसके बावजूद उसके गुर्गे लेखपालों से नाप जोख नहीं करने दे रहे हैं। जिस पर उसने पुलिस के सामने परिवार के साथ आत्महत्या करने की धमकी तक दे डाली। जिस पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और महिला को समझाने बुझाने का प्रयास किया। काफी देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। जिसके बाद अधिकारियों के आश्वासन पर माहिला शांत हुई।



कलेक्ट्रेट गेट पर हंगामा काटती महिला।

### राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में आरोही ने जीता कांस्य

**नवाबगंज उन्नाव।** लखनऊ के चौक स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में कराटे एसो. ऑफ उन्नाव के खिलाड़ियों ने कई मेडल झटके। उन्नाव के कराटे प्रशिक्षक अंकित कुमार के अनुसार प्रतियोगिता में प्रदेश की 476 खिलाड़ियों में आरोही सिंह ने बालिका कैडेट वर्ग में कांस्य पदक जीता। कराटे एसो. ऑफ उन्नाव की ब्रांच रामनाथ सिंह चौहान कराटे इंस्टीट्यूट जनसार ब्लाक नवाबगंज में है। जहां कराटे की ट्रेनिंग नि:शुल्क दी जाती है। आरोपी भी वहां पर कैप्टन प्रफुल्ल सिंह द्वारा ट्रेनिग लेती है। आरोही ने मेडल जीत कर अपने गांव, जिला, माता-पिता व गुरु का नाम रोशन किया है। ब्लाक प्रमुख नवाबगंज प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने अपने कार्यालय में आरोही का स्वागत किया व अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं कराटे एसो. ऑफ उन्नाव के जनरल सेक्रेटरी अंकित कुमार व प्रेसिडेंट रवि चौरसिया ने बताया कि बच्चों को आगे बढ़ाने व अच्छी खिलाड़ी बनने के लिये मई के अंत में जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिससें विजेताओं को आगे के लिए सेलेक्ट किया जाएगा।



कांस्य पदक के साथ आरोही

# सोशल मीडिया बना चुनावी अस्त्र, प्रिंटिंग प्रेस पर सन्नाटा

हरदोई

**अमृत विचार।** घर-घर कुंडी बजाना, लोगों के हांथ जोड़ना और छोटी-छोटी जनसभाएं करने तक ही आज का प्रचार सीमित नहीं है। अब सोशल मीडिया चुनावी अस्त्र बना हुआ है। जिसकी चमक से नेताजी भी नहीं बचे हैं। फोटो का शौक तो पुराना है, अब वह रील में भी नजर आ रहे हैं। जमकर लाइक और कमेंट भी मिल रहे हैं। सोशल मीडिया पर रात दिन चुनावी प्रचार चल रहा है। बदले चुनाव प्रचार के चलते प्रिंटिंग प्रेस, पेंटर व साउंड वाले अब बेकार हो गए हैं। चुनाव प्रचार में जहां पहले इनकी मुख्य भूमिका रहती थी, वहीं अब इनको कोई पूछता भी नहीं है।

पहले मतदाता ही नहीं, प्रत्याशी भी प्रत्यक्ष रूप से मिलने पर ही मतदान याचना को सार्थक मानते थे। यदि कोई प्रत्याशी सीधे मतदाताओं से न मिले तो मतदान उसके पक्ष में होने की संभावनाएं कम हो जाती थीं। इन हालातों को देखते हुए प्रत्याशी भी हर मतदाता तक पहुंच बनाने की भरसक कोशिश करते थे, लेकिन समय के साथ चुनाव प्रचार और लोगों की सोच में भी बदलाव आ रहा है अब सोशल मीडिया पर भी प्रचार असरदार माना जा रहा है। यही वजह है कि हर प्रत्याशी के सोशल मीडिया अकाउंट अब अधिक सक्रिय नजर आने लगे हैं।

चुनाव लड़ रहे राजनीतिक दलों के भाजपा और सपा प्रत्याशियों ने भी सभी प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने अकाउंट बना रखे हैं। इसमें प्रतिदिन की चुनावी नुक्कड़ सभा, जनसंपर्क आदि के फोटो तो डाले ही जा रहे हैं। साथ ही रील भी लगातार बनाकर अपलोड की जा रही हैं। भाजपा और के सपा प्रत्याशियों के इंस्टाग्राम पर दनादन रील अपलोड की जा रहीं हैं। नामांकन की रील सिर्फ भाजपा के प्रत्याशी ने ही प्रमुखता से अपलोड की हैं। बाकी सपा बसपा प्रत्याशी का अभी नामांकन नहीं हुआ है।



हरदोई में स्थित प्रिंटिंग प्रेस पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**ऑनलाइन ही दे रहे अपडेट**

केवल फोटो-वीडियो ही नहीं सोशल मीडिया प्लेटफार्म को सूचनाओं के प्रसारण के लिए भी इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रत्याशियों के चुनावी कार्यक्रम, जनसंपर्क, सभाओं आदि की सूचना पहले से उनके अकाउंट पर शेयर की जाती है। जिससे लोगों को जानकारी मिले और भीड़ जुट सके।

### खत्म हो गया प्रेस, पेंटर व साउंड वालों का काम

पहले समय में चुनाव शुरू होते ही प्रिंटिंग प्रेस में काम बढ़ जाता था। सभी प्रत्याशी तरह-तरह के रंग बिरंगे पोस्टर-पर्चे व बिल्ले छपवाते थे। चुनाव के समय यह स्थिति रहती थी कि प्रिंटिंग प्रेस वालों के पास अन्य काम करने का समय नहीं रहता था। छपी हुई चुनाव प्रचार सामग्री घर-घर पहुंच जाती थी। जनसंपर्क में पर्चों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती थी। चुनाव शुरू होते ही दीवारें प्रत्याशियों के पोस्टरों से पट जाती थीं। दीवारों पर बड़ी-बड़ी पेंटिंग उम्मीदवार कराकर अपना प्रचार करते थे। बड़े-बड़े बैनर गांव से लेकर शहर तक चौराहों व गलियों में लगे रहते थे। बैनर बनाने वाले पेंटरों के हाथ चुनाव के दौरान खाली नहीं रहते थे। जगह-जगह लाउडस्पीकर लगाकर देर रात तक प्रचार चला करता था। चुनाव के दौरान डीसीएम पर कई बड़े माइक लगाकर ढोलक हारमोनियम सहित कीर्तन पार्टी प्रत्याशियों का प्रचार करती रहती थी। राजनैतिक दल इन लोक कलाकारों द्वारा अपनी योजनाएं जनता तक पहुंचाते थे, लेकिन चुनाव आयोग के बदले नियमों व सख्ती के चलते यह सब चुनाव प्रचार के तरीके गायब हो गए हैं। इन दिनों सोशल मीडिया का प्रचार का सबसे सशक्त माध्यम बन गया है। पार्टियों ने भी प्रचार के लिए आईटी सेल बना रखे हैं। आईटी से जुड़े कार्यकर्ता दिन-रात पार्टी की योजनाओं व नीतियों को अलग-अलग तरीके से प्रस्तुत किया करते हैं।

## एक नजर

### भाई और भाभी ने की लात-घूसों से पिटाई, दी गई तहरीर

**हरदोई।** खेत के झगड़े के चलते भाई को उसके भाई और भाभी ने लाठी-डंडे और लात-घूसों से बुरी तरह पीट दिया। जिसकी तहरीर पुलिस को दी गई है। महमूदपुर सरैंया निवासी मोहम्मद नबी पुत्र सज्जाद हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि मंगलवार की सुबह उसके भाई गुलाम अब्बास और भाभी शबाना खातून ने खेत को ले कर चले आ रहे झगड़े के चलते लाठी-डंडे और लात-घूंसों से उसकी बुरी तरह से पिटाई कर दी, जिससे उसे काफी चोटें पहुंची। तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट कर किया घायल

**बिलग्राम, हरदोई।** थाना क्षेत्र के गांव में विपक्षियों ने पुरानी रंजिश मानते हुए एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पीट दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। राम अवतार 55 वर्ष पुत्र सती राम ने पुलिस को बताया कि गांव के ही कुछ व्यग्तियों ने घेराबंदी कर उसे लाठी डंडों से उसके साथ मारपीट की जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घायल अवस्था में कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत की है। प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि घायल का चिकित्सीय परीक्षण कराकर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है जांच कर आरोपियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक ने किसी घरेलू बात से नाराज़ हो कर ज़हर खा लिया,जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने भाई की तहरीर पर आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है। पिहानी कोतवाली के बिलालपुर निवासी राम लड़ैते पुत्र सोबरन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि सोमवार की शाम उसके भाई रामकुमार ने ज़हर खा लिया। हालत बिगड़ने पर जब तक उसे इलाज के लिए कहीं ले जाया जाता,उससे पहले ही रामकुमार की मौत हो गई। कहा जा रहा है कि रामकुमार ने किसी घरेलू बात की नाराज़गी के चलते इस तरह का कदम उठाया। पुलिस सारे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में नई तहसील के पास हुई सड़क दुर्घटना की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। थाना कछौना निवासी विवेक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 अप्रैल को छोटा भाई छोटेलाल लखनऊ से बाइक द्वारा बालामऊ आ रहा था तभी संडीला स्थित नई तहसील के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज जिला अस्पताल हरदोई में चल रहा है।

### लापता बालक को दिल्ली से किया बरामद

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बाबा हजारा बाग मे खेल रहे बालक शुक्रवार को लापता हो गया। जिसमें लापता रितेश के पिता राजू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था। जिसमे उन्होंने बताया था कि शुक्रवार की सुबह उसका बेटा रितेश कुमार 9 वर्ष अपने साथी कृष्णा पटेल 12 वर्ष के साथ खेलने हजारा बाग की ओर गया था, लेकिन दोनों बच्चों को खोजा गया तो कोई पता नहीं चल पाया।

परिजनों की तहरीर पर जिसमें पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी और खोजबीन के लिए टीम गठित की गई थी टीम में कोतवाल बिजेंद्र सिंह,बस अड्डा चौकी इंचार्ज वीर प्रताप सिंह, अंजनी कुमार पाण्डेय, विजय कुमार, नीतू यादव को खोजबीन के लिए लगाया गया था। चौकी इंचार्ज वीर प्रताप ने बताया कि सोमवार की शाम को दिल्ली से सकुशल बरामद किया गया।

# पांचवें दिन चार प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

## लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हरदोई में तीन व मिश्रिख में एक दावेदार ने दाखिल कराया पर्चा

हरदोई

**अमृत विचार।** लोकसभा निर्वाचन में हरदोई में तीन तथा मिश्रिख में एक नामांकन दाखिल किया गया। रिटर्निंग आफिसर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 31-हरदोई (अजा) एवं रिटर्निंग आफिसर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 32-मिश्रिख (अजा) द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन की नामांकन प्रक्रिया का पंचम दिवस सम्पन्न हुआ।

मंगलवार पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे तक नामांकन प्रक्रिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 31-हरदोई (अजा) न्यायालय कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट, हरदोई एवं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 32-मिश्रिख (अजा) न्यायालय अपर कलेक्टर/अपर जिला मजिस्ट्रेट में सम्पन्न हुई। जिसमें लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 31-हरदोई में जयप्रकाश भारतीय जनता पार्टी, प्रफुल्ल कुमार वर्मा निर्दलीय व प्रदीप कुमार भारतीय कृषक दल कुल तीन नामांकन दाखिल किये गये। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 32 मिश्रिख में ललित कुमार भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने नामांकन दाखिल किया। मंगलवार को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 31-हरदोई (अजा) में सुनील कुमार ने नामांकन कक्ष से एक सेट नामांकन पत्र प्राप्त किया गया। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 32 मिश्रिख (अजा) में रामशंकर भार्गव व भरत लाल ने नामांकन कक्ष से नामांकन पत्र प्राप्त किया। पंचम दिवस का नामांकन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ।


जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के समक्ष नामांकन दाखिल करते प्रत्याशी। अमृत विचार

**जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक**

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने चुनाव कार्यालय के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सूचनाएं राजनीतिक दलों को सभी सूचनाएं ससमय उपलब्ध करायी जाएं। उन्होंने राजनीतिक दलों को चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए की गयी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आचार संहिता का पूरी तरह से पालन किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



**बुग्गी पर नामांकन कराने आए कृषक दल के प्रत्याशी प्रदीप कुमार**

**हरदोई।** हरदोई लोकसभा क्षेत्र से भारतीय कृषक दल के प्रत्याशी प्रदीप कुमार बुग्गी (घोड़ागाड़ी) पर नामांकन कराने पहुंचे। बुग्गी पर प्रत्याशी का नामांकन के लिए पहुंचना चर्चा का विषय बना रहा। प्रदीप ने बताया कि उसके पास इतने पैसे नहीं थे कि वह किराए पर कोई वाहन कर पाता, इसलिए वह घोड़ागाड़ी से नामांकन कराने आया। कहा कि वह किसान है। जनता ने उनको मौका दिया तो वह किसानों की समस्याएं वरीयता से हल कराएंगे। जनता को बिजली, पानी व सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं दिलाने का वह पूरा प्रयास करेंगे।

## बसपा और सपा के प्रत्याशी आज करेंगे नामांकन

**हरदोई, अमृत विचार।** हरदोई व मिश्रिख लोकसभा से सपा व बसपा के प्रत्याशी बुधवार को अपना नामांकन कराएंगे। हरदोई लोकसभा से बसपा प्रत्याशी भीम राव अम्बेडकर और मिश्रिख लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी बीआर अहिरवार बुधवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। पार्टी के ज़िलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह कुशवाहा ने बताया है कि दोनों प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान लखनऊ मण्डल प्रभारी व पूर्व एमएलसी नौशाद अली व पूर्व काबीना मंत्री अब्दुल मन्नान मौजूद रहेंगे।

सपा से हरदोई लोकसभा क्षेत्र से ऊषा वर्मा अपना नामांकन कराएंगी। मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र से सपा ने एक बार फिर प्रत्याशी बदला है। बदले हुए प्रत्याशी का नाम अभी घोषित नहीं हुआ है। बुधवार को वह भी नामांकन कराएंगे। नामांकन के दौरान जिला प्रभारी विकास यादव व पूर्व एमएलसी राजपाल कश्यप मौजूद रहेंगे।

### निर्वाचन सामग्री पैकिंग का किया निरीक्षण बैगों को व्यवस्थित ढंग से रखने का निर्देश

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मंगलवार को चकबंदी प्रशिक्षण संस्थान में चल रही निर्वाचन सामग्री पैकिंग को देखा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बैग में पीठासीन अधिकारी वाले लिफाफों को रखा जाये। बैगों में एक चेक लिस्ट भी रखी जाये। बैगों को कक्ष में व्यवस्थित ढंग से रखा जाये। मतदान पार्टी के प्रस्थान से पूर्व सामग्री के वितरण की योजना बना ली जाये। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 13 को पहले वोट डालें, बाद में करें अन्य कार्य

हरदोई

**चुनाव पाठशाला**

**अमृत विचार।** विकास खण्ड बावन के ग्राम पंचायत मुजाहिदपुर के प्राथमिक पाठशाला मुजाहिदपुर के बूथ संख्या 72, व 73 पर पर चुनाव पाठशाला का आयोजन डा. राम प्रकाश खण्ड विकास अधिकारी बावन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

चुनाव पाठशाला में उपस्थित मतदाताओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु सपरिवार प्रातः वोट डालने का अनुरोध किया गया, ग्राम वासियों ने आश्वस्त किया कि 13 मई को मतदान दिवस के दिन सर्वप्रथम समस्त मतदाता अपने परिवार के साथ वोट डालने का कार्य करेंगे, उसके बाद अन्य कार्यों को निपटाएं। ग्राम वासियों द्वारा बूथ पर शत-प्रतिशत मतदान किये जाने का आश्वासन भी दिया गया। उपस्थिति अध्यापकों/बीएलओ द्वारा शत-प्रतिशत मतदान कराये जाने का आश्वासन दिया गया। इन्चार्ज प्रधानाध्यापक स्नेह सिंह द्वारा भी मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान किये जाने की अपील की गयी। चुनाव पाठशाला के बाद ग्राम पंचायत में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी।

ग्राम पंचायत पकरी के बूथ संख्या 211 प्राथमिक पाठशाला रामपुर लालजी में मतदाता शपथ दिलायी गयी। शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया गया। बघौरी, गढिया झब्बू, सकरा, खलीफापर मत्ती, भीखपुर, दरवेशपरु, चन्द्रा देवी शिक्षण निकेतन हायर सेकेंड्री नयागांव हबीबपुर, बजेहरा, मिरगावां, में मतदाता जागरूकता शपथ तथा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राम प्रकाश, खण्ड विकास अधिकारी बावन, आनन्द सिंह, अनिल कुमार चौरसिया, सचिव, स्नेह सिंह इन्चार्ज प्रधानाध्यापक के साथ अन्य शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं ग्राम वासी उपस्थित थे।

# गश्त के समय चौकी इंचार्ज पर फॉयर करने वाले गिरफ्तार

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** बेझा चौराहे पर चेकिंग के दौरान अराजक तत्वों ने जामा मस्जिद चौकी इंचार्ज पर फायर कर दिया, जिससे वह बाल बाल बच गए।

शाहाबाद कोतवाली के जामा मस्जिद चौकी इंचार्ज अंगद सिंह रात्रि तकरीबन 10:45 पर हमराही सिपाही राहुल और आकाश के साथ गश्त कर रहे थे। उसी समय संदिग्ध अवस्था में तीन युवक बाइक से आए जिन्हें चौकी इंचार्ज अंगद सिंह ने रोंका तो उनमें से एक युवक रामू ने चौकी इंचार्ज पर सीधे फायर कर दिया। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक की घटना स्थल पर पहुंचे और आरोपी युवक सहित तीन बाइक सवारों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने अपना नाम रामू, मनीराम एवं सज्जन निवासी ग्राम पलथुआ थाना बेहटा गोकुल बताया।

# एसपी ऑफिस के सामने आत्मदाह करने पहुंचा युवक

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने घर में घुस कर खुल्लमखुल्ला गुंडई करते हुए मारपीट, तोड़फोड़ और लूटपाट जैसे हरकतें करने वालों पर लगाम नहीं लगाई,जिससे वे आए दिन वहीं हरकतें करने लगे। इससे परेशान युवक ने मंगलवार को एसपी ऑफिस के सामने पहुंचकर आत्मदाह करने के इरादे से अपने ऊपर डीज़ल डाल लिया,उसके कुछ करने से पहले ही वहां मौजूद पुलिस के जवानों ने उसे दबोच लिया।

मंगलवार को कोतवाली शहर के मोहल्ला आज़ाद नगर निवासी हिमांशु पाल नाम का युवक एसपी ऑफिस के सामने पहुंचा और वहीं पर अपने ऊपर डीज़ल डाल लिया,माचिस जलाता उससे पहले ही वहां मौजूद पुलिस जवानों ने उसे दबोच लिया। युवक का आरोप है कि उसी के मोहल्ले के प्रियांशु सिंह चौहान उर्फ टाइगर और सचिन गुप्ता अपने साथियों के साथ उसके घर में घुस कर मारपीट और तोड़फोड़ करते हुए उसकी अलमारी से नगदी तक लूट ले गए। उसकी शिकायत पुलिस से की गई। कोई सुनवाई नहीं हुई,उसके बाद आरोपियों ने फिर वही किया,लेकिन पुलिस पूरी तरह से साइलेंट मोड में रही,जिससे आरोपियों के हौसले और बढ़ गए,फिर उनकी रोज़ की वही हरकतें हो गई। एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि युवक की तहरीर एसआई प्रमोद पाल से जांच कराई गई, तो कोई आरोप साबित नहीं हुआ, हालांकि फिर भी आरोपी प्रियांशु सिंह के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई की जा चुकी है।

### कार पलटने से तीन लोग घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** शाहाबाद-पिहानी मार्ग पर ग्राम लोनी के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार सड़क पर पलट गई, जिससे कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी कर सवारों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से दो घायलों को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घायलों में शाहजहांपुर जनपद निवासी सत्यम (26) उसका साथी भुवनेश (30) और रजत (35) हैं। सभी कार पिहानी की ओर जा रहे थे।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत, नहीं हो सकी शिनाख्त

**हरदोई, अमृत विचार।** बेहटा मुर्तजा बक्श रेलवे क्रासिंग के पास ट्रैक के किनारे ट्रेन से कटे हुए एक अधेड़ का शव पड़ा हुआ देखा गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची जीआरपी ने शव को अपने कब्ज़े में लिया। मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे दौलतपुर मजरा बेहटा मुर्तजा बक्श रेलवे क्रासिंग के पास एक अधेड़ का शव पड़ा हुआ है। उसके कमर के नीचे का हिस्सा फटा हुआ था,जिससे माना जा रहा है कि किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई। जैसा कि माना जा रहा है कि नीले रंग की धारीदार शर्ट पहने हुए अधेड़ किसी ट्रेन से सफर कर रहा था और उसी बीच उसकी रास्ते में गिर कर उसकी चपेट में आने से मौत हुई। शव की शिनाख्त के लिए जीआरपी की कोशिशें जारी है,लेकिन खबर लिखे जाने तक शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

### खेत जा रहे युवक पर दिनदहाड़े की गई फायरिंग

**हरदोई, अमृत विचार।** खेत पर थ्रेसिंग कराने जा रहे दलित युवक के ऊपर एका-एक फायरिंग कर दी गई। उसने किसी तरह से अपनी जान बचाई। शोर सुन कर कुछ लोगों के वहां पहुंचते ही हमलावर जानमाल की धमकी देते हुए भाग निकले। मंगलवार को बघौली थाने के अछरामऊ निवासी मान सिंह पुत्र मोती लाल खेत पर थ्रेसिंग कराने जा रहा था,उसी बीच रास्ते में गांव के कुछ दबंग किस्म के लोग सर्वेश के बाग़ में पहले से छिपे हुए थे। मान सिंह जैसे ही उधर से निकला,उसी बीच वहां छिपे बैठे लोगों ने उस पर फायरिंग कर दी। मान सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसने किसी तरह अपनी जान बचाई,उसके चिल्लाने का शोर सुन कर वहां कुछ लोग पहुंचे, उसी बीच हमलावर उसे जानमाल की धमकी देते हुए भाग निकले।

### हादसे में घायल बच्चे की इलाज के दौरान मौत

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** घर के बाहर खेल रहे बच्चे को वहां से तेज़ रफ्तार में निकली पिकअप ने टक्कर मार दी,जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। सीएचसी से उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया,वहां से उसे घर वाले गांव उठा लाए,जहां मंगलवार की सुबह पांचवें दिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है। 19 अप्रैल की सुबह पिहानी कोतवाली के मंसूर नगर निवासी छोटा का 3 वर्षीय पुत्र विराट घर के बाहर खेल रहा था,उसी बीच उधर से तेज़ रफ्तार में निकले पिकअप ने उसे टक्कर मार दी,जिससे विराट बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया।आनन-फानन में उसे सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से लखनऊ ट्रामा सेंटर ले जाया गया। सोमवार को घर वाले उसे गांव उठा लाए, जहां मंगलवार की भोर पहर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने छोटा की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है।

### पुलिस जालसाज को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**हरदोई, अमृत विचार।** सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा करने और दबे लोगों को और दबाते हुए उन पर रौब गालिब करने वाले जालसाज़ भू-माफिया पर आखिर पुलिस की निगाहे टेढ़ी हो ही गई। जिसके चलते उसे मंगलवार को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। पिहानी कस्बे के रामलीला रोड निवासी सईक पुत्र ज़हीर के ऊपर सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा करने के अलावा और भी तमाम तरह के आरोप सिर्फ लगाए नहीं गए बल्कि उसके खिलाफ धारा 420/419 का केस भी दर्ज किया गया था। इसके बाद भी उसकी ऐंठन कम नहीं हुई। मामला रविवार की रात का है,बैंड-बाजे के अलावा शादी में बग्घी हांकने में मज़दूरी करने वाले बेहटा गोकुल के शाकिर पुत्र ज़ाकिर,शंभू पुत्र साधू और हाफिज़ पुत्र हनीफ मंसूर नगर आए हुए थे। उसी बीच भू-माफिया सईक वहां अपने साथियों के साथ पहुंचा और उन मज़दूरों को बग्घी के साथ जबरन अपने रामलीला रोड वाले मकान पर ले जा कर उन्हे वहीं बंधक बना लिया। अगले दिन सोमवार को ऐसा कहते हुए छोड़ा कि पहले 30 हज़ार रुपये दो,फिर बग्घी मिलेगी। उसके बाद तीनों मज़दूर कोतवाली पहुंचे और वहां एसएचओ धर्मदास सिद्धार्थ को तहरीर दी। एसएचओ ने तुरंत कस्बा इंचार्ज को भेज कर सईक को तलब किया,उधर उसके घर से दूल्हे वाली बग्घी बरामद कर ली गई। तहरीर पर सईक के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। एसएचओ श्री सिद्धार्थ का कहना है कि कोई भी हो,ऐसी गुंडई करने वालों को ज़रा भी छूट नहीं दी जाएगी।

# धूमधाम से मनाया श्री हनुमान का जन्मोत्सव

हरदोई

**अमृत विचार।** हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन जिले के तमाम मंदिरों में किया गया। गांव से लेकर शहर तक जन्मोत्सव की धूम रही। लोगों ने जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया। पूरे दिन बजरंग बली के जयकारे से माहौल गुंजायमान रहा।

श्री राम जानकी मंदिर नवीन गल्ला मंडी में श्री हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। चैत्र मास शुक्ल पक्ष तिथि पूर्णिमा के दिन श्री हनुमान जी महाराज का जन्म हुआ था, उसी उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष सभी भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव मानते हैं।

भक्तों ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ व हनुमान चालीसा का पाठ बड़े भक्ति भाव से किया। हनुमान जी महाराज का पूजन व महा अभिषेक राकेश अग्रवाल ने दूध, दही, घी, मधु और चीनी तथा पंचामृत से महाअभिषेक व स्नान कराया। पूजन वैदिक मंत्र द्वारा षोडशोपचार विधि से पुजारी मैथिली शरण शास्त्री ने संपन्न कराया। हनुमान जी का अद्भुत श्रृंगार हुआ। छप्पन भोग लगाकर नैवेद्य अर्पण किया गया। जन्म की महा आरती हुई। इसके बाद प्रार्थना स्तुति भजन एवं बधाई गाये गए। जियो जियो महारानी अंजनी तेरो लाल। राम रंगीले परम हठीले महासंभु प्रगट्यो तेरो बाल। उसके बाद में जियो सुत तेरो केसरी रानी। पुत्र सपूत दूत सियावर को राम रसिक रस सानी आदि भजनों के द्वारा श्री हनुमान जी महाराज का जन्म उत्सव मनाया गया। प्रसाद वितरण किया गया। पुजारी जी ने सभी भक्तों को जन्म दिवस की बधाई दी। सहयोग में पंडित विनीत पांडे एवं पंडित श्याम सुंदर शुक्ला रहे। इस अवसर पर निखिल अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, संजय गुप्ता, विधायिका निरमा देवी, अभिजीत, प्रकाश, उदय अग्रवाल, कैलाश गुप्ता, आदित्य गुप्ता, गिरजा शंकर गुप्ता ,सत्येंद्र गुप्ता, राकेश शुक्ला आदि अनेक भक्त उपस्थित रहे। खेतुई स्थित बालाजी मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लग गया।



बालाजी मंदिर में भोग लगाते पुजारी व राम जानकी मंदिर में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार


भंडारे में प्रसाद वितरित करते नारायण सेवा समूह के सदस्य। अमृत विचार

### हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ भंडारा

**हरदोई, अमृत विचार।** नारायण सेवा समूह की ओर से मंगलवार को मौनी बाबा मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर भंडारे का आयोजन किया गया। डॉ जय राम गुप्ता सुमेर सिंह व प्रियम मिश्रा ने बताया सकल जीव नारायण मानी सेवा करन हेतु हम ठानी संकल्प के तहत मंगलवार को मौनी बाबा मंदिर पर नारायण सेवा के सभी सदस्यों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान अभिनव सिंह, नितिन मिश्रा, सोमेश सिंह, बृजपाल सिंह, विरजु अग्रवाल, अनिल भसीन, करुणा शंकर त्रिपाठी, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, सावित्री कटियार, शुभम, रामवीर सिंह, रमेश गुप्ता, पतिराज गुप्ता, सावित्री कटियार, संदीप अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बाग़ में लटका देखा गया अधेड़ का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** बघौली चौराहे से कुछ दूरी पर एक बाग़ में अधेड़ का शव फांसी पर लटका हुआ देखा गया। शव की शिनाख्त हो गई है। बघौली थाने के महरी निवासी रजनू पुत्र दुर्गेश का बघौली चौराहे के पास में बाग़ है। मंगलवार की सुबह उसी बाग़ में खड़े एक बेर के पेड़ में झपलपुरवा मजरा बीकापुर निवासी 50 वर्षीय इन्द्रपाल पुत्र विश्राम का शव एक गमछे से फांसी पर लटकता हुआ देखा गया। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। आस-पड़ोस के लोगों की भीड़ लग गई, उसी बीच पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम भी पहुंच गई। इन्द्रपाल ने किस वजह से ऐसा कदम उठाया ? इस बारे में कोई कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है, वहीं दूसरी तरफ लोगों के तमाम तरह की बातें हो रहीं है। पुलिस का कहना है कि फील्ड यूनिट छानबीन कर रही है।

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में नई तहसील के पास हुई सड़क दुर्घटना की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। थाना कछौना निवासी विवेक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 अप्रैल को छोटा भाई छोटेलाल लखनऊ से बाइक द्वारा बालामऊ आ रहा था तभी संडीला स्थित नई तहसील के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज जिला अस्पताल हरदोई में चल रहा है। कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### विभाग की वसूली से कोटेदार हो रहे परेशान

**कछौना, हरदोई।** सरकार की साफ नीयत के बावजूद विभागीय अधिकारी सहकारी सिस्टम के तहत कोटेदारों का शोषण कर रहे हैं। विभागीय अधिकारी कोटेदारों से प्रतिमाह दो हजार से लेकर पांच हजार तक की अवैध वसूली करते हैं। ठेकेदार फर्म द्वारा कोटेदारों को राशन काम दिया जाता है। जिसकी मात्रा पूरी करने के लिए ठेकेदार राशन पर पानी का छिड़काव का वजन पूरा कर देते हैं, जिससे कोटेदारों को 50 कुंतल पर लगभग एक कुंटल कम राशन दिया जाता है। कट्टी के वजन का राशन की भरपाई नहीं की जाती है। जनवरी माह से कोटेदारों को कमीशन नहीं मिला है। कोटेदारों के सामने परिवार का भरण पोषण का संकट है। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# 10वीं व 12वीं के मेधावियों को किया सम्मानित

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया प्रोत्साहित

हरदोई

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा में टापर इंटर के नौ व हाईस्कूल के दो छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया। विभिन्न विद्यालयों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर इंटर के टापर नौ छात्र-छात्राओं को तथा हाईस्कूल के दो छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद द्वारा सम्मानित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि बच्चों ने अपनी लगन व मेहनत से न सिर्फ अपना अपने अभिभावकों का बल्कि जिले का भी नाम रोशन किया है। रफी अहमद किदवाई इण्टर कालेज में हाईस्कूल और इण्टर की बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले मेधावियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले इन छात्रों में 93 प्रतिशत से लेकर 85 प्रतिशत तक अंक अर्जित कर कालेज का मान बढ़ाया है। इन मेधावियों को कालेज के प्रधानाचार्य डा. अमित कुमार वर्मा ने मेडल पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि इन मेधावियों का सम्मान कालेज के अन्य छात्रों के लिये प्रेरणादायक होगा। इस अवसर पर समस्त शिक्षक तथा छात्र मौजूद थे। सम्मानित होने वाले मेधावियों में सैयद जैद हसन, रोहित, प्रियांशु राज, अमित चौहान, सौरभ, आदित्य गुप्ता, अनमोल राजपूत, अभिषेक सिंह, अंश मिश्रा, और आकाश अवस्थी शामिल रहे। सांडी संवाददाता के अनुसार बृजेन्द्र शर्मा की बेटी अंशिका शर्मा ने इण्टर 94.40 अंक पाकर सफलता हासिल की। विद्यालय प्रबंधक ने सम्मान समारोह में पांच हजार की चेक, ट्राफी, मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान कर उज्जवल भनिष्य की कामना की। इण्टर के परीक्षाफल में डीपीएसडी इंटर कालेज कन्नौज रोड बिलग्राम में सर्वाधिक अंक पाकर परिवार का रोशन करने वाली अंशिका शर्मा ने 94.40 अंक हांसिल किये। जिसमें विघालय प्रबधक नितिन गुप्ता ने अंशिका शर्मा को पांच हज़ार रुपये की चेक, मेडल, ट्राफी व प्रमाणपत्र प्रदान किया।



सम्मानित छात्र-छात्राएं। अमृत विचार



छात्रा को सम्मानित करते पूर्व सैनिक। अमृत विचार

### पूर्व सैनिकों ने मेधावी छात्रा का किया सम्मान

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के पटेल नगर पूर्वी निवासी भारतीय सेना हवलदार क्लर्क पद से सेवानिवृत्त बृजेंद्र कुमार यादव सहित परिवार की खुशियां दोगुनी हो गईं जब पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउंडेशन के साथी घर पहुंचकर होनहार बेटी अर्पिता यादव का सम्मान किया। छात्रा ने सदरपुर स्थित एसआरएम पब्लिक स्कूल से इंटरमीडिएट की परीक्षा 94 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। फाउंडेशन हरदोई के जिला उपाध्यक्ष नेत्रपाल यादव, ब्लॉक उपाध्यक्ष विवेक कुमार, कोषाध्यक्ष आलोक कुमार व संगठन पधाधिकारियों ने छात्रा का मुंह मीठा कराया। इस मौके पर रमेश यादव, शैलेंद्र यादव, दीपक अवस्थी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

### बेटियों को भी मिले बेटों के समान अधिकार व अवसर

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** नेशनल डेवलपमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट ग्राम तिलोइयां खुर्द, संडीला द्वारा यूपिका सामुदायिक उत्सव केंद्र, संडीला में तीन दिवसीय सेमिनार आयोजन किया गया। इस बवसर परन वरिष्ठ समाज सेवी दिनेश प्रशाद वर्माए कहा कि "परिवार में बेटियों को पराया न समझा जाये, शिक्षा में उन्हें बेटों के समान अधिकार और समान अवसर दिए जायें। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष राशिद अली वारसी ने के डिजिटल शिक्षा पर विशेष ध्यान आकर्षित करते हुए इंडिया अभियान, इसकी उपयोगिता और महत्त्व आदि को विस्तारपूर्वक समझाया।

# सत्ता पक्ष के आगे लड़ने की हिम्मत नहीं कर रहे विपक्षी

**मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र पर सपा लेकर आई तीसरा प्रत्याशी**

हरदोई

**अमृत विचार।** मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र से सत्ता पक्ष के सामने सपा प्रत्याशी लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। पार्टी तीसरी बार एक प्रत्याशी को मैदान में लाई। उन्होंने नामांकन भी किया, लेकिन चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं कर पाई। चर्चा है कि बुधवार को यहां से सपा से कोई नया प्रत्याशी नामांकन करेगा।

लोकसभा मिश्रिख से समाजवादी पार्टी से पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी को प्रत्याशी बनाया, लेकिन उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए चुनाव लड़ने से मना कर दिया। इसके बाद उनके पुत्र को सपा का प्रत्याशी बनाया गया, लेकिन वह भी चुनाव लड़ने से मुकर गए। इसके बाद राजवंशी की बहू संगीता राजवंशी को सपा ने प्रत्याशी बनाया। संगीता ने सोमवार को अपना नामांकन भी कर दिया, लेकिन रातोंरात उनके चुनाव न लड़ने की खबर आ गई। दबी जुबान से सपाईयों ने इसे स्वीकार किया। सपाइयों का कहना है कि व्यक्तिगत कारण से संगीता चुनाव नहीं लड़ रही है। मंगलवार की देर रात तक नए प्रत्याशी की घोषणा हो जाएगी।

बुधवार को समाजवादी पार्टी के हरदोई लोकसभा क्षेत्र से ऊषा वर्मा व मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र से सपा का कोई दूसरा नया प्रत्याशी नामांकन करेगा। जिले में 25 तारीख तक नामांकन होने हैं। सपा किसको अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाएगी यह नामांकन के बाद ही तय हो पाएगा।

# योगेश के बुजुर्ग माता-पिता के नहीं थम रहे आंसू, गांव में पसरा मातमी सन्नाटा

हरदोई

**फॉलोअप**

**अमृत विचार।** मणि कर्णिका और उसके कुछ ही देर बाद योगेश की मौत ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। सोमवार की वह सुबह शायद ही कोई भूल पाए, पलक झपकी और उसी बीच हुए एक सड़क हादसे ने एक ऐसा ज़ख्म दिया जो शायद ज़िंदगी भर नहीं भुलाया जा सकता है। योगेश के घर के एक कोने उसके बुजुर्ग मां-बाप सिसक रहे थे, तो दूसरे कोने में उसकी बहने अपने इकलौते भैया-भाभी को खोने के ग़म में सुबकती रहीं। हाल ऐसा था कि आंसू टपकाती हुई उनकी आंखे टकटकी लगाए उस घर की दरो-दीवार को ताक रहीं थी, जिसके लिए न जाने कौन-कौन से ख्वाब देखे जा रहे थे, लेकिन एक पल में सब कुछ बर्बाद हो गया।

सोमवार को सुरसा थाने के दाऊदपुर मजरा पचकोहरा निवासी योगेश कुमार और उसकी पत्नी मणि कर्णिका अपनी-अपनी ड्यूटी पर जाने के लिए तैयार हुई। पहले योगेश घर से निकला, उसके कुछ ही देर बाद मणि कर्णिका निकली। पचकोहरा चौराहे पर पहुंचते ही पास से निकली तेज़ रफ्तार ने हौसलों से उड़ान भरने वाली मणि कर्णिका को हमेशा-हमेशा के लिए छीन लिया। उसकी मौत की खबर सुनते ही अपने स्कूल पहुंच चुका योगेश वहां से वापस लौटा और अपने घर के कमरें में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पहले पत्नी और फिर उसके पति की इस तरह से हुई मौत ने हर एक को झकझोर कर रख दिया। योगेश के बुज़ुर्ग बाप पुत्तूलाल और मां तेजवती के अलावा उसकी बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मंगलवार को घर के बाहर अजीब सा मरघट जैसा सन्नाटा दिखाई दिया। योगेश के कुछ रिश्तेदारों ने बताया कि सारी रात खुली आंखो में ही गुज़र गई।

### चार बेटियों के बाद बेटे के रूप में मिला था योगेश

चार बेटियों के बाद पुत्तूलाल और तेजवती को बेटे का बहुत अरमान था। पुत्तूलाल ने बेटे के लिए अपने घर से नैमिषारण्य तक दंडवत यात्रा की और फिर वो दिन आया जब पुत्तूलाल के आंगन में योगेश की किलकारी गूंजी। पुत्तूलाल ने बड़े अरमानों से हुए अपने बेटे का नाम योगेश यानी योग का गुरु रखा। न सिर्फ मां-बाप बल्कि बहनें भी अपने इकलौते भाई पर जान छिड़कती थी।

# दामाद पर फेंकना चाहा तेज़ाब, बेटी ने बचाया

हरदोई

**अमृत विचार।** कोर्ट मैरिज किए जाने से नाराज़ युवती के घर वालों ने उसके पति पर तेज़ाब से हमला कर दिया, लेकिन उसी बीच युवती ने आगे आकर अपने पति को बचा लिया। उसके बाद युवती के परिजनों ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी।

मामला शाहाबाद कस्बे का है। वहां के मोहल्ला खलील निवासी साहिल पुत्र अरशद खां ने करीब 10 महीनें पहले पड़ोसी मोहल्ला भुड़िया के हसीन की पुत्री सबा के साथ कोर्ट मैरिज और उसके बाद निकाह कर लिया था। तमाम कोशिश करने के बाद भी सबा के घर वाले दोनो के कोर्ट मैरिज वाले फैसले के खिलाफ थे। उसी रंजिश के चलते कई बार साहिल के ऊपर हमला भी किया गया। उसके बाद साहिल सबा को साथ ले कर दिल्ली चला गया। बड़ी हिम्मत कर ईद पर दोनों घर वापस लौटे। सोमवार की शाम को साहिल सबा के घर की तरफ से जा रहा था, उसी दौरान पहले तो उसके ऊपर ईंट-पत्थर चलाए गए, फिर तेज़ाब से हमला कर दिया गया। लेकिन सबा को इसका पहले ही पता चल गया, वह भाग कर साहिल के आगे खड़ी हो गई, जिससे वह बाल-बाल बच गया। कोई कुछ समझ पाता, उसी बीच सबा के घरवाले साहिल को पीटने लगे, उन्होंने उसे बचाने दौड़ी सबा को भी पीट दिया।

### पुलिस ने उल्टे धमकाया

साहिल के घर वालों का कहना है कि जब बवाल हो रहा था, उस वक्त का वीडियो बनाया गया था। साहिल के घर वाले पुलिस से मदद मांगने कोतवाली पहुंचे, आरोप है कि वहां उनकी बात सुनने के बजाय उल्टे उन्हे ही धमकाया गया, वीडियो देखने के लिए मोबाइल मांगा और उसमे ईंट-पत्थर चलाते हुए बवाल करने के सारे वीडियो डिलीट कर दिए गए।

# संघर्षशील कार्यकर्ताओं को भाजपा में पूरा सम्मान मिलता है : दयाशंकर

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा भारतीय जनता पार्टी में संघर्षशील कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान दिया जाता है। इसी सम्मान के खातिर मोदी का परिवार बढ़ता जा रहा है। परिवहन मंत्री महुआ टोला स्थित रॉयल मैरिज हॉल में भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बोल रहे थे।

पांच घंटा विलंब से पहुंचे परिवहन मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं से विलंब होने की क्षमा याचना करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी ने जो कहा अपने सभी वादे पूरे कर दिखाए। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसमें संघर्षशील कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान दिया जाता है और कार्यकर्ता को कब कहां पार्टी पहुंचा दे इसका किसी को पता नहीं रहता। हां इतना जरूर है जिसने पार्टी के लिए किया है पार्टी उसका सम्मान जरूर करती है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से तन, मन और पूर्ण निष्ठा और लगन से पार्टी प्रत्याशी को जिताने की अपील की और कहा सभी बूथ अध्यक्ष अपने-अपने बूथ पर पार्टी प्रत्याशी को जीतने का संकल्प लें तो 400 का लक्ष्य बहुत आसानी से तय किया जा सकता है। शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक और प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा इस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन इसलिए किया गया था कि हो सकता कि 13 मई तक हम अपने कार्यकर्ताओं से न मिल सकें। क्योंकि अब कार्यकर्ता बैठक नहीं हो पाएंगी। केवल जनसभाएं होंगी। लेकिन आपको संकल्प लेना है कि बूथ पर दूसरे लोगों का फट्टा न बिछ पाए। उन्होंने कहा कुछ आपके विरोधी भी पार्टी में शामिल हो रहे हैं लेकिन इसका मलाल न करें।




भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करते मंत्री दयाशंकर सिंह।

**आयोजन** बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया गया जागरूक

# पृथ्वी दिवस पर हुईं प्रतियोगिताएं

माधौगंज हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला पटेलनगर पूर्वी में स्थित एमएस पब्लिक इंटर कालेज माधौगंज में पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में मां पूर्णा जन कल्याण सेवा संस्थान द्वारा निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए मेधावी बच्चों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 10 की आराध्या गुप्ता ने प्रथम, पूजा देवी को द्वितीय एवं प्रांजुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा निबन्ध प्रतियोगिता में सैकड़ों विद्यार्थियो ने प्रतिभाग किया। जिसमें कक्षा 10की लक्ष्मी राठौर ने प्रथम, कक्षा 12की प्रज्ञा सिंह ने द्वितीय तथा कक्षा 10की वर्तिका बाथम ने तृतीय स्थान अर्जित किया। सभी मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। नीरज शुक्ला ने कहा कि इस वर्ष पूरे देश में 54वां इण्टर नेशनल मदर अर्थ डे मनाया जा रहा है मनोज हिन्दू ने कहा कि भूस्खलन, ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण के कारण पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान पहुंचता है। समाजसेविका रश्मि वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर हम सबको पोलीथीन व प्लास्टिक की वस्तुएं उपयोग में बिल्कुल नहीं लानी चाहिए। बाजार जाते समय हमेशा थैला झोला लेकर जाना चाहिए। रामनरेश आर्य, मुकेश गुप्ता के अलावा विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुशवाहा ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति सम्बोधित कर छात्र छात्राओं को जागरूक किया।




प्रतियोगिता में सम्मानित छात्र-छात्राएं। अमृत विचार


## वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड ★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

## एक नजर

### हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वालों का चालान

**सीतापुर।** मंगलवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक किया गया एवं सीट बेल्ट, हेलमेट एवं रॉंग साइड ड्राइविंग करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। जॉच के दौरान यात्री कर अधिकारी शैहपर किदवई ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर सीट बेल्ट, हेलमेट तथा रॉंग साइड ड्राइविंग चेकिंग कर 41 चालान किये। नशा, नींद, तेज रफ्तार सड़क हादसों की प्रमुख वजह हैं। यातायात के नियमों का नियमित प्रयोग कर सड़क हादसों को न्यूनतम स्तर तक ले जाया जा सकता है। सीट बेल्ट, हेलमेट का नियमित प्रयोग न करने से हादसों में घायल व्यक्ति मृत हो रहे हैं, जोकि अत्यन्त चिन्ता का विषय है। प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान चालकों को यातायात चिन्हयुक्त पम्फलेट भी वितरित किये गये।

# सिर ढककर घर से बाहर निकलें, बासी भोजन न खाएं

**गर्मी से बचाव**

▸▸ जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जारी की एडवाइजरी



**सीतापुर, अमृत विचार।** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अप्रैल व जून माह में अधिक तापमान रहने के साथ ही हीट व लू चलने की संभावना है। ऐसे में इससे बचाव को लेकर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने समस्त अधिकारियों को विभागवार दायित्व जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। इस संबंध में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एडवाइजरी जारी कर लू से बचाव के उपाय, लक्षण व उपचार आदि के बारे में बताया है। जिलाधिकारी ने अपील करते हुए कहा है कि जनसामान्य लू से बचाव को लेकर बताये उपायों को अमल में लाएं और अपना बचाव करें।

अपर जिलाधिकारीध्प्रभारी अधिकारी दैवीय आपदा नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि हीटवेव (लू) से बचाव के लिए आवश्यक एहतियातें बरती जायें तथा सुरक्षात्मक उपायों को अपनाया जाये। जिला आपदा विशेषज्ञ हीरालाल ने बताया कि गर्म हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें। खाना बनाते समय घर के खिड़की दरवाजे आदि खुले रखें, जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थों, शराब अथवा अल्कोहल से बचें। उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें तथा बासी भोजन कतई न इस्तेमाल करें। बहुत आवश्यक हो तभी घर से धूप में बाहर निकलें और सिर को जरूर ढकें। घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना इत्यादि का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि अभी आगे गर्मी का प्रकोप और बढ़ेगा इसलिए गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाना चाहिए।

**लू लगने के क्या हैं लक्षण**

गर्म, लाल, शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना, तेज पल्स होना, उल्टे श्वास गति में तेजी, व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिति, सिरदर्द, मिचली, थकान और कमजोरी का होना या चक्कर आना, मूत्र न होना अथवा इसमें कमी आदि मुख्य लक्षण हैं। इन लक्षणों के चलते मनुष्यों के शरीर के उच्च तापमान से आंतरिक अंगों, विशेष रूप से मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है। इससे शरीर में उच्च रक्तचाप उत्पन्न हो जाता है।

**लू लगने के कारण**

गर्मी में शरीर के द्रव्य बॉडी फ्लूड सूखने लगते हैं। शरीर में पानी, नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। शराब की लत, हृदय रोग, पुरानी बीमारी, मोटापा, पर्किंसंस रोग, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह वाले व्यक्तियों को लू से विशेष बचाव करने की जरूरत है। इसके अलावा डॉययूरेटिक, एंटीस्टिमिनक, मानसिक रोग की औषधि का उपयोग करने वाले व्यक्ति भी लू से सावधान रहें।

## बीईओ ने की मतदान की अपील

**भदफर।** मंगलवार को विकास खण्ड बेहटा के प्राथमिक विद्यालय अचारजनपुरवा में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्पण करने के बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान खण्ड शिक्षाधिकारी प्रियांशी सक्सेना को सिद्धार्थ कुमार पटेल (इ.प्र.अ.) व शिक्षकों ने बुके (गुलदस्ता) देकर स्वागत किया। इस अवसर पर शत प्रतिशत मतदान की लोगों से अपील की गई। खण्ड शिक्षाधिकारी ने उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर शिक्षक राजकुमार संजय, नरेश कुमार व मो. फाइक, शिवम मिश्रा, हरिशंकर गिरि सहित ग्रामवासी व बच्चे उपस्थित रहे।

# पीएम के हाथों को मजबूत करने में निभाएं भूमिका

▶ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नामांकन सभा के आयोजन में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां



प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का माला पहनाकर स्वागत करते जिलाध्यक्ष, सांसद व विधायक। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के सदर लोकसभा प्रत्याशी राजेश वर्मा द्वारा नामांकन का द्वितीय सेट दाखिल किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी द्वारा एक नामांकन सभा को संबोधित किया गया। सभा में बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि पहले चरण के मतदान में जनता ने भारतीय जनता पार्टी को भरपूर आशीर्वाद दिया है और आने वाले मतदान में भी जनता नरेंद्र मोदी को भारत की गद्दी सौंपने का आशीर्वाद देने जा रही है।

उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जनता के मध्य भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करते रहने के लिए निर्देशित किया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने अपने उद्बोधन में आगे बताया कि सीतापुर सदर के भाजपा प्रत्याशी/सांसद राजेश वर्मा नामांकन हो रहा है ऐसे में आज से पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत दोगुनी करने का समय आ गया है और भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने में सभी को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। कार्यक्रम को क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा की 2024 में प्रत्येक मतदाता को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान कराने का दायित्व पार्टी के सभी जिम्मेदार लोगों का है कोई भी मतदाता कमल का बटन दबाने से न छूटे हमें ऐसी रणनीति बूथ स्तर पर भी तैयार रखनी है और कमल का बटन दबाने से हमारे तमाम सामाजिक, धार्मिक व राष्ट्रीय कार्य स्वतरू पूर्ण हो जाएंगे जब देश में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ लेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा सीतापुर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए सभी से चुनाव में संपूर्ण ऊर्जा लगाने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा है यह देखकर विपक्षियों के होश उड़ चुके हैं बस आने वाले समय में भाजपा के प्रत्येक जिम्मेदार कार्यकर्ता को अपनी मेहनत गतिशील रखती है और अपने प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजई बनाकर सीतापुर का कमल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विजय माला में सुशोभित करना है। जिला अध्यक्ष ने आए हुए सभी अतिथियों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी सदर लोकसभा के प्रत्याशी/सांसद राजेश वर्मा ने कहा की 2024 का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है और सीतापुर लोकसभा में भाजपा बड़े अंतर से यह चुनाव विजयी होने जा रही है क्योंकि देश आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने के लिए अग्रसर है ऐसे में जनता भाजपा को विश्वास भरी नजरों से देख रही है राजेश वर्मा ने आगे बताया कि सीतापुर लोकसभा में भाजपा पिछले चुनावों से बहुत अधिक मत प्राप्त करेगी और इतिहास रचेगा। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से भाजपा के पक्ष में अपील कर सभी से आशीर्वाद मांगा कार्यक्रम को नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान जिला पंचायत अध्यक्षा श्रद्धा सागर, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा जिला प्रभारी नीरज सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

**प्रदेश अध्यक्ष ने जिला कार्यालय पर की प्रेस वार्ता**

सीतापुर सदर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा के नामांकन हो जाने के पश्चात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जिला कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को मिल रहे जन समर्थन पर पत्रकारों से बातचीत की तथा भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पत्रकारों के सवालों के जवाब भी दिए तथा समय निकालकर आए पत्रकार बंधुओ का आभार जताया।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान की अपील

**महमूदाबाद।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में जनपद में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महमूदाबाद नगर के चिकमंडी चैराहा स्थित कालविन इण्टर कॉलेज सहित तहसील क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालयों पर बूथ स्तरीय चुनावी पाठशाला तथा नुक्कड़ नाटक आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान कालविन इण्टर कॉलेज, बीआरसी और संविलियत उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं से 13 मई को शत प्रतिशत मतदान की अपील की। कालविन इण्टर कॉलेज के छात्रों द्वारा किए गए नुक्कड़ नाटक के दौरान एसडीएम शिखा शुक्ला ने कहा कि मतदाता जागरूकता लोकतंत्र के निर्माण में एक महत्वपूर्ण कदम है। मतदान एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। चुनाव में प्रत्येक व्यक्ति को बड़ी समझदारी व सोच समझ कर वोट का इस्तेमाल करना चाहिए। वोट कीमती है और वोट डालने का मौका किसी कीमत पर नहीं छोड़ना चाहिए। व्यक्तिगत फायदे को न देखते हुए समाज की उन्नति के लिए वोट करना चाहिए। वहीं, बीआरसी में आयोजित चुनावी पाठशाला में तहसीलदार सुरभि रॉय ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी मतदाताओं, युवाओं, शिक्षकों को मतदान करने की शपथ ग्रहण कराई।

## सार-संक्षेप

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सीडीओ ने किया जागरूक




कार्यक्रम में मतदान से संबंधित जानकारी देती छात्रा। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप निधि बंसल की अध्यक्षता में मंगलवार को राजकीय इण्टर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा आयोजित चुनावी पाठशाला कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। चुनावी पाठशाला में मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप ने सभी को मतदान करने के लिए जागरूक किया। जिससे मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़े। इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय अम्बेडकर नगर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल शामिल हुईं। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने अपने प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपने परिवारजनों एवं आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। उच्च प्राथमिक विद्यालय रामकोट में चुनावी पाठशाला में ग्राम के मतदाताओं को मत देने के लिए प्रेरित कर शपथ दिलायी गयी। प्राथमिक विद्यालय उमरिया खैराबाद में सचिव लेखपाल जिला क्षय रोग अधिकारी, बीएलओ एवं समस्त स्टाफ की उपस्थित में चुनावी पाठशाला के अंतर्गत गांव के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। विकास खण्ड खैराबाद के प्रा.वि. मुलायमपुर में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में चुनावी पाठशाला के अन्तर्गत गांव के लोगों को मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। विकास खण्ड हरगांव में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा चुनावी पाठशाला में उपस्थित सभी जनों को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने प्रा.वि. 11 वाहिनी पीएसी में सभी को मतदान करने के लिये जागरूक किया एवं शपथ भी दिलायी।

### बीडीओ ने मतदान की दिलाई शपथ



शपथ दिलाते बीडीओ संदीप कुमार। अमृत विचार

**रामपुर मथुरा।** विकासखण्ड के सभी ग्राम पंचायत के सभी विद्यालयों में मतदाता जागरूकता पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मतदाता को मतदान की शपथ दिलाई। विकास खंड की ग्राम पंचायत बांसुरा, रामपुर मथुरा, पारा रामनगर, अफसरिया, अटौरा, बगस्ती, शुकुलपुरवा, रायपुर अलायपुर, केसरवारा समेत कुल 79 ग्राम पंचायत के विद्यालय में मतदाता जागरूकता पाठशाला का आयोजन किया गया। राजकीय इंटर कालेज बांसुरा में खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार व सहायक बिकास अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार ने केवड़ा में ग्रामीणों तथा बच्चों के साथ जागरूकता का पाठ पढ़ाया जिसमें सैकड़ो ग्रामीणों व प्रधान भी मौजूद थे। ग्राम सभा सुरजनपुर में सचिव पुतान भार्गव, प्रधान अमित यादव, सभी शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ती सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। इसी तरह से प्रत्येक ग्राम पंचायत में सचिव की उपस्थिति में ग्राम पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि जिन विद्यालयों में बूथ बनाए गए हैं। वहां पर विद्यालय पाठशाला का आयोजन किया गया है।

### हर चुनाव में मतदान की होती है बहुत अहमियत




फूल माला पहनाकर 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता ओं को सम्मानित करते लोग।

**लहरपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा जन-जागरूकता के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्राथमिक विद्यालय ईरापुर में चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों और ग्रामवासियों ने प्रतिभाग किया। पाठशाला में वोट की ताकत और महत्व पर चर्चा की गई। इस मौके पर गांव के 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया और चुनाव से सम्बन्धित उसके अनुभवों एवं पुरानी यादों को साझा किया गया। केआरपी अनवर अली ने चुनावी पाठशाला में उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर चुनाव में मतदान की बहुत अहमियत होती है। सभी चुनाव में पूरे उत्साह और उमंग के साथ अपने मत का इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि आप के वोट से ही ग्राम प्रधान, विधाय, सांसद, चुने जाते हैं, राज्य और केंद्र की सरकार बनती हैं। आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी लोग अपने मत प्रयोग अवश्य करें और दूसरों को भी प्रेरित करें, 85 वर्षीय जगत पाल तथा 82 वर्ष की लल्ली देवी आदि ने चुनाव से सम्बन्धित आपनी पुरानी यादों को साझा किया। इस मौके पर शिक्षक सरोज कुमार वर्मा, रामावती वर्मा, राजीव कुमार, उमेश चन्द्र वर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों और ग्रामवासियों को मतदान करने की शपथ ली।

### पांच दिन से युवक लापता



**मानपुर।** थानाक्षेत्र के करूवाकोला गांव निवासी देशराज उम्र 27 पुत्र मनोहर अपने पैतृक आवास बुढ़न्नापुर को गया था, जहां से वह बीती 18 अप्रैल को अपने माता-पिता से कहकर शाम 4 बजे खेतों की तरफ गया था, उसके बाद से अभी तक वापस न ही अपने वर्तमान पते पर और न ही अपने पैतृक आवास पर पहुंचा। परिवारवालों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। ऐसे में घरवालों ने पुलिस को सूचना दी है।

# सीडीओ ने गौशालाओं की देखी हकीकत

▸▸ कपसाकलां, नेरी व कारीपाकर गौशालाओं का जाना हाल



गौशाला का निरीक्षण करतीं सीडीओ निधि बंसल। अमृत विचार

**पिसावां, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने मंगलवार को पिसावां विकासखंड में स्थित कपसाकलां, नेरी और कारीपाकर गौशालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थों को कड़ाई से पालन करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

मंगलवार को सीडीओ निधि बंसल विकासखंड के कपसाकलां, नेरी व कारीपाकर गांवों में स्थित अस्थाई गौशालों का निरीक्षण करने पहुंची। निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले उन्होंने कपसाकलां गांव में स्थित श्रीकृष्ण अस्थाई गौशाला आश्रय स्थल पर हुई घटना की बारीकी से जांच की। तत्पश्चात उन्होंने गौशाला में जानवरों के खाने पीने, दवाइयों, रख-रखाव, साफ-सफाई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान गौशाला में मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों से उन्होंने दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा।

सीडीओ के निरीक्षण क्रम में नेरी और कारीपाकर की अस्थाई गौशाला भी शामिल रहीं। कारीपाकर गौशाला में भी कोई विशेष खामियां नही मिली। इस मौके पर डीडीओ हरिश्चंद्र प्रजापति, बीडीओ अमित कुमार यादव, एडीओ पंचायत इकराम अली, सचिव संजय वर्मा सहित विकास विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

**नए गौ आश्रय स्थल की कर लें व्यवस्था**

कपसाकला की श्रीकृष्ण अस्थाई गौशाला आश्रय स्थल में जानवरों की संख्या देखकर सीडीओ निधि बंसल दंग रह गईं। इस आश्रय स्थल में लगभग 1200 के करीब जानवर हैं। ऐसे में उन्होंने आश्रय स्थल पर जानवरों की अधिक संख्या को देखकर कहा कि यदि आसपास गांवों में जमीन की उपलब्ध हो सके, तो नए अस्थाई गौशाला के निर्माण की व्यवस्था कराएं। नेरी में स्थित गौशाला की व्यवस्थाओं को देखकर वह काफी संतुष्ट दिखीं।

**ररुआ बूथ पर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश**

सीडीओ निधि बंसल के मंगलवार पिसावां विकास खंड में हुए निरीक्षण कार्यक्रम में ररुआ बूथ केंद्र भी शामिल रहा। उन्होंने अधीनस्थों को तय समय से बूथ पर साफ सफाई, पेयजल, पर्याप्त बिजली, शौचालय आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

# नाबालिग बच्चे के साथ युवक ने किया कुकर्म

**रेउसा, अमृत विचार।** खेत की रखवाली के वक्त मचान पर एक नाबालिग बच्चे के साथ नवयुवक ने कुकर्म किया। तीसरे दिन हालत नाजुक होने पर बच्चे को सीएचसी पर भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने हालत गम्भीर देख बच्चे को जिला अस्पताल रेफर किया।

रेउसा थानाक्षेत्र के लखनी जैतपुर मजरा कादिरपुरवा निवासी सोहराब 20 वर्ष करीब पुत्र इरफान सोमवार को अपने क्षेत्र के 6 साल बच्चे को बहला फुसलाकर ले गया और उसके साथ कुकर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित का पिता तीन दिन पहले एक शादी समारोह में गया हुआ था। सोमवार को घर वापस लौटने पर उसे पता चला कि गांव का एक नवयुवक उसके 6 वर्षीय बालक के साथ खेत की रखवाली कर रहा था। उसने मचान पर ही बच्चे के साथ कुकर्म किया। बच्चों की हालत गंभीर होने पर उसका पिता बच्चे को लेकर पुलिस के पास पहुंचा और नामजद तहरीर दी। पुलिस ने बच्चे की हालत गंभीर देखते हुए उसे सीएचसी पर भर्ती कराया। डॉक्टर सुनील यादव ने बच्चे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस तहरीर के आधार पर कार्रवाई करते हुये मुकदमा दर्ज कर बच्चे को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। घनश्याम राम ने बताया पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर मेडिकल कराया गया। मुलजिम की तलाश की जा रही है।

**आयोजन** श्री संकटा देवी धाम में चल रहे मेला महोत्सव में पेश किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# मनोहारी भावनृत्य में बच्चों ने की लाजवाब अदाकारी




गीतों पर मनोहारी नृत्य पेश करती बालिका। अमृत विचार

संवाददाता, महमूदाबाद

**अमृत विचार।** प्रसिद्ध श्री संकटा देवी धाम में चल रहे मेला महोत्सव के दौरान हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में जूनियर व सीनियर वर्ग के बच्चों द्वारा फाइनल राउण्ड के भावनृत्य की मनोहारी प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। भावनृत्य प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर वर्ग के 19 प्रतिभागियों ने विभिन्न गीतों पर मनोहारी भावनृत्य प्रस्तुत किये।

भावनृत्य प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में जूनियर वर्ग में इशिका वर्मा ने 'शिव तांडव', आराध्या मिश्रा ने 'घर मोरे परदेशिया', नव्या सिंह ने 'शिव-शिव शंकर', नविका मिश्रा ने 'अप्सरा अली', अधीरा चित्रांश ने 'कान्हा सो जा जरा', महक बाल्मीकि ने 'रघुकुल रीति सदा चल आई', सिद्धि गुप्ता ने 'बम बम भोले', महिमा बाल्मीकि ने 'बरसो रे मेघा-मेघा', अतिशयनी बंशवार ने 'शिवजी सत्य है', अभिनव अवस्थी ने 'मेरा वाला डांस', रोली गुप्ता ने 'पर्वत के इस पार', शगुन गुप्ता ने 'एफआईआर करा दूंगी', वहीं सीनियर वर्ग में शगुन रावत ने 'हनुमान चालीसा', काव्या पोरवाल ने 'डांस एक्ट', तृषा पटेल ने 'अवध में एक दिन ऐसा आया', अर्पित वर्मा ने 'कोई कहता रहे', लवी सिंह ने 'नच-नच मेरी मोरनी तू नच', कौशिकी मिश्रा ने 'बरसो रे मेघा-मेघा' तथा सारिका सिंह ने 'धीम ता दा रे' जैसे गीतों पर आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शक के दिलो-दिमाग पर अमिट छाप छोड़ी। निर्णायकों में जया जैन, चांदनी गुप्ता व अर्पित शुक्ल को प्रतिभागियों का स्थान चयनित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस मौके पर प्रबंध समिति की संरक्षक डा. एमणि मिश्रा, अध्यक्ष आरके वाजपेयी, ज्ञानेश मिश्र, अशोक नाग, कृतार्थ मिश्र, शिवम गुप्त, राजेंद्र राजपूत, उमेश वर्मा, प्रतिभा सिंह, प्रणव सहित सैकड़ों देवी भक्त मौजूद रहे। संचालन अनूप सूरज ने किया।

**जूनियर में सिद्धि व सीनियर में काव्या ने मारी बाजी**

भावनृत्य प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से सिद्धि गुप्ता को प्रथम, नविका मिश्रा को द्वितीय, इशिका वर्मा को तृतीय व अधिरा चित्रांश, अभिनव अवस्थी, रोली गुप्ता व अतिशयनी बंशवार को सांत्वना व सीनियर वर्ग में काव्या पोरवाल को प्रथम, शगुन रावत को द्वितीय, तृषा पटेल को तृतीय व सांत्वना पुरस्कार के लिए अर्पित वर्मा व लवी सिंह का चयन किया गया। जिन्हें मां संकटा देवी धाम समिति की ओर से आकर्षक पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया जाएगा।



# मान्यता से अधिक कक्षाएं चलीं तो होगी कार्रवाई

**जरवा, बलरामपुर, अमृत विचार।** नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र बालापुर में जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने मंगलवार अपराह्न 12 बजे बसंत लाल स्मारक इंटर कॉलेज, विकास पब्लिक स्कूल, मास्टर मन्नान लघु माध्यामिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। बसंत लाल विद्यालय में व्यवस्था आल इज वेल मिला। कक्षाओं में जाकर छात्र छात्राओं से सीधी बात की और पढ़ाई का हाल भी जाना।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया विकास पब्लिक स्कूल और मास्टर मन्नान लघु माध्यामिक विद्यालय में ग्रामवासियों की शिकायत पर जांच कर पाया कि कक्षा 8 तक संचालित विद्यालय में मान्यता से अधिक कक्षाएं चल रही थीं। इनके प्रबंधकों को ऐसी कक्षाएं न संचालित करने के दिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय में मान्यता से अधिक कक्षाएं संचालित मिलने पर संबंधित प्रबंधक और प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे।

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविन: ॥

पांच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पाँच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

## संपादकीय

# मध्य पूर्व में संकट

इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष मध्य-पूर्व के दो प्रबल विरोधियों के बीच बढ़ते तनाव को उजागर करता है। ईरान-इजराइल जंग का असर वैश्विक राजनीति पर ही नहीं बल्कि दुनिया के व्यापार पर भी पड़ सकता है। यदि भू-राजनीतिक तनाव बढ़ता है तो आपूर्ति में व्यवधान के कारण कमोडिटी की कीमतें बढ़ जाएंगी। वैश्विक स्तर पर, भू-राजनीतिक तनाव के कारण मुद्रास्फीति उच्च बनी रहेगी क्योंकि इससे कच्चे तेल की कीमतें और तांबा, जस्ता, एल्युमीनियम, निकेल आदि वस्तुओं की कीमतें प्रभावित होंगी। तनाव कम करने या शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद के कूटनीतिक प्रयासों की विफलता के बाद सैन्य कार्रवाई ही एकमात्र विकल्प बचेगा, जिससे क्षेत्रीय तनाव में वृद्धि की संभावना बढ़ जाएगी। हालांकि वैश्विक मंदी की आशंका के बीच भारत को फायदा हो सकता है। क्योंकि भारत विदेशी निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता देश है। वह अपनी पेट्रोलियम खरीद का एक बड़ा हिस्सा मध्य पूर्व से आयात करता है। ईरान ओपेक देशों में शामिल तीसरा सबसे बड़ा क्रूड ऑयल प्रोड्यूसर है। इसलिए तेल के संकट को ईरान और इजराइल का युद्ध और बड़ा कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान-इजराइल के बीच तनाव के मद्देनजर यूरोप में भारत का निर्यात बाधित होगा। भारत के व्यापार सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि नीतिगत हस्तक्षेप तभी होगा जब हम व्यापारियों के सामने आने वाली समस्याओं को समझेंगे। उस अभ्यास के आधार पर, जो भी आवश्यक होगा सरकार निश्चित रूप से उस पर ध्यान देगी। इजराइल और ईरान के बीच टकराव कम करने का भारत का आह्वान क्षेत्र की राजनीति की जटिलता को पहचानने के बारे में है। भारत के लिए ये संकट इसलिए और बड़ा है क्योंकि वह ईरान और इजराइल दोनों का ही मित्र है। वह किसी एक का पक्ष नहीं ले सकता है। ईरान-इजराइल टकराव पर भारत के दृष्टिकोण का महत्व है। यदि ये भारत को एक दृष्टिकोण का पक्ष लेते हुए देखते हैं तो इससे क्षेत्र में शांति को नुकसान पहुंच सकता है।

भारत को प्रमुख क्षेत्रीय प्रतिभागियों मिस्र, ईरान, इजराइल, कतर, तुर्की, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के साथ अपने जुड़ाव को हमेशा संतुलित रखना होगा। इजराइल की व्यापक रूप से मौजूद इस धारणा को देखते हुए कि परमाणु-सशस्त्र ईरान इज़राइल के अस्तित्व के लिए एक संभावित खतरा है, उसके द्वारा प्रतिशोध की आशंका को खारिज नहीं किया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का सम्मान करना चाहिए। क्षेत्र में दीर्घकालिक सुरक्षा, शांति एवं स्थिरता के लिए दो-राज्य समाधान ही एकमात्र संभव विकल्प है।

# पहले चरण के चुनाव के सबक



संजय सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

कुछ भी हो, लेकिन पहले चरण ने सभी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा में इससे विशेष रूप से सिहरन पैदा हुई है और 'अबकी बार 400 पार' के उसके मंसूबों को झटका लगा है। इनकी तीव्रता को इंडिया गठबंधन, खासकर राहुल गांधी के दावों के इन दावों ने और बढ़ा दिया है कि इस बार भाजपा 180 या डेढ़ सौ पर सिमट जाएगी।

लोकसभा चुनाव 2024 का पहला चरण 19 अप्रैल को संपन्न हो गया। इस चरण में जिस तरह मतदान प्रतिशत में कमी के साथ मतदाताओं के उत्साह में कमी देखने को मिली उसने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसके गठबंधन एनडीए के साथ ही साथ कांग्रेस और उसके गठबंधन इंडिया के नेताओं की पेशानी पर भी बल ला दिए हैं। इसके अलावा चुनाव आयोग भी चिंतित हो गया है। आम जनता, मीडिया और चुनाव से जुड़े सभी दल एवं प्रत्याशी इस रुझान की अपने-अपने हिसाब से समीक्षा कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन इसे भाजपा सरकार के खिलाफ जनता का रोष बताकर अपनी जीत का दावा कर रहा है। जबकि एनडीए इसे विपक्ष के प्रति मतदाताओं की उदासीनता कहकर अपनी चिंता को ढांपने की कोशिश कर रहा है। लेकिन हकीकत में दोनों ही पक्ष इससे हैरान और परेशान हैं। क्योंकि पहले चरण की जिन 102 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ है उनमें बहुत कम सीटें ऐसी हैं जिनके बारे में दावे से कहा जा सकता हो कि किसी एक प्रत्याशी या दल के पक्ष में मतदान हुआ है। टीवी मीडिया हो या प्रिंट अथवा कि सोशल मीडिया किसी के भी चुनावी विश्लेषणों को देखें तो इस बात से प्रायः सभी सहमत हैं कि यह रुझान स्पष्ट रूप से कोई निर्णय देता नजर नहीं आता। यह ठीक है कि मतदाता घरों से कम निकले, लेकिन इसकी वजह क्या थी, किसी को पता नहीं। कोई इसके पीछे केंद्र सरकार से नाराजगी, कोई स्थानीय सांसद के प्रति गुस्से तो कोई गर्मी और धूप को वजह बताता है। लेकिन जिन लोगों ने इन परिस्थितियों में भी वोट डाला, वह किसके पक्ष में गया है, यह दावे के साथ बताने की स्थिति में कोई भी नहीं है। अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग परिदृश्य दिखाई देता है। इसलिए संपूर्ण से रुझानों को न तो सत्ताविरोधी लहर के रूप में लिया जा सकता है और न ही मोदी की गारंटी पर मतदाताओं ठप्पे के रूप में। कुल मिलाकर मिलीजुली स्थिति प्रतीत होती है।



इस बीच गुजरात के सूरत से जो तस्वीर सामने आई है उसे भी पहले चरण के मतदान से उपजी खलबली का परिणाम माना जा रहा है। सूरत में भाजपा उम्मीदवार को मतदान से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा जिन परिस्थितियों में खारिज किया गया और बसपा समेत बाकी के अन्य आठ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिए वह एक रहस्य है। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने इसे षड्यंत्र बताते हुए इस चुनाव को रद करने की मांग की है। चुनाव अधिकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में रिश्तेदार व साझेदार के तौर पर जिन तीन लोगों ने हस्ताक्षर किए थे, उनका कहना है कि उक्त हस्ताक्षर उनके नहीं हैं।

कुछ भी हो, लेकिन पहले चरण ने सभी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा में इससे विशेष रूप से सिहरन पैदा हुई है और 'अबकी बार 400 पार' के उसके मंसूबों को झटका लगा है। इनकी तीव्रता को इंडिया गठबंधन, खासकर राहुल गांधी के दावों के इन दावों ने और बढ़ा दिया है कि इस बार भाजपा 180 या डेढ़ सौ पर सिमट जाएगी। इन दावों को विपक्षी हमला कहकर खारिज किया जा सकता है। लेकिन उन तथाकथित आंतरिक सर्वेक्षणों का क्या किया जाए जो सोशल मीडिया और यूट्यूब चैनलों पर तैर रहे हैं और जिनके बारे में कहा जाता है कि ये आरएसएस-भाजपा और केंद्र सरकार द्वारा चुनाव से पहले जनता की नब्ज टटोलने के लिए कराए गए थे। इन सर्वेक्षणों में भी कथित रूप से भाजपा को 200 से कुछ ही ज्यादा सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। और बहुत से लोग मानते हैं कि ये सर्वेक्षण ही राहुल गांधी के दावों का आधार हैं। भले ही वे कहते हों कि उन्हें राज्यों में स्थित अपने कार्यालयों से ऐसी रिपोर्टें मिल रही हैं। जो भी हो, इससे भाजपा और एनडीए का मनोबल कमजोर हुआ है, जबकि विपक्षी गठबंधन के उत्साह में बढ़ोतरी हुई है।

पहले चरण का मतदान भले सुस्त रहा हो, लेकिन इसने अगले चरणों के लिए चुनावी पारे को गर्मियों में और बढ़ा दिया है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनके चुनिंदा कैबिनेट सहयोगियों के साथ भाजपा और आरएसएस के आगे अगले चरणों को निर्णायक रूप से अपने पक्ष में करने की चुनौती खड़ी हो गई है। और जैसे कि संकेत मिल रहे हैं, उन्होंने इसे न सिर्फ स्वीकार किया है, बल्कि नई रणनीति के साथ विपक्ष को नेस्तनाबूद करने के लिए वे दूनी ताकत के साथ मैदान में कूद पड़े हैं। प्रधानमंत्री के भाषण ज़्यादा तीखे और अधिक आक्रामक तो हो ही गए हैं। उनमें क्षेत्र और वक्त के अनुसार परिवर्तन भी दिखाई पड़ रहे हैं। जबसे कांग्रेस ने अपना लोकलुभावन घोषणापत्र जारी किया है मोदी के भाषणों का फोकस यह घोषणापत्र ही रहा है। लेकिन शुरू में वे इसे 'मुस्लिम लीग का घोषणापत्र' बताकर कांग्रेस पर हमला कर रहे थे और उसे अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के लिए कोस रहे थे। लेकिन पहले चरण के मतदान के बाद वे कांग्रेस के इरादों को लेकर खतरनाक किस्म की चेतावनियां देने लगे हैं। मसलन, बांसवाड़ा की चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस आई तो सबके धन की जांच करेगी और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के बयान के मुताबिक उसे मुसलमानों में बांट देगी। कांग्रेस महिलाओं का मंगलसूत्र तक नहीं छोड़ेगी। प्रधानमंत्री के इस बयान की तीखी आलोचना हुई है और कांग्रेस ने चुनाव आयोग में इसकी शिकायत की है। बांसवाड़ा से इतर अलीगढ़ में प्रधानमंत्री के बोल मुसलमानों को लेकर नरम थे। वहां उन्होंने आश्चर्यजनक रूप से मुसलमानों के हित में सरकार द्वारा उठाए गए अनेक कदमों का बखान किया और उनका समर्थन मांगा। प्रधानमंत्री के इन दो अलग-अलग रूपों पर कांग्रेस या विपक्ष की कोई खास प्रतिक्रिया नहीं आई। लेकिन सोशल मीडिया में इसकी विभिन्न तरीकों से समीक्षा की गई। जिनमें एक यह है कि प्रधानमंत्री बिल्कुल सही कह रहे हैं। क्योंकि पिछले दस सालों में मुसलमानों के लिए जितनी योजनाएं यह सरकार लेकर आई है और हज यात्रा से लेकर उन्हें देश में शिक्षा, विदेश में पढ़ाई, नौकरियों और व्यवसाय के लिए रियायतें, सुविधाएं तथा वजीफे दिए गए हैं, उतने पहले की किसी सरकार में नहीं मिले। इन विवरणों ने हिंदू संगठनों को भी हैरान कर दिया है।

इस बीच गुजरात के सूरत से जो तस्वीर सामने आई है उसे भी पहले चरण के मतदान से उपजी खलबली का परिणाम माना जा रहा है। सूरत में भाजपा उम्मीदवार को मतदान से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा जिन परिस्थितियों में खारिज किया गया और बसपा समेत बाकी के अन्य आठ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिए वह एक रहस्य है। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने इसे षड्यंत्र बताते हुए इस चुनाव को रद करने की मांग की है। चुनाव अधिकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में रिश्तेदार व साझेदार के तौर पर जिन तीन लोगों ने हस्ताक्षर किए थे, उनका कहना है कि उक्त हस्ताक्षर उनके नहीं हैं। सच क्या है, इसका पता तो आगे यदि कोई जांच हुई तब ही चलेगा। लेकिन सूरत के इस वाकये ने चंडीगढ़ मेयर के चुनाव की याद दिला दी है। क्या सूरत का मामला भी सुप्रीमकोर्ट जाएगा?

## प्रसंगवश

# किस्से कंगना के



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

शीर्षक देखकर प्रथम दृष्ट्या पाठक का ध्यान वॉलीबुड की अभिनेत्री कंगना की ओर ही जाएगा, जो संप्रति इसलिए खबरों में आईं क्योंकि चुनाव में भाजपा ने उन्हें हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया है। हालांकि यहां मैं उनके बारे में नहीं लिख रहा। लोगों के जेहन में राजा राधिकारमणप्रसाद सिंह की कहानी 'कानों में कंगना' भी कौंध गई होगी। हमें वे कंगना याद तो आए, किंतु यहां उनका विस्तार नहीं है। हिंदू विवाह में कंगन खुलाई एक रस्म होती है । उसकी गांठ वर वधू दोनों को खोलनी होती है, इसे हस्तबंद भी कहते हैं। सीता जी वन में आभूषणों से सज्जित होकर गईं थीं। वे कंगन भी पहने थीं। रावण द्वारा हरण होने पर अशोक वाटिका में वे बहुत क्षीण शरीर हो गईं थीं। जब हनुमान जी वहां पहुंचे, तो उनकी ऐसी ही स्थिति थी। गोस्वामी तुलसीदास ने 'बरवै रामायण' में उनकी वार्ता का उल्लेख करते हुए लिखा है, "अब जीवन की है कपि आस न कोय कनगुरिया कै मूदरी कंगना होय"। यानी छिंगुनी (कनिष्टिका) में पहनी ठाने वाली अंगूठी उनकी कलाई में आ जाती थी और वह कंगना बन गई थी। अब हम माता के वास्तविक कंगनों की बात करते हैं, जिनके नग में विवाह के समय वे शिर नीचे किए राम का रूप देख रहीं थीं। 'राम को रूप निहारति जानकि कंकन के नग की परिछाही' । सामान्य कथा तो यह है कि हनुमान जी को भूख लगी थी और उन्होंने सीता जी से वाटिका के फल खाने की अनुमति मांगी। तदोपरांत उन्होंने फल खाये, वृक्ष तोड़े, राक्षस मारे और पश्चात् लंकादहन आदि हुआ। इस प्रचलित कथा से भिन्नता लिए भी एक कथा है,जो 'आनंद रामायण' में आई है। यह भी महर्षि वाल्मीकि की ही कृति मानी जाती है। इसके अनुसार जब हनुमान जी ने माता से क्षुधित होने की बात कही, तो उन्होंने उन्हें वे दो आम दिए, जो उनको (सीता जी को) खाने के लिए दिए गए थे; साथ ही अपने कंगन हनुमान जी की ओर बढ़ाते हुए कहा कि 'पुत्र! इन्हें लंका के बाजार में बेंचकर, प्राप्त धन से फल आदि क्रय कर लो'। हनुमान जी ने वह प्रस्ताव विनम्रता पूर्वक अस्वीकार कर दिया और वहीं वाटिका में फल तोड़कर खाने की अनुमति मांगी। तब सीता जी ने अनुमति प्रदान कर दी और बाद की कथा वही है,जो सर्व विदित है।

# न जलाएं सूखी पत्तियां



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

पेड़ की हरी पत्तियों में मौजूद क्लोरोफिल यानि हरा पदार्थ, वातावरण में मौजूद जल-कणों या आर्द्रता हाईड्रोजन व आक्सीजन में विभाजित कर देता है।

जो समाज अभी कुछ महीनों पहले हवा की गुणवत्ता खराब होने के लिए हरियाणा-पंजाब के किसानों को पराली जलाने के लिए कोस रहा था, वह अब खुद अपने हाथों से अपनी तकदीर को आग लगा रहा है। महानगरों के बड़े हिस्सों में अभी भी खुलापन, पेड़, हरियाली और बगीचे जिंदा हैं तो जगह-जगह सूखे पत्तों का ढेर लगा है। हर कॉलोनी में इनके निस्तारण के लिए आग लगाना आम बात है। कुछ लोगों के लिए यह झड़ते पत्ते महज कचरा हैं और वे इसे समेट कर जलाने को परंपरा, मजबूरी, मच्छर मारने का तरीका व ऐसे ही नाम देते हैं। असल में यह ना केवल गैरकानूनी है, बल्कि अपनी प्रकृति के साथ अत्याचार भी है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने तो सन 2016 में बड़े सख्त लहजे में कहा था कि पेड़ों से गिरने वाली पत्तियों को जलाना दंडनीय अपराध है व प्रशासनिक अमले यह सुनिश्चित करें कि आगे से ऐसा ना हो। इस बारे में समय-समय पर कई अदालतें व महकमे आदेश देते रहे हैं, लेकिन कानून के पालन को सुनिश्चित करने वाली संस्थाओं के पास इतने लोग व संसाधन हैं ही नहीं कि हरित न्यायाधिकरण के निर्देश का शत-प्रतिशत पालन करवा सके। कुछ साल पहले लुटियन दिल्ली में एक सांसद की सरकारी कोठी में ही पत्ती जलाने पर मुकदमा कायम हुआ था, उसके बाद दिल्ली में तो इस विषय में जागरूकता और सतर्कता है। लेकिन कई जगह तो नगर को साफ रखने का जिम्मा निभाने वाले स्थानीय निकाय खुद ही कूड़े के रूप में पेड़ से गिरी पत्तियों को जला देते हैं। असल में पत्तियों को जलाने से उत्पन्न प्रदूषण तो खतरनाक है ही, सूखी पत्तियां कई मानों में बेशकीमती हैं व प्रकृति के विभिन्न तत्वों का संतुलन बनाए रखने में उनकी महति भूमिका है।

सूखी पत्तियां जलाने से इंसान खुद ही कई बीमारियों को न्योता देता है। यह अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, आंखों में खुजली, सिरदर्द और नाक बहना और यहां तक कि जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली फैनफड़ों जटिलताएं भी हो सकती हैं। गिरी हुई पत्तियों को जलाने के अल्पकालिक और दीर्घकालिक संपर्क से अस्थमा के दौरे, दिल के दौरे और कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता का खतरा भी बढ़ सकता है।

पेड़ की हरी पत्तियों में मौजूद क्लोरोफिल यानि हरा पदार्थ, वातावरण में मौजूद जल-कणों या आर्द्रता हाईड्रोजन व आक्सीजन में विभाजित कर देता है। हाईड्रोजन वातावरण में मौजूद जहरीली गैस कार्बड डाय आक्साईड के साथ मिल कर पत्तियों के लिए शर्करायुक्त भोजन उपजाता है। जबकि आक्सीजन तो प्राण वायु है ही। जब पत्तियों का क्लोरोफिल चुक जाता है तो उसका हरापन समाप्त हो जाता है व वह पीली या भूरी पड़ जाती हैं। हालांकि यह पत्ती पेड़ के लिए भोजन बनाने के लायक नहीं रह जाती है हैं लेकिन उसमें नाईट्रोजन, प्रोटिन, विटामिन, स्टार्च व शर्करा आदि का खजाना होता है। ऐसी पत्तियों को जब जलाया जाता है तो कार्बन, हाईड्रोजन, नाईट्रोजन व कई बार सल्फर से बने रसायन उत्सर्जित होते हैं। इसके कारण वायुमंडल की नमी और आक्सीजन तो नष्ट होती ही है, कार्बन मोनो आक्साईड, नाईट्रोजन आक्साईड, हाईड्रोजन सायनाईड, अमोनिया, सल्फर डाय आक्साईड जैसी दम घोटने वाली गैस वातावरण को जहरीला बना देती हैं। इन दिनों अर्जुन, नीम, पीपल, इमली, जामुन, ढाक, अमलतास, गुलमोहर,शीशम जैसे पेड़ से पत्ते गिर रहे हैं और यह मई तक चलेगा।

एक बात और पत्तों के तेज जलाने की तुलना में उनके धीरे-धीरे सुलगने पर ज्यादा प्रदूषण फैलता है। एक अनुमान है कि दिल्ली एनसीआर इलाके में जलने वाले पत्तों से पचास हजार वाहनों से निकलने वाले जहरीले धुएं के बराबर जहर फैलता है। यानि चाहे जितना प्रयास कर लें पतझड़ के दो महीने में ही सालभर का जहर हवा में घुल जाता है।

अमेरिका और यूरोप के देशों में पेड़ से गिरी पट्टी को वहां से उठाने पर भी पाबंदी है। यदि केवल एनसीआर की हरियाली से गिरे पत्तों को धरती पर यूं ही पड़ा रहने दें तो जमीन की गर्मी कम होगी, मिट्टी की नमी घनघोर गर्मी में भी बरकरार रहेगी। यदि इन पत्तियों को महज खत्ती में दबा कर कंपोस्ट खाद में बदल लें तों लगभग 100 टन रासायनिक खाद का इस्तेमाल कम किया जा सकता है। इस बात का इंतजार करना बेमानी है कि पत्ती जलाने वालों को कानून पकड़े व सजा दे। इससे बेहतर होगा कि समाज तक यह संदेश भली भांति पहुंचाया जाए कि सूखी पत्तियां पर्यावरण-मित्र हैं और उनके महत्व को समझना, संरक्षित करना सामाजिक जिम्मेदारी है।

## सोशल फोरम

# आराध्य की सेवा के गुण



हफीज किदवई
लेखक

पढ़ते थे, मज़ा आता था कि राम जी को तो बांध बनाना पड़ता, जबकि भक्त हनुमान एक छलांग में ही समन्दर पार कर जाते। मेरा दिल कहता था कि भक्त हनुमान का दिल कितना चंचल और कोमल है। सियाराम के लिए उनमें कितना समर्पण है। इतना समर्पण देख अक्सर आंख भर आती कि क्या कोई अपने नरम दिल के साथ भी चट्टान की तरह अपनों की हिफाज़त कर सकता है। हनुमान जी के लिए मेरा दिल हमेशा नरम रहा, इधर कुछ सालों से गाड़ियों के पीछे त्यौरियां चढ़ी हनुमान जी की तस्वीर देखता रहता हूं, तो दिल एक झटके में कह उठता, यह सियाराम वाले हनुमान नही हैं, यह मेरे दिल में बसने वाले हनुमान से मेल नही खाते।

अभी कुछ वक़्त पहले वैसी ही तस्वीर फिर नज़रों से गुज़री मगर यहां माथे पर त्यौरियां नही हैं, आंखे सादगी से खुली हुई है। तस्वीर में उत्तेजना या क्रोध नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक विनम्रता है। एक दम से दिल बोला, यही तो वह मेरे हनुमान हैं, जो कहीं गुम हो गए थे। यही तो वह हैं जो सिया के भक्त हनुमान हैं, जिनके रहते राम के प्राण हरने की तीनों लोकों में किसी की हिम्मत नहीं हो सकी। यही तो मेरे भोले भाले हनुमान हैं जिन्हें राम नागलोक में अपनी अंगूठी ढूंढने भेजते हैं ताकि वह जाएं और खुद राम सरयू में घुलमिल जाएं। भला हनुमान जी के रहते कोई राम जी को ले जा सकता था । हनुमान जयंती पर यह समझने की कोशिश कीजिए कि उनमें सिर्फ़ क्रोध नही था, बल्कि उनमें जीवन का एक खूबसूरत दर्शन गूंथा हुआ है। दिल में मोहब्बत और रहम, रूह में ख़िदमत, जिस्म में अथाह ताकत यही तो हैं हनुमान। एक ऐसा किरदार जो सिर्फ और सिर्फ ख़िदमत से इतना ऊंचा मकाम पाए। केवल अपने आराध्य की सेवा के गुण से घर घर जगह बना गए । अगर आपके दिल में हल्की भी मोहब्बत है तो वह हनुमान ही हैं। किसी आंसू के लिए तड़पन है तो वह हनुमान हैं। किसी बीमार के लिए आपके कदम उठे तो उन कदमों में हनुमान हैं।

-फेसबुक वॉल से

# नक्सलियों के विरुद्ध केंद्र का प्रहार



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क आवश्यकता योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के 34 जिलों में लागू किया है। इस योजना में 5,362 किमी सड़कों का निर्माण हो भी चुका है।

कांकेर (छत्तीसगढ़) में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सली मार गिराए। सूचनाएं थी कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे, उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद हुए। बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है। पर, नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंक झेलता आया है। अब समय की मांग इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने का कतई औचित्य नहीं है? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए।

केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाई हुई है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिल रहे हैं। नक्सल आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुईं थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आई। इस दौरान 485 सुरक्षा बलों के जवानों की जाने गई। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई।

सन्-2009 में यूपीए सरकार ने ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' शुरू किया था। तब कहा गया था कि सरकार नक्सलियों को पूरी तरह खत्म कर देगी। सीआरपीएफ को इसके लिए खास तरह के टास्क दिए गए, यहां तक की भारतीय सेना को भी लगाया गया। लेकिन, ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' सुरक्षा बलों के लिए ही काल बन गया। अप्रैल-2010 में नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ही दिन 76 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या कर दी। घरेलू मोर्चे पर यह ऑपरेशन 'ब्लूस्टार' के बाद सुरक्षा बलों की सबसे ज्यादा मौतों की यह घटना बन गई। यूपीए में तीन तीन गृहमंत्री बनाए गए, शिवराज पाटिल, चिदंबरम और सुशील शिंदे। नक्सलवाद को लेकर तीनों की अपनी अलग-अलग राय थी। यूपीए सरकार में ही हिंसक नक्सलियों को गुमराह और नेक इरादे वाले लोगों के रूप में वर्णन किया गया। यूपीए सरकार ने ही मलकानगिरी के कलेक्टर विनीत कृष्णा के बदले में आठ माओवादियों को रिहा किया।

केंद्र सरकार ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही। जिनमें वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त क्षेत्रों में 17,600 किमी सड़कों को मंजूरी देना। केंद्र ने राज्यों को नियमित निगरानी के लिए हेलीकॉप्टर और मानव रहित हवाई वाहन उपलब्ध करवाना। सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए स्पेशल फंड्स जारी किए। इस मद में करीब 971 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मंजूरी भी हुईं। इन परियोजनाओं में 250 किलेबंद पुलिस स्टेशन स्थापित करने का काम शुरू भी हुआ।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क आवश्यकता योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के 34 जिलों में लागू किया है। इस योजना में 5,362 किमी सड़कों का निर्माण हो भी चुका है। इसके अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सरकार ने अगस्त 2014 में इन क्षेत्रों में मोबाइल टावरों की स्थापना को भी मंजूरी दी। अब तक 4885 मोबाइल टावर लगाए गए हैं। दूसरे चरण में 2,542 मोबाइल टावर और लगाए जा रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे को 2017 में 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दिए हैं और अब इसमें बढ़ोतरी करके 40 लाख कर दिए हैं। लेकिन नक्सली फिर भी नहीं मान रहे। तभी हार कर अब उनके खिलाफ 'पुलिस टेक्नोलॉजी मिशन' शुरू हुआ है। ताकी इनपर अंतिम प्रहार किया जाए। कांकेर मुठभेड़ उसी का हिस्सा है।

# शब्द की अपार शक्ति



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

शब्द में अपार शक्ति होती है। शब्द अक्षर से बनता है और अक्षर का अर्थ होता है, 'जिसका क्षय या क्षरण न हो'। मुंह से निकली बात सबसे दूर,यानि क्षितिज तक जाती है। इसका कभी अंत नहीं होता। इसीलिए 'बातहिं हाथी पाइए, बातहिं हाथी पांव', कहा जाता है। एक राजा का बूढ़ा मरणासन्न हाथी था। उसने राज्य में मुनादी कराई, कि उसका हाथी जिसके भी खेत में सुबह को हुआ करे या पाया जाए वह तत्काल राजा को सूचना दे, अन्यथा उसे मृत्यु-दंड दिया जाएगा। पर, खबरदार! कोई भी उसे हाथी की मौत की खबर न दे। हाथी के मरने की सूचना देने वाले को भी मौत की सजा दी जाएगी। बूढ़ा हाथी,ऊपर से उसकी मरणासन्न स्थिति, सो उसको तो निकट भविष्य में मरना ही था। अस्तु, किसी सुबह को एक ईख के खेत में वह मृत पाया गया। खेत वाले ने सुबह को जब अपने खेत में राजा का हाथी मरा पाया,तो उसके प्राण ही सूख गये,काटो तो खून नहीं। उसके पुत्र ने उसकी परेशानी का कारण पूछा, तो किसान ने सारा माजरा बताया। पुत्र अति प्रतिभावान था। उसने पिता को घर पर ही रोक दिया और स्वयं राजा के पास जाकर राजा से कहा, "महाराजाधिराज! की जय हो! आपके चरणों में प्रणामोपरान्त निवेदन है, कि शाही हाथी मेरे खेत में है। पर, वह न हिल-डुल रहा है,न चल-फिर रहा है, न खा-पी रहा है,और न सांस ही ले रहा है।" राजा उसका आशय समझ गया। राजा ने लड़के के वाकचातुर्य पर रीझ कर उसे अपना मंत्री बना लिया। बात की भांति का एक उदाहरण देखिए- 'पानी का कम प्रयोग कीजिए' और 'कम पानी का प्रयोग कीजिए' दोनों वाक्यों में जमीन-आसमान जैसा अंतर है। बात कहने के तनिक से अंतर या लापरवाही से दोनों बातों के बीच अंतर उपस्थित हो जाता है। देखें- बहुधा स्कूल वाहनों के पीछे लिखा होता है, 'सावधान! बच्चे उतर रहे हैं'। इसे पढ़ कर पीछे वाले वाहन का चालक अपने वाहन को सावधानीपूर्वक नियंत्रण योग्य गति में चलाता है। जबकि इसी वाक्य को, यद्यपि उसी भावना के साथ,नाम मात्रेण इतनी लापरवाही के साथ,कि संबोधनसूचक चिन्ह,( !) को लुप्त करके,यूं लिख दिया जाए (जो वाहनों पर अक्सर लिखा होता है), 'सावधान बच्चे उतर रहे हैं', तो इसका अर्थ ही उलट जाता है। यानि अर्थ का यह अनर्थ हो जाता है, कि पीछे वाले वाहन के चालक को अब वाहन की गति और ड्राइविंग को लेकर अधिक सजगता बरतने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आगे वाले वाहन से उतरने वाले बालक स्वयं सावधान और होशियार हैं।

उपर्युक्त उदाहरणों से हम सहज ही इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं,कि हर शब्द का एक स्थानीय मान होता है। जैसे 333 (तीन सौ तैंतीस) में 3 का अंक ही 3 बार आया है, पर इकाई पर रखे अंक 3 (तीन) की कीमत जहां मात्र 3(तीन) है,वहीं सैकड़ा के स्थान पर स्थित 3 का मूल्य 300 (तीन सौ) है।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के बेहटा छावनी वार्ड के पास मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस तथा जीआरपी ने युवक के शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने में लगी रही। दोपहर मृतक युवक की शिनाख्त 23 वर्षीय जितेंद्र पुत्र सुदामा निवासी वार्ड शेरापुर नगर महमूदाबाद के रूप में हुई। युवक के मौत की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। परिजनों के मुताबिक मृतक जितेंद्र सोमवार शाम लखनऊ काम करने जा रहे थे की बात कहकर घर से निकला था। जिसके बाद मंगलवार सुबह उसका क्षत-विक्षत शव बेहटा छावनी वार्ड के पास रेलवे पटरी पर मिला। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। परिजनों द्वारा कोई गुमशुदगी नहीं दर्ज कराई गई थी।

### बाइक से गिर कर गई अधेड़ की जान

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** भेलसर रुदौली मार्ग पर सोमवार रात में बाइक से गिर एक अधेड़ की मौत हो गई। कोतवाली रुदौली के मोहल्ला वजीरगंज निवासी साबिर अली रात लगभग 2 बजे लखनऊ से बस से भेलसर पर उतरे। भेलसर से रुदौली जा रहे बाइक सवार से लिफ्ट मांग ली। चौकी प्रभारी भेलसर मनीष चतुर्वेदी ने बताया चौराहे से थोड़ी दूर बढ़ते ही तेज रफ्तार बाइक रोड पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाइक पर सवार साबिर को गंभीर चोटें आईं वहीं बाइक चालक को मामूली चोटें आईं। गंभीर रूप से घायल साबिर अली को सीएचसी में चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

# पल भर में सभी दुख-दर्द हर लेते हैं संकटमोचन महाबली हनुमान

**जयंती**

▸▸ हनुमान मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, भंडारे में श्रद्धालुओं से ग्रहण किया प्रसाद

**सीतापुर, अमृत विचार।** ज्योतिषीयों के सटीक गणना के अनुसार हनुमान जी का जन्म 85 लाख 58 हजार 112 वर्ष पहले त्रेतायुग के अन्तिम चरण में चैत्र पूर्णिमा को मंगलवार के दिन हुआ था, जिसे पहले कपिस्थल कहा जाता था। हनुमानजी को शिवजी के 11 रुद्र अवतारों में से एक थे। इस मान से वे पिछले जन्म में रुद्र भगवान थे। भारद्वारज मुनि द्वारा कपिराज केसरी को दिए गए वरदान के चलते उनके यहां हनुमानजी के रूप में रुद्र का जन्म हुआ। हनुमान जी को मारुतिनंदन केसरीनादन से भी पुकारा जाता है।

हनुमान जयंती के मौके पर मंगलवार को जेल रोड स्थित बडा हनुमान मंदिर के पुजारी रमाकांत पाण्डे के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के बारे में बताते हुए कहा कि आज हनुमान जन्मोत्सव का पर्व है। मान्यता है कि बजरंगबली आज भी सशरीर हम सभी के आस-पास मौजूद हैं और हमारी रक्षा करते हैं। वैसे तो सप्ताह के हर दिन बजरंगबली पूजा की जाती है। हालांकि, मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित है। वहीं उनकी की विशेष कृपा प्राप्त करने के लिए हनुमान जन्मोत्सव का दिन और भी शुभ माना गया है। हर वर्ष चैत्र शुक्ल की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जन्मोत्सव का पावन पर्व मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार हनुमान जी के समक्ष किसी भी तरह की शक्तियां नहीं टिक पाती है। वह पल भर में ही व्यक्ति के सभी दुख, दर्द हर लेते हैं। इसलिए उन्हें संकटमोचन महाबली हनुमान कहा जाता है। इस अवसर पर पूजारी द्वारा महाबली हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया। फूलों की लड़ियों से मन्दिर प्रांगण सजाया गया एवं हनुमान जी पसंद बेसन के लड्डूओ का भोग लगाया गया। शाम के समय पुजारी मनोज पांडेय नीरज पांडे एवं अन्य पुजारियों ने भगवान हनुमान की महाआरती की। आरती के दौरान सैकड़ो श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा, बजरंग बाण का पाठ किया गया। वही हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा तहरी व बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गई। वही शहर रोडवेज स्थिति दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, चांदी वाले हनुमान मंदिर छोटा हनुमान मंदिर में भी जन्मोत्सव पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।





मंदिर में हनुमान जी की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# कार की टक्कर से दो बाइकसवारों की मौत

## महोली-सीतापुर बाइपास पर हुआ हादसा

**महोली, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के बाइपास पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवारों की मौके पर मौत हो गई जबकि कार ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कार ड्राइवर को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया है।

वरिष्ठ उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम इलाके के बीसूपुर सरेली निवासी हरिनाम (32) पुत्र राम लोटन अपने साथी राजेंद्र (48) पुत्र गजराज निवासी मसंदापुर थाना महोली के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से महोली आया था। रात करीब 9 बजे जब दोनों वापस अपने घर जा रहे थे, तभी अढ़ौरी मोड़ के निकट बाइपास पर सीतापुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक सवार दोनों लोग उछलकर दूर जा गिरे। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई जबकि कार का ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से तीनों को महोली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। यहां चिकित्सक ने हरिनाम और राजेंद्र को मृत घोषित कर दिया जबकि ड्राइवर का प्राथमिक उपचार शुरू किया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



हादसे में दुर्घटनाग्रस्त कार। अमृत विचार

### बोलेरो से टकराई बाइक युवक गंभीर घायल

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** हरगांव थाना क्षेत्र मे सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर डिवाइडर पर मुड़ रही बोलेरो से बाइक की टकरा गई। जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

तालगांव थाना क्षेत्र के गांव बनकट पुरवा निवासी अशोक मंगलवार को अपने दोस्तों अनुभव व लवकुश को हरगांव के दीपपुर उनके घर भेजने जा रहे था। सीतापुर-लखीमपुर हाइवे पर कल्लापुर के पास डिवाइडर पर मुड़ रही बोलेरो से बाइक टकरा गई। जिससे बाइक चालक अशोक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके दोस्तों को भी हल्की फुल्की चोंटे आयी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी लेकिन पुलिस के न पहुंचने पर घायल को एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। चालक बोलेरो छोड़कर मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। घायल की तरफ से अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, मां की मौत, बेटा घायल

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सैदापुर गांव के पास लगे जवाहरपुर चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र दरियापुर ए के पास मटकी चढ़ाकर वापस गांव जा रहे मां बेटे को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें 57 वर्षीय निर्मला पत्नी स्व सुधाकर मिश्र निवासी दीक्षितपुरवा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई बेटे रिंकल 35 घायल हो गया।घरवालों ने पुलिस को तहरी दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी कृष्ण बली सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों ने तहरीर दी है मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बैलगाड़ी पर किशोर से किया कुकर्म, शिकायत

महोली, सीतापुर

▸▸ महोली के बड़ा गांव चौकी क्षेत्र के पड़ोस गांव की घटना

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती रात एक किशोर से कुकर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घर पहुंचे किशोर ने परिजनों को आप-बीती बताई तो वह शिकायत लेकर चैकी पहुंचे। आरोप है कि पुलिस केस दर्ज करने में हीला-हवाली की तो परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। इसके बाद बैकफुट पर आई पुलिस ने केस दर्ज करने की बात कही है।

महोली के बड़ा गांव चौकी क्षेत्र के पड़ोस गांव का एक किशोर बीती रात खेत देखने गया था। आरोप है कि जब वह गांव के बाहर था तभी गांव के दो अन्य लड़के मौके पर पहुंचे और पास खड़ी बैलगाड़ी पर ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया। किसी तरह घर पहुंचे किशोर ने परिजनों को आपबीती बताई। जिसके बाद परिजन शिकायत लेकर थाने पहुंचे, लेकिन चौकी पुलिस ने मामले को गंभीरता से नही लिया। जिसके बाद पीड़ित परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। ऐसे में बैकफुट पर आई पुलिस ने मामले में केस दर्ज किए जाने की बात कही। इस संबंध में जब इंस्पेक्टर उमाकांत शुक्ल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है। पीड़ित और आरोपी संभवतः नाबालिग हैं। पीड़ित का चिकित्सीय परीक्षण कराया जाएगा। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# महिला व किशोर बैरकों का सिविल जज ने किया निरीक्षण

**सीतापुर, अमृत विचार।** मंगलवार को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तृतीय द्वितीय के निर्देशानुसार सुदेश कुमारी सिविल जज (सी. डि.)/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कारागार पहुंची और साप्ताहिक निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले महिलाओं की बैरक की व्यवस्थाएं देखीं। महिला बंदियों से बात करने पर मालूम हुआ कि सभी के पास उनके अपने निजी अधिवक्ता उपलब्ध हैं।

दोषसिद्ध महिला बन्दियों ने पूछने पर बताया कि जिला कारागार द्वारा जेल अपील तथा निजी अपील कराई जा चुकी है। ऐसे में सभी महिला बन्दियों को निःशुल्क अधिवक्ता के बारे में बताया गया तथा खाने के बारे में वार्ता भी की गयी। सभी बन्दियों ने समय से खाना मिलने की बात कही। इसके बाद किशोर बैरक का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही कारागार की पाकशाला के निरीक्षण में साफ-सफाई सही पाई गयी।




जिला कारागार का निरीक्षण करतीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी सचिव।

# मतदान से अपना जनप्रतिनिधि चुनने का मिलता है अधिकारः एसडीएम

**महमूदाबाद, अमृत विचार।** हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है। देश के वयस्क नागरिकों को अपना जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार प्राप्त है। मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करके ही हम जिम्मेदार नागरिक होना प्रमाणित कर सकते हैं। महमूदाबाद विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय बघाइन में आयोजित पाठशाला में उपस्थित शिक्षकों, ग्रामीणों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एसडीएम शिखा शुक्ला ने यह बात कहीं।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए आगामी 13 मई को अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें। लोगों को संबोधित करते हुए बीडीओ श्रीश गुप्ता ने कहा कि प्रशासन मतदाताओं की सुविधा के लिए सारे प्रबंध करेगा। किसी भी मतदान केंद्र पर कोई अव्यवस्था नहीं होगी। अट्ठारह वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके ऐसे सभी लोग मतदान अवश्य करें जिन्होंने मतदाता के रूप में पंजीकरण कराया है। चुनावी पाठशाला को बीईओ सीमा चैहान व रामपुर मथुरा के बीईओ उदय मणि पटेल ने भी संबोधित किया।इस मौके पर एसडीएम, बीडीओ व बीईओ ने मतदाता सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम का संचालन उमेश वर्मा व आभार प्रदर्शन प्रधानाध्यापिका अर्चना वर्मा ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान राम नरेश वर्मा, प्रधान प्रेम चन्द्र वर्मा, दीप्ति वर्मा, पवन कुमार, शिवेंद्र प्रताप, राम सजीवन, राजेन्द्र कुमार, अतुल वर्मा, ललित शर्मा, मुन्नी लाल, शिवप्यारी, सुमन देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।




जागरूकता कार्यक्रम में सेल्फी पॉइंट का उदघाटन करतीं एसडीएम।

## सार-संक्षेप

### महोठेरानी को मटकी चढ़ाने उतरा आस्था का सैलाब



महोठेरानी को मटका चढ़ातीं श्रद्धालु महिलाएं। अमृत विचार

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र मास की पूर्णिमा से माता महोठेरानी को मटकी चढ़ने के साथ एक माह तक चलने वाला मेला शुरू हो गया है। देर रात से ही मंदिर की तरफ जाने वाली हर सड़क पर लोग माता रानी के जयकारे लगाते हुए दिखाई दिये। श्रद्धालु दण्डवत करते हुए मातारानी के दर्शन के लिए बढ़ते चले जा रहे थे। सुबह होते ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु मातारानी को मटकी चढ़ाने के लिए आ चुके थे। श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसके लिए मेला प्रबंधक मधु कृष्ण पाण्डेय व थाना प्रभारी कृष्ण बली सिंह मुस्तैद दिखे। सेवानिवृत्त आयुर्वेद डॉक्टर नत्थानंद बताते हैं कि यह मेला दशकों से लगता आ रहा है सहालग के दौरान मेला होने के चलते यहां दहेज का सब सामान मिल जाता था, आज भी इसकी खूब बिक्री होती है दूर-दूर से नाटक नौटंकी सर्कस खूब आते थे, जानवरों की भी बिक्री होती थी, पर धीरे-धीरे यह समाप्त हो गई है।

### छात्राओं ने मेंहदी लगाकर मतदान के प्रति किया जागरूक



हाथों में मेंहदी लगाकर लोगों को जागरूक करती छात्राएं। अमृत विचार

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखंड पहला के प्राथमिक विद्यालय बहटूटपुर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार तथा खंड शिक्षा अधिकारी पहला सुरेंद्र प्रताप के कुशल निर्देशन में चुनावी पाठशाला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे ग्राम पंचायत के सभी नागरिकों प्रधान तथा ग्राम सभा सदस्यों ने भाग लिया इस कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक पहला के एआरपी डॉ. हरिनाम सिंह ने किया। उन्होंने सभी से आगामी 13 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की उन्होंने कहा की मजबूत लोकतंत्र के लिए मजबूत सरकार की आवश्यकता है, जिसे हम लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर बना सकते हैं। मतदाताओं से संबंधित स्लोगन पतंग पर बनाकर उसे उड़ाया तथा महिलाओं के हाथों में मतदान से संबंधित मेहदी लगाकर जागरूक किया। बच्चो द्वारा भी एकांकी नाटक का आयोजन किया गया जिसने सभी का मन मोह लिया फिर हरिनाम द्वारा सभी को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई इस कार्यक्रम में सहायक अध्यापक गौरव सिंह प्रियंका वर्मा शिक्षा मित्र रमेश चंद्र तथा ग्राम प्रधान सभी सदस्यों तथा ग्रामीणों द्वारा भाग लिया गया।

### हनुमान भक्तों ने निकाली विशाल पदयात्रा

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** चैत्र पूर्णिमा श्री हनुमान जयंती पर श्री हनुमान सेवा समिति हरगांव के तत्वाधान में मंगलवार को नगर पंचायत हरगाँव के गौरीशंकर मंदिर से एक कीर्तनमयी पदयात्रा निकालकर पड़ोसी जनपद लखीमपुर खीरी स्थित श्री बालाजी धाम गुलरिया पहुंची जहाँ पर भक्तों ने बालाजी का विधिवत पूजन अर्चन किया किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष श्री हनुमान जयंती चैत्र पूर्णिमा पर श्री हनुमान सेवा समिति द्वारा मंगलवार को सूर्य कुण्ड तीर्थ प्रांगण में स्थित गौरीशंकर मंदिर व हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन कर सुबह 6 बजे एक कीर्तनमयी पदयात्रा निकलकर लखीमपुर-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर श्री बालाजी धाम गुलरिया (ओयल) में हनुमत भक्तों ने नाचते गाते श्री हनुमान जी और जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए पहुंची और श्रद्धालुओं ने वहाँ पूजा कर प्रसाद वितरण किया। रामनरेश गुप्ता प्रियंक मिश्र, ऋषभ गुप्ता, सुनील त्रिपाठी, रंजीत गुप्ता, अजीत गुप्ता आदि भारी संख्या में हनुमान भक्त मौजूद रहे।

# विसरा रिपोर्ट में मुख्तार को जहर की पुष्टि नहीं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**पड़ताल**

▸▸ 28 मार्च की देर रात मेडिकल कॉलेज में हुई थी मौत

▸▸ न्यायिक जांच टीम को भेज दी गई है विसरा जांच रिपोर्ट

**अमृत विचार।** मुख्तार अंसारी की बिसरा जांच रिपोर्ट में उसे जेल में जहर देने की पुष्टि नहीं हुई है। इससे मामला ठंडे बस्ते में जाता नजर आ रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट न्यायिक जांच टीम को भेज दी गई है।

बता दें कि 28 मार्च की देर रात जेल में बंद मुख्तार अंसारी की मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मुख्तार के परिजनों ने उन्हें जेल में जहर देने का आरोप लगाया था। इस पर प्रशासनिक और न्यायिक जांच टीमें गठित की गईं थीं। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि हो चुकी है, लेकिन फिर भी बिसरा जांच के लिए लखनऊ भेजा गया था। बिसरा रिपोर्ट के बाद यह बात साफ हो गई है कि मुख्तार अंसारी की मौत हार्ट अटैक से ही हुई थी। पुलिस सूत्रों का कहना है कि बिसरा रिपोर्ट लखनऊ से आ गई है और उसे न्यायिक जांच टीम को सौंप दिया गया है। हालांकि जांच टीम का कोई अधिकारी इस पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। जांच टीम ने जेल कर्मियों व अधिकारियों से भी पूछताछ की थी। इसके बाद बैरक में लगे जवानों को हटा लिया गया। जेल अधिकारियों के मुताबिक चुनाव के चलते भी फोर्स हटाया गया है। इधर, प्रशासन की जांच टीम ने मुख्तार की मौत के मामले में सार्वजनिक नोटिस जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि कोई भी व्यक्ति मौत से जुड़ी कोई भी जानकारी अथवा बयान दे सकता है, लेकिन अभी तक कोई नहीं पहुंचा। मुख्तार की मौत के बाद से ही उसके परिजनों में से कोई भी बांदा नहीं आया है। जेल प्रशासन के मुताबिक, सारा सामान सुरक्षित रखा है, लेकिन जांच पूरी होने के बाद ही परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

### मेडिकल कॉलेज चिकित्सकों के अभी तक नहीं हुए बयान

**बांदा।** करीब 10 दिन पूर्व न्यायिक जांच टीम ने मंडल कारागार के बाद मामले में मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया था। टीम ने कॉलेज प्रबंधन से माफिया के इलाज की बीएचटी रिपोर्ट भी तलब की थी, लेकिन इलाज करने वाले 10 से 12 डॉक्टरों से पूछताछ होना अभी बाकी है। मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों का कहना है कि न्यायिक टीम जब चाहे इलाज करने वाले डॉक्टरों के बयान ले सकती है।

# चुनाव की प्रमुख कड़ी हैं बूथ अध्यक्ष व पन्ना प्रमुख

**बलरामपुर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से मंगलवार को पचपेड़वा मंडल स्थित शक्ति केंद्र रामनगर के राम जानकी मंदिर में बूथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुखों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में पहुँचे अजय सिंह पिंकू ने कहा कि लोकसभा एवं विधानसभा का चुनाव गैसड़ी में होना है। चुनाव में बहुत कम समय बचा है ऐसे में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी काफी अहम हो जाती है। डबल इंजन की सरकार ही देश का विकास कर सकती है। बलरामपुर आकांक्षी जिलों में शामिल है।बलरामपुर तभी अग्रणी श्रेणी में शामिल हो पायेगा जब भाजपा सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री मोदी एवं प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ दोनों मिलकर सभी वर्गों के लिए कार्य कर रहे हैं। अजय सिंह पिंकू ने सभी लोगों से लोकसभा प्रत्याशी सकेत मिश्रा एवं गैसडी विधानसभा के प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह शैलू को जिताने की अपील की। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक घिराऊ प्रसाद गुप्ता, बूथ अध्यक्ष कल्लू प्रसाद, अरविंद कुमार, राकेश यादव, बजरंगी प्रसाद कश्यप, राम धीरज पाल, इंद्रजीत मिश्र, सूरज प्रसाद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**एयरपोर्ट** | रामनवमी से पहले ही एयरलाइन कंपनी ने बंद की अपनी उड़ान

# दरभंगा-देहरादून के लिए मिल रहे थे 8-10 यात्री

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से कई नगरों के लिए बंद हुईं फ्लाइटों के पीछे का कारण यात्रियों की संख्या को माना जा रहा है। बताया जाता है कि दरभंगा, पटना व देहरादून जाने वाली फ्लाइट आठ से 10 यात्रियों को लेकर उड़ान भर रही थीं। प्राण-प्रतिष्ठा के कुछ दिन बाद तक तो सब कुछ ठीक-ठाक रहा, लेकिन रामनवमी से पहले ही एयरलाइन कंपनी को उन रूटों पर उड़ान रद करनी पड़ी। हालांकि देहरादून की फ्लाइट सर्दी के मौसम में चलने की संभावना जताई जा रही है।

30 दिसंबर को एयरपोर्ट के लोकार्पण के बाद एक ही माह में एक साथ कई शहरों की फ्लाइट शुरू होने से रामनगरी की एयर कनेक्टिविटी बेहतर हो गई थी। इस दौरान एयर इंडिया, इंडिगो, अकाशा, जूम, स्पाइस जेट व एलायंस एयर ने यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते कई शहरों के लिए अयोध्या से फ्लाइट का संचालन शुरू करा दिया था। सूत्र बताते हैं कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद कई रूट पर यात्रियों की संख्या कम हो गई। जिसमें जयपुर, दरभंगा और पटना के अलावा देहरादून भी शामिल था। इन रूटों पर घाटा देखते हुए संचालन बंद करना पड़ा।



एयरपोर्ट का मुख्य द्वार। अमृत विचार

▸▸ सर्दी के मौसम में फिर उत्तराखंड के लिए शुरू हो सकता है संचालन

### 13 फ्लाइट्स का हो रहा संचालन

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक प्राण प्रतिष्ठा के समय फ्लाइट के संचालन का कोई शेड्यूल नहीं था। उस दौरान सिर्फ अयोध्या एयरपोर्ट से सिर्फ सात फ्लाइट्स का ही संचालन होता था। बढ़ी हुई फ्लाइट्स के बारे में बताया जाता है कि कुछ लोग ग्रुप में बुक कराकर भी आते थे। इस समय शेड्यूल के अनुसार दिल्ली, मुंबई व अहमदाबाद समेत कई रूटों पर 13 फ्लाइट्स का संचालन हो रहा है। इनमें कुछ साप्ताहिक भी हैं।

> विमानों का संचालन एयरलाइंस कंपनियां ही तय करती हैं। हमारा काम सिर्फ एयरपोर्ट पर होता है। कुछ फ्लाइट्स बंद हुई हैं। यात्रियों की संख्या के बढ़ने के बाद उनका संचालन फिर से किया जा सकता है। - विनोद कुमार, डायरेक्टर, एयरपोर्ट

# गोरखपुर और गुजरात की ओर जाने के लिए चली विशेष ट्रेन

**अयोध्या, अमृत विचार।** ग्रीष्मकाल में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे की ओर से विशेष ट्रेनों का संचालन जारी है। अगर आपको गोरखपुर और गुजरात किन तरफ जाना है तो अयोध्या धाम जंक्शन से साबरमती-गोरखपुर-साबरमती विशेष ट्रेन में अपना टिकट बुक करा सकते हैं। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने मंगलवार को बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने साबरमती-गोरखपुर-साबरमती विशेष ट्रेन संचालित करने का निर्णय लिया है। साबरमती से गोरखपुर जाने वाली 09489 ट्रेन का अयोध्या धाम जंक्शन पर 25 अप्रैल को 00.05 बजे आगमन व 00.10 बजे प्रस्थान तथा 09480 गोरखपुर-साबरमती ट्रेन का 26 अप्रैल को 10.55 बजे आगमन व 11.00 बजे प्रस्थान होगा। यह ट्रेन जिले में केवल अयोध्या धाम जंक्शन पर ही रुकेगी।



## इलेक्शन बायस्कोप




लोकसभा चुनाव के आगामी चरणों के लिए प्रचार सामाग्री तैयार करने वाले भी सक्रिय हो गए हैं। इस काम को करने वाले कारीगर इस बार कुछ अलग करने की चाहत में हैं। इसी क्रम में नेताओं और चुनाव चिन्ह के कटआऊट तैयार करने के आर्डर विभिन्न दलों से कारीगरों को मिले हैं। भाजपा कार्यालय लखनऊ के सामने ऐसा ही एक कटआउट तैयार करता कारीगर कैमरे में कैद हुआ। अमृत विचार

## कांग्रेस की नीति गरीबों और वंचितों के लिए समर्पित: नरेन्द्र त्रिपाठी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस हमेशा गरीब और वंचितों के लिए खड़ी रहती हैं। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है और देश के हर वर्ग के लिए हमेशा तत्पर रहती है। कांग्रेस पार्टी जब सत्ता में थी तब हर समुदाय के वर्ग का सम्मान होता था लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब सिर्फ अमीरों की सुनी जाती है और उनके लिए सरकार काम कर रही हैं। यह बात मंगलवार को एक बैठक में जिला कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सिर्फ अमीरों के लिए काम कर रही है। बेरोजगार नौकरी के लिए मारा मारा फिर रहा है लेकिन उसे नौकरी नहीं मिल रही हैं। किसान आत्महत्या कर रहा है लेकिन यह सरकार किसानों के लिए मौन हैं। लोकसभा के चुनाव शुरू हो गए है और जनता वोट के माध्यम से अपना जवाब दे रही है। जल्द ही भाजपा सरकार की आंखे खुलेंगी जब वह सत्ता से बाहर होगी। कांग्रेस सरकार हमेशा से गरीब और वंचितों के लिए समर्पित रहीं हैं।

# राजपूत राजनीति पर फिसलती विपक्ष की पीडीए पॉलिटिक्स

### अखिलेश और मायावती के बीच राजपूत राजनीति पर खींचतान

### भाजपा ने कहा, चुनाव में कोई मुद्दा न होने के कारण विपक्ष कर रहा नाटक

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार।** 'पीडीए पॉलिटिक्स' को धार देने के साथ सपा और बसपा ने अचानक 'राजपूत राजनीति' का रूख क्यों कर लिया? खासकर पश्चिम उत्तर प्रदेश की जनसभाओं में सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा नेत्री मायावती के बयान इस सवाल का जवाब तलाशने को मजबूर करते हैं।

पश्चिम से हवा उड़ी है कि राजपूत भाजपा से नाराज हैं। इसी उड़ी हवा में दोनों ही दल अपने-अपने 'राजनीतिक संदेश' को घोलकर फैलाने की फिराक में हैं। हालांकि, भाजपा के नेताओं का स्पष्ट कहना है कि सब विपक्षी पार्टियों का प्रॉपगेंडा है, उनके पास इस चुनाव में कोई मुद्दा नहीं।





बहरहाल, चुनाव का मौका नाराजगी प्रकट करने का सुअवसर भी होता है। यानि सबकुछ अगर चुनावी ही मान लें तो भी सपा और बसपा जैसी विपक्षी पार्टियां क्षेत्र विशेष में इसे अपने लिए अवसर देख रही हैं। विपक्षी दलों ने भाजपा के कथित नाराज इस कोर वोटर्स तक पहुंच बनाने की कोशिशें तेज कर दीं हैं। विपक्ष ने इसी कड़ी में सिखों पर भी नजरें गड़ा रखी हैं।

### सपा भी कर रही टोपी से पगड़ी को आकर्षित

इससे दो दिन पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी गौतमबुद्ध नगर की रैली में क्षत्रिय समाज के मौजूद होने की बात कही थी। उन्होंने कहा, मैं सिर पर पगड़ी देख रहा हूं. जो लोग पारंपरिक रूप से किसी अन्य पार्टी को वोट देते रहे हैं, यहां अपनी पार्टी की पहचान लाल टोपी पहने अखिलेश बोले, मैं इस बार उनकी राजनीतिक जागरूकता के लिए आभारी हूं कि वे सम्मान और पगड़ी के साथ साइकिल का समर्थन करने जा रहे हैं। सपा प्रमुख के इस बयान पर सपा के गौतमबुद्ध नगर जिला सचिव हेमंत राघव का तर्क है कि, 'जनता में पगड़ी पहने लोग क्षत्रिय थे और जब अखिलेश यादव ने उनकी मौजूदगी को देखा तो प्रतिक्रिया दी। राघव ने दावा किया कि क्षत्रिय इस बार सपा का समर्थन करने जा रहे हैं क्योंकि वे भाजपा से नाराज हैं।

### बसपा भी क्षत्रियों की नब्ज पकड़ने की फिराक में

बसपा नेत्री मायावती ने रविवार को गाजियाबाद में एक चुनावी रैली में इस मुद्दे को उठाया। वहां उन्होंने कहा कि भाजपा क्षत्रियों को नजरंदाज कर रही है। मायावती के मुताबिक, उप्र. में सभी धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं लेकिन पश्चिमी यूपी में अपर कास्ट समाज में से क्षत्रिय समाज के लोग काफी बड़ी तादाद में रहते हैं। भाजपा और अन्य पार्टियां अपने आपको क्षत्रियों की हिमायती समझती हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव में भाजपा और दूसरी पार्टियों ने क्षत्रिय समाज की उपेक्षा की है।

### यह तो सपा-कांग्रेस का नैरेटिव है

हर चुनाव में सपा-कांग्रेस नैरेटिव चलाते हैं कि भाजपा से एक वर्ग नाराज है। इस बार चलाया है कि ठाकुर नाराज हैं। हमसे कोई नाराज नहीं, यदि नाराज हैं तो ये हमारा आपसी मामला है। सपा-कांग्रेस से पूरा उत्तर प्रदेश नाराज है। -राजनाथ सिंह

### नीरज सिंह ने दूर किया भ्रम



बहरहाल, चर्चा है कि भाजपा क्षत्रियों की नाराजगी को भांपते हुए अपने नेताओं को समुदाय के लोगों को मनाने के लिए भेज रही है। इस बीच राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज सिंह का एक बयान प्रभावी माना जा रहा है। नीरज सिंह ने मीडिया को दिए एक वीडियो संदेश में कहा कि, जिस क्षत्रिय समाज को लेकर विपक्ष मुद्दा बनाने की चाहत में है, जनता को यह समझना होगा कि न केवल उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री क्षत्रिय समाज से हैं बल्कि देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी इसी समाज से हैं। ये राष्ट्रीय नेता हैं, इन्हें जाति के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। हालांकि, पार्टी ने उत्तर प्रदेश से 11 उम्मीदवार भी इसी समाज से दिए हैं।

## ददरौल विधानसभा सीट के लिए एक का नामांकन

### चौथे चरण के लिए 35 प्रत्याशियों ने नामांकन किया

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** चौथे चरण में लोकसभा की 13 सीटों के लिए हो रहे चुनाव के लिए मंगलवार को 35 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें धौरहरा सीट के लिए भाजपा से रेखा वर्मा व सपा से आनंद भदौरिया, उन्नाव सीट के लिए सपा से अन्नू टंडन, बसपा से अशोक कुमार, फर्रूखाबाद सीट के लिए भाजपा से मुकेश राजपूत, कन्नौज सीट के लिए भाजपा से सुब्रत, बहराइच सीट के लिए भाजपा से आनंद कुमार आदि प्रत्याशी शामिल हैं जबकि ददरौल विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए एक प्रत्याशी भाजपा से अरविंद कुमार सिंह ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाहजहांपुर में तीन, धौरहरा में तीन, सीतापुर में पांच, हरदोई में दो, मिश्रिख में एक, उन्नाव में तीन, फर्रूखाबाद में तीन, इटावा में तीन, कन्नौज में तीन, कानपुर में छह, अकबरपुर में दो व बहराइच में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि लोकसभा सीटों पर अब तक 80 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि शाहजहांपुर (अजा) लोकसभा सीट के लिए भाजपा से अरुण कुमार सागर ने नामांकन पत्र भरा गया। सीतापुर लोकसभा सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से महेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से चन्द्रशेखर ने नामांकन किया। कानपुर सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से कुलदीप भदौरिया ने नामांकन किया। अकबरपुर सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से राजेश कुमार द्विवेदी व समाजवादी पार्टी से राजाराम पाल ने नामांकन पत्र भरा। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को की जायेगी।

# भइया बनने जौनपुर आए मुंबइया

### महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रहे कृपा शंकर सिंह अब जन्मभूमि से बनना चाहते हैं सांसद

### धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह और बाबू सिंह कुशवाहा से मिल रही कड़ी चुनौती

विपिन शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** इमरती की मिठास के लिए मशहूर जौनपुर की राजनीति कड़वाहट भरी रही है। यहां के मतदाता को न फिल्मी ग्लैमर ने लुभा पाया और न ही बाहुबल झुका पाया। मतदाता बस जातीय बयार के साथ उड़ते रहे हैं। जाति की इसी बयार के भरोसे मुंबइया कृपा शंकर सिंह अब जौनपुर के भइया बनने आए हैं। क्षत्रियों के दबदबे वाले जौनपुर संसदीय क्षेत्र में अब तक हुए 18 चुनावों में 10 बार क्षत्रिय बिरादरी का सांसद चुना गया। मतदाताओं ने 4 बार यादव और 2 बार ब्राह्मण जाति के प्रत्याशी के माथे पर विजय तिलक लगाया। एक बार मुस्लिम और एक बार सन्यासी को संसद भेजा।

जौनपुर संसदीय क्षेत्र में 87 प्रतिशत हिन्दू, 12 प्रतिशत मुस्लिम और 1 प्रतिशत अन्य धर्मों के मतदाता हैं। जातिगत आंकड़ों की बात करें तो सबसे अधिक करीब ढाई लाख ब्राह्मण, करीब दो लाख क्षत्रिय और सवा दो लाख यादव मतदाता हैं। इसके अलावा सवा दो लाख मुस्लिम और करीब दो लाख 40 हजार अनुसूचित जाति के वोटर हैं। अनुसूचित जाति के मतदाताओं में पासी बिरादरी के मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। जातीय गुणाभाग से सभी दलों ने चुनावी द्वंद्व में योद्धा उतारे हैं। बसपा ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीकला सिंह को टिकट दिया है।



भाजपा ने भी महाराष्ट्र प्रदेश सरकार में मंत्री रहे क्षत्रिय बिरादरी के कृपा शंकर सिंह को मैदान में उतारा है। जौनपुर में जन्मे कृपा शंकर सिंह मुंबई में उत्तर भारतीयों की मजबूत आवाज रहे हैं, वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए हैं।

सपा ने अपने परंपरागत यादव, मुस्लिम वोटरों के साथ भाजपा के मतदाता बन चुके कुशवाहा, मौर्या बिरादरी के मतदाताओं को अपने पाले में खींचने के उद्देश्य से बसपा सरकार में मंत्री रहे बाबू सिंह कुशवाहा पर दांव लगाया है। बसपा परंपरागत अनुसूचित जाति मतदाताओं के साथ क्षत्रिय और मुस्लिमों के सहारे चुनावी रण में विजय पताका फहराना चाहती है तो भाजपा क्षत्रियों के साथ ब्राह्मण और गैर यादव ओबीसी व गैर जाटव अनुसूचित जाति वोटरों के सहारे है। इन तीनों दलों के प्रत्याशियों के बीच ही मुख्य मुकाबला दिख रहा है।

### फिल्मी ग्लैमर और बाहुबल की जब्त हुई जमानत

वर्ष 2014 के चुनाव में निवर्तमान सांसद जिला पंचायत की अध्यक्ष और सिंह अपना अलग दल बनाकर चुनाव मैदान में उतरे थे। भाजपा ने केपी सिंह, बसपा ने सुभाष पांडेय और सपा ने पारसनाथ यादव को चुनाव लड़ाया था। कांग्रेस ने फिल्म अभिनेता रवि किशन और आरसीयू ने बिहार के बाहुबली शहाबुद्दीन को टिकट दिया था। चुनाव में अभिनेता रवि किशन को 42759 और शहाबुद्दीन को केवल 19636 वोट ही मिले थे। इन दोनों प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी।

### लहर के विपरीत चलते रहे हैं जौनपुरिया

ज्यादातर चुनाव में जौनपुर के मतदाता चुनावी लहर के विपरीत ही चले हैं। 1962 में जब देश भर में कांग्रेस की पताका फहरा रही थी तब जनसंघ के ब्रह्मजीत को संसद भेज दिया। 1980 में कांग्रेस ने देश भर में मजबूत वापसी की तब भी जौनपुर ने जनता पार्टी को जिताया। 1989 में जनता दल की लहर में भाजपा का कमल खिला गया और 2019 में जब भाजपा ने देश में सबसे ज्यादा सीटें जीतीं तब बसपा का हाथी यहां दहाड़ा।

### जौनपुर में चुनाव, मुंबई में प्रचार

भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह चुनाव तो जौनपुर से लड़ रहे हैं लेकिन वोट जुटाने के लिए मुंबई में मीटिंगें कर रहे हैं। पिछले दिनों मुंबई के बांद्रा में उत्तर भारतीय संघ के सभागृह में कृपा शंकर सिंह ने प्रवासी उत्तर भारतीयों से मुलाकात की थी। इसमें जौनपुर और पूर्वांचल के विकास के लिए मुंबई में व्यापार और रोजगार कर रहे उत्तर भारतीय समाज से वोट देने और अपने लोगों से दिलाने की अपील की गई। इस मुलाकात में कृपा शंकर सिंह ने वादा किया कि ऐसा प्रयास करेंगे कि दो से तीन साल बाद किसी को रोजी-रोटी की तलाश में जौनपुर से अपना गांव छोड़कर महानगरों की तरफ न जाना पड़े। उन्होंने कहा था मैं खुद जन्मभूमि से कर्मभूमि के लिए रोजी-रोटी के लिए आया था। यहां -रोटी कमाने के साथ राजनीति में सेवा का अवसर मिला। मैं जन्मभूमि का ऋण उतारना चाहता हूं।


श्रीकला सिंह।



बाबू सिंह कुशवाहा।

### किसी दल से नहीं बंधे मतदाता

जौनपुर के मतदाता कभी किसी दल से नहीं बंधे। सभी प्रमुख दलों के नेताओं को संसद बनने का मौका दिया। यहां छह बार कांग्रेस जीती तो एक बार जनसंघ का दीपक जला और चार बार भाजपा का कमल खिला। दो बार जनता पार्टी जीती, तो दो बार सपा की साइकिल दौड़ी। बसपा के हाथी ने भी यहां दो बार सभी प्रत्याशियों को रौंदा है।

# आईना : जौनपुर लोकसभा सीट


### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| श्याम सिंह यादव | 500,543 |
| कृष्ण प्रताप सिंह | 4,40,192 |
| देव व्रत मिश्र | 27,185 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कृष्ण प्रताप (केपी) | 3,67,149 |
| बसपा | सुभाष पांडे | 2,20,839 |
| सपा | पारसनाथ यादव | 1,80,003 |
| कांग्रेस | रवि किशन | 42,759 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 व 57 | बीरबल सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | ब्रह्मजीत सिंह | भारतीय जनसंघ |
| 1963,67 व 71 | राजदेव सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | महाराजा यादवेन्द्र दत्त दुबे | जनता पार्टी |
| 1980 | अजीजुल्लाह आजमी | जनता पार्टी |
| 1984 | कमला प्रसाद सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | महाराजा यादवेन्द्र दत्त दुबे | भारतीय जनता पार्टी |
| 1991 | अर्जुन सिंह यादव | जनता दल |
| 1996 | राज केशर सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 | पारसनाथ यादव | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | स्वामी चिन्मयानन्द | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | पारसनाथ यादव | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | धनंजय सिंह | बहुजन समाज पार्टी |
| 2014 | कृष्ण प्रताप सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | श्याम सिंह यादव | बहुजन समाज पार्टी |


**2014 नोटा** 2595 | **2019 नोटा** 2,441

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| बसपा | धनंजय सिंह | 3,02,618 |
| सपा | पारस नाथ यादव | 2,22,267 |
| भाजपा | सीमा | 143,377 |

**2024**

| | | |
|---|---|---|
| कुल मतदाता | - | 19,58,554 |
| पुरुष | - | 10 ,15,545 |
| महिला | - | 9,42,923 |




## अपनी ढपली अपना राग


भाजपा की सरकार गरीबों को दो वक्त का सरकारी राशन देकर उनका असली रोजगार का अधिकार छीन रही है। - मायावती


यूपी में दंगा और गुंडई पूरी तरह समाप्त हो गई है। वे जेलों में चक्की पीस रहे और अब मंत्रियों की गाड़ियों में घूमते नजर नहीं आते। - ब्रजेश पाठक


भाजपा के पास भारत माता पर कोई पेटेंट नहीं है। इन्होंने तो दशकों तक अपने वैचारिक मुख्यालय पर तिरंगा नहीं फहराया। -दानिश अली


भाजपा नेता हार की हताशा में स्तरहीन भाषा का प्रयोग कर रहे। कांग्रेस के घोषणा पत्र के बारे में उनकी बातें दुर्भावनापूर्ण हैं। -अजय राय


मेरठ के जातीय समीकरण अपनी जगह हैं, इसमें कोई शक नहीं है कि यहां भाजपा की जीत होगी। -अरुण गोविल

## भाजपा ने राजनाथ के पक्ष में लांच किया प्रचार गीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा पूरे जोरशोर से चुनाव प्रचार में जुट गई है। लखनऊ संसदीय सीट पर राजनाथ सिंह के प्रचार के लिए गीत लांच किया गया। लोकगीत गायिका वंदना मिश्रा ने गीत को स्वर दिए हैं। उन्होंने हलवासिया कोर्ट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान "राजनाथ भैया को फिर से जिताएंगे, राजनाथ भैया ही फिर से आएंगे, बहनों करो तैयारी कमल हम खिलाएंगे" सुनाया। गीत अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि गीत को नुक्कड़ सभा, चाय पर चर्चा, युवा चौपाल, मंडल स्तरीय सभाओं के साथ प्रचार वैन में चलाया जाएगा। इस दौरान मेयर सुषमा खर्कवाल, पार्षद, मंडल अध्यक्ष, विधानसभा चुनाव संयोजक एवं सहसंयोजक मौजूद रहे।

## घर-घर जाकर विकास कार्यों का पत्रक दें

**अमृत विचार, लखनऊ :** पार्षदों को परिवार पर्ची वितरण का काम पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। साथ ही प्रत्येक घर में जाकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के कराए गए विकास कार्यों का पत्रक देना है। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने हलवासिया कोर्ट में उक्त बात बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह 29 अप्रैल को नामांकन करेंगे। सभी को प्रदेश कार्यालय पर सुबह 10 बजे एकत्र होना है और नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट जाना है। मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनप्रतिनिधियों के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है और सभी निष्ठा के साथ इसका निवर्हन करें। इस दौरान लोकसभा चुनाव सहसंयोजक पुष्कर शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आखिर कब टूटेगा कैसरगंज का सन्नाटा

### 18 लाख मतदाताओं का जोश पड़ रहा ठंडा

### दो दिन बाद शुरू होगा नामांकन, पर मैदान सूना

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** प्रदेश की वीआईपी सीट बन चुकी कैसरगंज का सन्नाटा टूटने से रहा। जिस जोश व उतावले पन से यहां के 18 लाख मतदाता तैयार थे अब उनका जोश भी ठंडा पड़ने लगा है। हर किसी की जुबान पर यही सवाल है कि क्या इस बार कैसरगंज में चुनाव होगा? किसे टिकट मिलेगा? लेकिन इसका जवाब न तो मीडिया के पास है और न राजनीतिक दल दे पा रहे हैं।


यह स्थिति तब है जब पांचवें चरण के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी हो जाएगी और नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। जिन दिग्गजों ने चुनाव लड़ने के मंसूबे पाल रखे हैं वे यदा कदा क्षेत्र में भले ही दौड़ रहे हैं लेकिन वे भी इस बात की गारंटी नहीं दे पा रहे हैं कि वे लड़ेंगे ही।

कैसरगंज लोकसभा सीट से देश की जानीमानी हस्तियां चुनाव लड़ती रहीं। शकुंतला नायर से लेकर कद्दावर नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा तक यहां की नुमाइंदगी सदन में कर चुके हैं। लगातार तीन बार से सांसद बृजभूषण शरण सिंह सांसद हैं। लेकिन भाजपा में ही उनके नाम पर सहमति न बन पाना, उनके स्थान पर अभी तक किसी को न उताराना भले ही राजनीतिक दांवपेच हो सकता है लेकिन कैसरगंज की आम जनता को यह बात अब अखरने लगी है। वहीं समाजवादी पार्टी भी भाजपा के दांव पर अपना दांव चलने की फितरत में है। उसने भी अभी तक अपने कंडीडेट के नाम की घोषणा नहीं की है। बसपा भी इन दोनों दलों के दांवपेंच पर अपनी नजर गड़ाए हुए है। कयासबाजी व बयानबाजी से आजिज आ चुके आम मतदाताओं का जोश ठंडा पड़ गया है। प्रशासन ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्यक्रम चलाया हुआ है लेकिन मतदाताओं के जोश से ही वोट पर चोट हो सकता है। यदि एक दो दिनों में उम्मीदवारों की घोषणा नहीं हुई तो मतदान प्रतिशत भी गिरने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### संभावित जातिवार आंकड़े

| | | | |
|---|---|---|---|
| ब्राह्मण.. | 21% | कुर्मी.. | 05% |
| क्षत्रिय.. | 12% | एससीएसटी.. | 14% |
| मुस्लिम.. | 22% | अन्य.. | 14% |
| यादव.. | 12% | | |

### कैसरगंज लोकसभा सीट के लिए विधानसभा वार मतदाता




| पुरुष | महिला |
|---|---|
| 204829 | 182554 |
| 206010 | 183676 |
| 211098 | 185825 |
| 177854 | 156327 |
| 2198148 | 117607 |

### बहराइच प्रशासन को दो चरणों में कराना होगा चुनाव

कैसरगंज लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र के मतदाता वोट डालेंगे। लेकिन तीन विधानसभा क्षेत्र गोंडा में है और दो विधानसभा क्षेत्र बहराइच में है। बहराइच में चुनाव चौथे चरण में है जबकि गोंडा में चुनाव पांचवें चरण में है। बहराइच जिले में बहराइच सीट के लिए 25 अप्रैल तक नामांकन होना है और मतदान 13 मई को होगा। वहीं कैसरगंज लोकसभा सीट के लिए पांचवें चरण में चुनाव होना है। इसके लिए 26 अप्रैल को नोटिफिकेशन होगा और 20 मई को मतदान कराना होगा। इसी तरह गोंडा सीट के लिए बलरामपुर प्रशासन को भी पांचवें चरण के लिए उतरौला विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कराना होगा, जबकि बलरामपुर में चुनाव छठवें चरण में है।



## चुनावी चक्कर

**चुनाव में हेमा मालिनी को याद आए जय-वीरू और गब्बर :**

जहां सिने तारिका हेमा मालिनी का जिक्र हो वहां फिल्म शोले की भी याद आ ही जाती है। फिलहाल मथुरा की सांसद हेमा मालिनी एक बार फिर संसद पहुंचने की पुरजोर कोशिश में हैं। वह इन दिनों अपने चुनावी अभियान मे व्यस्त हैं। दिलचस्प तो यह है कि खुद हेमा की भी जुबां पर मीडिया को प्रतिक्रिया देते वक्त शोले फिल्म के डॉयलॉग और पात्रों के नाम आ ही जाते हैं। उनकी ऐसी ही फिल्मी प्रतिक्रिया एक टीवी इंटरव्यू के दौरान सामने आयी। हेमा मालिनी ने कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह दोनों राजनीति में 'जय-वीरू' के जोड़ी से कम नहीं। जबकि विपक्ष जिस तरह से फर्जी आरोपों के जरिए राजनीति करना चाह रहा है, वो किसी गब्बर की भूमिका से कम नहीं है। वहीं उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जिस तरह से हल्की बातें करते हैं उससे तो यही लगता है कि वे 'राजनीति में अंग्रेजों के जमाने के जेलर' की भूमिका में हैं। यही नहीं इंडी के कई नेता फिल्म शोले के विभिन्न किरदारों की तरह लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका निभा रहे है जिनकी डायलॉग बाजी से आम जनता खूब हंसती है लेकिन वह अपने हास्यास्पद बयान बाजी से बाज नहीं आ रहे हैं। जनता इनके इरादों को बखूबी समझा रही है।

## विशेष राज्य का दर्जा और वाईएसआरसीपी के मुख्यमंत्री का कामकाज बना आंध्र प्रदेश में सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा

# त्रिकोणीय रण में फंसे जगन मोहन


चुनाव डेस्क

दो जून 2014 को आंध्र प्रदेश का बंटवारा करके इसके कुछ हिस्से को निकालकर तेलंगाना नया राज्य बनाया गया था। अब अमरावती आंध्र प्रदेश की राजधानी और विशाखापत्तनम सबसे बड़ा शहर है। विभाजन के बाद आंध्र प्रदेश में लोकसभा की 25 सीटें हैं। विधानसभा सीटों की संख्या 175 है। यहां से राज्यसभा के लिए 11 सांसद चुने जाते हैं। 2019 की तरह ही आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ कराए जा रहे हैं। राज्य में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। साल 2019 के विधान सभा चुनाव में जगन मोहन रेड्डी की पार्टी युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के आगे सारे विरोधी ढेर हो गए थे। विधानसभा की 151 सीटों पर वाइएसआर कांग्रेस ने कब्जा कर लिया था, तो लोकसभा चुनाव में भी पार्टी शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 सीटें जीतने में सफल रही थी। पिछली बार की तरह इस बार भी राज्य में वाइएसआर कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ रही है, जबकि उसका मुकाबला करने के लिए एनडीए के बैनर तले भाजपा के साथ तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) और पवन कल्याण की जन सेना पार्टी है।

2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी जैसे राष्ट्रीय दलों का खाता तक नहीं खुला था, वहीं राज्य में मुख्य विपक्षी दल एन चंद्रबाबू नायडू की अगुवाई वाली तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) को भी बड़ा झटका लगा। पार्टी महज तीन सीटों पर सिमट गई। टीडीपी को 2014 के चुनाव में राज्य में 15 सीटों पर जीत मिली थी। लेकिन वाइएसआर कांग्रेस की लहर के आगे एक दर्जन सीटें उसके हाथ से जाती रहीं। इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने भी किस्मत आजमाई थी लेकिन उसे कोई जीत नसीब नहीं हुई। फिल्म एक्टर पवन कल्याण की पार्टी जन सेना ने 18 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट उसके खाते में नहीं आई।

- आंध्र प्रदेश में 13 मई को होगा लोकसभा और विधान सभा के लिए एक साथ मतदान
- इस बार टीडीपी-भाजपा-जनसेना ने गठबंधन करके बढ़ाई चुनौती, तो इंडी गठबंधन में कांग्रेस भी अगुवा
- 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा का नहीं खुला था खाता, टीडीपी को लगा था बड़ा झटका

### आंध्र प्रदेश लोकसभा





**1998**
तेलगू देशम के लक्ष्मी पार्वती गुट से हाथ मिलाकर संयुक्त आंध्र प्रदेश में भाजपा ने चार सीटों के साथ 18 प्रतिशत वोट लेकर देश भर में सबको चौंका दिया था।

### 2019 दलीय परिणाम


| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| वाईएसआरसीपी | 22 | 1,55,37,006 |
| टीडीपी | 03 | 1,25,15,345 |
| भाजपा | 00 | 3,03,985 |
| कांग्रेस | 00 | 4,06,977 |
| अन्य | 00 | 2,84,9221 |

**2014**
में भारतीय जनता पार्टी ने तेलगू देशम पार्टी के साथमिलकर चुनाव लड़ा और दो सांसदों के साथ नौ विधायकों को जीत दिलाकर आधार बनाया



### जगन की बहन का साथ पाकर कांग्रेस राज्य की सत्ता पाने को आतुर

युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) जहां अकेले चुनाव लड़ रही है। वहीं इंडिया गठबंधन भी लोकसभा और विधान सभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारा करके मैदान में उतरा है। कांग्रेस के साथ हुए समझौते के मुताबिक सीपीएम एक लोकसभा और आठ विधानसभा सीटों के लिए चुनाव लड़ेगी, जबकि सीपीआई 14 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अराकू (आरक्षित) सीट से सीपीएम ने चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। कांग्रेस राज्य में सवा सौ से अधिक विधान सभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी खड़े कर चुकी है और एक दर्जन से ज्यादा लोकसभा सीटों पर उसके प्रत्याशी मैदान में उतर चुके हैं। आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों कर्नाटक और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों में मिली सफलता से यहां भी कांग्रेस का कैडर उत्साहित है। मुख्यमंत्री जगन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला इसी साल की शुरूआत में कांग्रेस में शामिल हो गई थीं। शर्मिला ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया था। अब वह आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में चुनावी अभियान को गति देने में जुटी हैं। शर्मिला अपने अभियान में भाजपा के विश्वासघात और विशेष राज्य के दर्जे को नकारने का मुद्दा उठा रही हैं।


चंद्रबाबू नायडू।


शर्मिला रेड्डी।

### आंध्र प्रदेश- 2014 लोकसभा का दलीय जनादेश

| पार्टी | सीट | वोट | वोट % |
|---|---|---|---|
| टीडीपी | 15 | 1,17,29,219 | 40.5 |
| वाईएसआरसीपी | 08 | 1,31,31,029 | 45.4 |
| भाजपा | 02 | 20,77,079 | 7.2 |
| अन्य | 00 | 11,75,052 | 4.1 |
| कांग्रेस | 00 | 8,22,614 | 2.8 |

### आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव -2019 परिणाम

| पार्टी | सीट | वोट | वोट % |
|---|---|---|---|
| वाईएसआरसीपी | 152 | 15688569 | 49.95 |
| टीडीपी | 22 | 12304668 | 39.17 |
| अन्य | 01 | 3340394 | 10.88 |

### टीडीपी व जन सेना के साथ समझौते के बाद भाजपा 6 लोस व 10 विस सीटों पर मैदान में

- इस बार जगन मोहन रेड्डी को टक्कर देने के लिए यहां छह साल बाद एक बार फिर भाजपा ने टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू के साथ हाथ मिलाया है। आंध्र प्रदेश के लिए भाजपा द्वारा विशेष श्रेणी का दर्जा मंजूर नहीं किए जाने पर नायडू वर्ष 2018 में एनडीए से बाहर चले गए थे और दोनों पार्टियों ने फिर कभी गठबंधन नहीं करने की कसम खाई थी। लेकिन सियासत में दोस्ती और दुश्मनी बदलती रहती है। गठबंधन के नए राजनीतिक समीकरणों के बाद अब भाजपा राज्य में 6 लोकसभा और 10 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। तेलगुदेशम पार्टी (टीडीपी) 17 लोकसभा और 144 विधानसभा सीटों तथा पवन कल्याण की जनसेना 2 लोकसभा और 21 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

- **टीडीपी-जनसेना-भाजपा गठबंधन को चिरंजीवी का समर्थन दे सकता ताकत:** 2019 के विधानसभा चुनाव में टीडीपी को राज्य में करारी हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी केवल 23 विधानसभा सीटें जीतने में सफल हो सकी थी। वाईएसआरसीपी ने 151 विधानसभा सीटें जीत ली थीं। जन सेना को एक विधानसभा क्षेत्र में सफलता मिली थी। इस बार विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए मेगास्टार चिरंजीवी ने टीडीपी-जनसेना-भाजपा गठबंधन को अपना समर्थन दिया है। यूपीए-2 में मंत्री रहे चिरंजीवी आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद राजनीति में निष्क्रिय हो गए थे। उनके भाई और लोकप्रिय स्टार पवन कल्याण और उनकी पार्टी जनसेना एनडीए गठबंधन का पहले ही हिस्सा है। चिरंजीवी कापू जाति से आते हैं जो आंध्र में पिछड़ी जाति है। इस जाति का करीब 15% वोट माना जाता है। अगर यह वोट एनडीए गठबंधन को मिलता है तो न सिर्फ विधानसभा चुनाव बल्कि लोकसभा चुनाव में भी कई सीटों पर उलटफेर हो सकता है।
- **तेलंगाना के केसीआर जैसा हाल होने की जताई जा रही आशंका** : चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में वाईएसआरसीपी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस बार के चुनावों में राजनीतिक समीकरणों, कामकाज और जनता की आकांक्षाओं के आधार पर मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के लिए अंधकारमय भविष्य की भविष्यवाणी की है। कुछ राजनीतिक जानकार भी आंध्र प्रदेश के चुनावों में जगन मोहन रेड्डी का इस बार तेलंगाना के केसीआर जैसा हाल होने की संभावना जता रहे हैं।

### टीडीपी के साथ छोड़ने से 2019 में धड़ाम हो गया था भाजपा का वोट प्रतिशत

- एनडीए के सीट बंटवारे से साफ है कि भाजपा ने आंध्र प्रदेश में अपनी निरंतर अप्रासंगिकता को समाप्त करने के लिए टीडीपी और जनसेनी की लोकप्रियता पर निर्भर होने का फैसला किया है। टीडीपी के एनडीए से बाहर निकलने से 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर धड़ाम हो गया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को करीब 7.20 प्रतिशत मत मिले थे। लेकिन 2019 के चुनाव में भाजपा का वोट बमुश्किल 1.0 प्रतिशत का आंकड़ा छूने में सफल हो पाया था।

# भाजपा से टिकट कटने पर बिफरे लद्दाख के सांसद

चुनाव डेस्क

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने लद्दाख के मौजूदा सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल का टिकट काटकर मंगलवार को इस केंद्र शासित प्रदेश की एकमात्र लोकसभा सीट से ताशी ग्यालसन को प्रत्याशी बनाने की घोषणा की। नामग्याल ने इस घटनाक्रम पर बगावती सुर में प्रतिक्रिया दी और कहा कि जल्द ही वह अपने अगले कदम की घोषणा करेंगे। ग्यालसन मौजूदा समय में लेह स्थित लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद के अध्यक्ष-सह-प्रमुख कार्यकारी पार्षद हैं। भाजपा द्वारा लद्दाख लोकसभा सीट से उम्मीदवार की घोषणा किए जाने के बाद नामग्याल ने कहा कि पूरे केंद्र शासित प्रदेश से उनके समर्थक इस फैसले पर असहमति व्यक्त कर रहे हैं। भाजपा द्वारा टिकट काटे जाने के बाद अपने बयान में नामग्याल ने कहा, आज, भाजपा ने लद्दाख लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद को बदलकर नए उम्मीदवार की घोषणा कर दी। इस दौरान कोई पारदर्शी कारण और पुख्ता तर्क नहीं दिया गया। नामग्याल ने कहा कि उन्होंने प्रतिबद्ध कार्यकर्ता के साथ हुए इस अन्याय को लेकर अपनी असहमति उचित माध्यम से पार्टी नेतृत्व को पहुंचा दी है। पूरे लद्दाख से सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और मेरे समर्थकों ने इस फैसले को लेकर अपनी असहमति जताई है। नामग्याल ने कहा, ''हम बारीकी से स्थिति का आकलन करेंगे और लद्दाख के लोगों के हित को सबसे आगे रख कर अगले कदम पर फैसला करेंगे। मैं सभी समर्थकों के प्रति उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूं। नामग्याल 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने के नरेन्द्र मोदी सरकार के फैसले का बचाव करने के लिए लोकसभा में दिए भाषण के वायरल होने के बाद सुर्खियों में आए थे। नामग्याल को हटाने का भाजपा का फैसला लेह में बौद्धों के एक वर्ग के बीच सत्तारूढ़ दल के प्रति नाराजगी के बीच आया है। स्थानीय सूत्रों ने कहा कि ग्यालसन पेशे से एक वकील हैं। उन्होंने बताया कि ग्यालसन इस सीट पर भाजपा की पकड़ बनाए रखने के लिए बेहतर स्थिति में हैं, जिसमें मुस्लिम बहुल कारगिल भी शामिल है। लद्दाख सीट पर 20 मई को मतदान होगा।

- अनुच्छेद 370 रद करने और लद्दाख को केंद्र शासित राज्य बनाने पर दिया था बड़ा समर्थन

# दूसरे चरण में नितीश के साथ कांग्रेस की परीक्षा

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। मुख्यमंत्री नितीश कुमार की प्रतिष्ठा भी इस चरण में फंसी हुई है। 2019 में किशनगंज सीट पर कांग्रेस जीती थी जबकि बांका, पूर्णिया, भागलपुर व कटिहार सीट पर जदयू काबिज है। जदयू मुखिया एवं मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने भागलपुर से सांसद अजय कुमार मंडल, कटिहार से सांसद दुलाल गोस्वामी, पूर्णिया से सांसद संतोष कुशवाहा और बांका से सांसद गिरिधारी यादव को पुनः मौका दिया है तो किशनगंज से उम्मीदवार बदल दिया है। यहां से मुजाहिद आलम जदयू से चुनाव लड़ रहे हैं।

**पप्पू यादव की चुनौती ने पूर्णिया में बिगाड़ा राजद का खेल:** अपनी जन अधिकार पार्टी लोकतांत्रिक का कांग्रेस में विलय करने वाले पप्पू यादव अब इंडिया गठबंधन की ही मुसीबत बन गए हैं। महागठबंधन में यह सीट राष्ट्रीय जनता दल के कोटे में है लेकिन राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने यहां से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतर कर राजद उम्मीदवार के माथे पर भी बल ला दिया है। वह कांग्रेस जिंदाबाद के नारे तो लगा रहे हैं लेकिन सहयोगी पार्टी राजद और उसके मुखिया को कोसने से भी नहीं हिचक रहे हैं। यहां जदयू सांसद संतोष कुशवाहा और राजद प्रत्याशी बीमा भारती के बीच मुख्य मुकाबला है लेकिन पप्पू यादव इसे त्रिकोणीय बना रहे हैं। दो बार मधेपुरा और तीन बार पूर्णिया से सांसद रहे पप्पू यादव राजद के वोटों में सेंधमारी कर रहे हैं।

इसका सीधा लाभ जदयू को मिलता दिख रहा है, जबकि पूर्णिया सीट पर लगातार दो बार के जदयू सांसद संतोष कुशवाहा को हराने के लिए राजद ने उनकी ही पार्टी की विधायक बीमा भारती को मैदान में उतारा है। बीमा जदयू से बगावत कर राजद में शामिल हुईं थीं। उधर, पप्पू यादव को उम्मीद थी कि राजद- कांग्रेस में सीटों के बंटवारे में यह सीट कांग्रेस के खाते में जाएगी। इसी चाहत में उन्हेंने अपनी पार्टी का विलय कांग्रेस में कर दिया था। लेकिन लालू प्रसाद यादव ने यह सीट कांग्रेस को न देकर अपने पास रख ली थी।


बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार।

### समाजवादियों का गढ़ बांका का रणक्षेत्र

- बांका सीट समाजवादियों का गढ़ रही है। यहां से जदयू ने अपने सांसद गिरधारी यादव को मौका दिया है जबकि राजद ने पूर्व सांसद जयप्रकाश नारायण यादव को समर में उतारा है। मोदी लहर को धता बताते हुए जयप्रकाश 2014 का चुनाव जीत गए थे लेकिन 2019 में जदयू के गिरधारी यादव ने कड़े मुकाबले में हराया था। गिरधारी चौथी बार सांसद बनने के लिए मैदान में हैं। यहां यादव मतदाताओं की संख्या करीब तीन लाख है तो राजपूत मतदाता भी साढ़े तीन लाख के करीब हैं। कुर्मी और कुशवाहा वोटों पर जदयू की निगाह है। राजपूत मतदाता निर्णायक साबित होते हैं।

### कटिहार में हार का बदला लेने के लिए तारिक अनवर ने बिछाया जाल

- कटिहार सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का है। यहां अल्पसंख्यक मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। 2019 की मोदी लहर में यहां से जदयू के दुलाल चंद्र गोस्वामी जीते थे। उन्होंने कांग्रेस के तारिक अनवर को हराया था। तारिक अनवर इस सीट से चार बार सांसद रह चुके हैं। 2014 की मोदी लहर में भी वे इस सीट को जीतने में कामयाब रहे थे। लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र हैं। इनमें से दो पर भाजपा, दो पर कांग्रेस, एक पर जदयू और एक सीट पर भाकपा माले का कब्जा है। तारिक अनवर लगातार मतदाताओं के बीच यह बताने में जुटे हैं कि क्षेत्र का विकास वे ही कर सकते हैं।

### किशनगंज में कांग्रेस को कमजोर करने में लगी एआईएमआईएम की चुनौती


- किशनगंज लोकसभा सीट मुस्लिम बाहुल्य है। यहां एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी का जबरदस्त प्रभाव है। 2019 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी के उम्मीदवार को यहां तीन लाख वोट मिले थे। पार्टी ने यहां से फिर उम्मीदवार उतारा है। कांग्रेस ने 2019 में जीते मोहम्मद जावेद पर पुनः दांव लगाया है। 2009 और 2014 में यहां से कांग्रेस के असरारुल हक जीते थे। जदयू ने मुजाहिद आलम को कांग्रेस के मुकाबले उतारा है। यह सीट कांग्रेस का गढ़ है, लेकिन 1999 में यहां से भाजपा के शहनवाज हुसैन भी जीत चुके हैं। माना जा रहा है कि इस बार एआईएमआईएम का उम्मीदवार और अच्छे ढंग से लड़ा तो जदयू की जीत तय है।

# अकोला से प्रकाश आंबेडकर को तीसरी जीत की तलाश

**मुंबई।** महाराष्ट्र की अकोला लोकसभा सीट से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पौत्र और वंचित बहुजन विकास आघाड़ी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर चुनाव लड़ते हैं। यहां से आंबेडकर ने 11 बार लोकसभा का चुनाव लड़ा और दो बार जीतकर संसद में पहुंचे। 2004 से इस सीट पर भाजपा लगातार जीत हासिल कर रही है। इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना है। यहां हिंदीभाषी और मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं।

अकोला सीट को त्रिकोणीय मुकाबले के लिए जाना जाता है। इस चुनाव क्षेत्र में 1984 में कांग्रेस प्रत्याशी तिकोने मुकाबले में ही जीती था। भाजपा ने 1989 में पहली बार विजय प्राप्त की थी। 1991 में भी यहां से भाजपा जीती। 1996 में भाजपा के पांडुरंग फुंडकर इस सीट से तीसरी बार विजयी हुए। तीनों चुनावों में उन्हें कांग्रेस के साथ प्रकाश आम्बेडकर की चुनौती का सामना करना पड़ा। 1998 के चुनाव में भारतीय रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी प्रकाश आम्बेडकर ने विजय प्राप्त की। 1999 के चुनाव में भी प्रकाश आम्बेडकर दोबारा चुने गए। इसके बाद 2004, 2009 और 2014 तथा 2019 के चुनावों में भाजपा प्रत्याशी के रूप में संजय धोत्रे ने लगातार विजय प्राप्त की। इन चारों चुनावों में हर बार भाजपा, कांग्रेस और भारतीय रिपब्लिकन पार्टी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हुआ। इस बार अकोला सीट से भाजपा ने संजय धोत्रे के पुत्र अनूप धोत्रे को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव डा.अभय पाटिल तथा वंचित बहुजन अघाड़ी से एड.प्रकाश आम्बेडकर के साथ कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और वंचित बहुजन के बीच माना जा रहा है।

**11**
बार लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले आंबेडकर दो बार जीतकर पहुंचे हैं संसद



**दीदी का हाथ** पश्चिम बंगाल के बीर भूमि निर्वाचन क्षेत्र में तृण मूल कांग्रेस की प्रत्यशी शताब्दी राय को सफल जनसभा के बाद आशीर्वाद प्रदान करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

कांग्रेस इस बार दे रही चुनौती | इस बार भाजपा ने प्रदेश की मंत्री लता वानखेड़े को बनाया उम्मीदवार

# सागर में कमल खिलाने को चेहरा बदलती रही भाजपा

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश की सागर संसदीय सीट भाजपा का ऐसा मजबूत किला है, जिसे ढहाने की कोशिश कांग्रेस पिछले कई चुनावों से कर रही है पर सफल नहीं हो पा रही है। भाजपा इस सीट पर 1996 से लगातार जीत रही है। लगातार चार चुनाव पार्टी नेता वीरेंद्र खटीक यहां से जीते। इसके बाद पार्टी ने 2009 में भूपेंद्र सिंह को मैदान में उतारा। तब भी कांग्रेस ने इस सीट पर कब्जा करने की कोशिश की पर नाकाम रही। भाजपा चुनाव दर चुनाव अपना चेहरा बदलती है और जीत जाती है। इस बार भी पार्टी ने लता वानखेड़े को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने भी इस किले को ढहाने के लिए ललितपुर- झांसी से सांसद रहे सुजान सिंह बुंदेला के बेटे गुड्डू राजा बुंदेला पर दांव लगाया है।

सागर कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा है। वीरेंद्र खटीक ने 1996 में इस सीट पर जीत दर्ज की और इसके बाद वे लगातार चार बार जीते। 2009 में पार्टी ने उन्हें टीकमगढ़ लोकसभा सीट से मैदान में उतारा। तब से वे इस सीट पर जीत रहे हैं और वर्तमान में केंद्र सरकार में राज्यमंत्री हैं। इस सीट पर वैसे तो मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा में ही होता है, लेकिन बसपा इसे त्रिकोणीय बनाने की कोशिश लगातार करती है। हालांकि उसे जीत कभी नहीं मिली। इस बार भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों ने नए चेहरे पर दांव लगाया है। अब देखना यह है कि बार- बार चेहरा बदलकर मैदान मार रही भाजपा का दांव इस बार सही बैठता है या गुड्डू राजा बुंदेला के सहारे कांग्रेस भाजपा से यह सीट छीन लेती है। बसपा ने भी वरिष्ठ नेता रंजोर सिंह बुंदेला को समर में उतारा है। उनकी कोशिश इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की है।



### आठ में से सात विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में विदिशा की तीन और सागर जिले की पांच विधानसभा सीटें आती हैं। सात सीटों पर भाजपा का कब्जा है जबकि एक सीट कांग्रेस के खाते में है। विधानसभा चुनाव के परिणाम को देखें तो भाजपा यहां मजबूत स्थिति में है। कांग्रेस के लिए उसके पांव को उखाड़ना आसान नहीं होगा। हालांकि पार्टी कार्यकर्ता और उम्मीदवार लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और आरक्षण व संविधान बचाने के नाम पर वोट मांग रहे हैं।

### बसपा से कांग्रेस में आए गुड्डू राजा बुंदेला

गुड्डू राजा बुंदेला की गिनती एमपी में बसपा के बड़े नेताओं के रूप में होती है। विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने बसपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ली थी। इसके बाद पार्टी ने उन्हें प्रदेश संगठन में महामंत्री का पद दिया था।

## एक नजर

### आपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** चुनाव आचार संहिता को देखते हुए आपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए हैं। 4304 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये, जबकि 20 लाख 24 हजार 188 लोगों को पाबंद किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पुलिस विभाग की ओर से 7545 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7582 कारतूस, 2900 .32 किलोग्राम विस्फोटक व 411 बम बरामद किए गए हैं। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1274 मामलों व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2192 मामलों में कार्रवाई की गई। इसके अलावा 92 एफआईआर दर्ज कराई गई।

### बिहार के टाइगर गैंग का सदस्य नोएडा से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिहार के टाइगर गैंग का सदस्य और विगत दो वर्षों से हत्या के प्रयास, अपहरण और डकैती जैसी वारदातों को अंजाम देकर फरार अपराधी सुशील राय मंगलवार को एसटीएफ ने नोएडा से गिरफ्तार किया है। बिहार पुलिस ने सुशील राय पर एक लाख का इनाम रखा था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को नोएडा के नोली थाने में रखा गया है। पूछताछ में सुशील ने बताया कि वर्ष 2001 में गांव की जमीन की रंजिश को लेकर उसके भाई मुन्ना राय की हत्या सुबोध राय एवं रामाधार राय ने अपने परिजनों के साथ मिलकर की थी। बदला लेने के लिए उसने रामाधार राय को गोली मारकर घायल कर दिया था।

# दादी से लेकर पोते तक लगाते रहे नारे, हटा नहीं पाए गरीबी

## मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में कहा, 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से उबरे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 1970 के दशक में गरीबी हटाओ का नारा दिया था लेकिन छह दशक से अधिक शासन करने के बावजूद वह कभी गरीबी हटा नहीं पाई। छह दशक से अधिक समय तक दादी से लेकर पोते तक इसी नारे से देश की जनता की आंखों में धूल झोंकने का कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सही मायने में अगर देखा जाए तो गरीबी हटाने और गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ईमानदारी से, बिना भेदभाव हर व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है। नरेंद्र मोदी के दस वर्ष के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से उबरकर खुशहाल जीवन जी रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की उपलब्धियों से विपक्ष बौखलाहट में है। इसी के चलते कांग्रेस, सपा और उसके सहयोगी दल चुनाव में सामाजिक वैमनस्यता फैलाने की विभाजनकारी राजनीति पर आमादा हैं। जनता इनके मंसूबे को जानती है। इन्हें डकैती डालने की छूट नहीं देगी।



गोरखनाथ मंदिर परिसर में बच्चों से बातचीत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### बच्चों को दिया पढ़ने व आगे बढ़ने का आशीर्वाद

योगी आदित्यनाथ ने बजरंगबली की आराधना करने के साथ नागरिकों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दीं। मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में देखने को मिला। इसके बाद जब वह गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान सुबह मंदिर परिसर का भ्रमण करने निकले तो उन्हें कुछ बच्चे भी टहलते हुए मिल गए। ये बच्चे अपने परिजनों के साथ मंदिर आए थे। बच्चों को देखते ही उन्होंने मुस्कुराते हुए सभी को पास बुला लिया। एक-एक करके सबके माथे पर हाथ फेरकर उन्होंने आशीर्वाद दिया और नाम पूछा। जब ये बच्चे जाने लगे तो मुख्यमंत्री ने कहा- खूब पढ़ना और खूब आगे बढ़ना।

## मतदान से 48 घंटे पहले बंद हो जाएंगी मदिरा की दुकानें

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन से 48 घंटे पहले मदिरा की दुकानें बंद हो जाएंगी। साथ ही मतगणना के दिन भी दुकानें बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने चार जून को शुष्क दिवस घोषित करने के आदेश दिए हैं। 18 मई की शाम को छह बजे से 20 मई को मतदान समाप्त होने तक मदिरा की दुकानें बंद रहेंगी। लखनऊ की सीमा के आठ किलोमीटर क्षेत्र में मदिरा की सभी दुकानें 11 मई से शाम 6:00 बजे से 13 मई को मतदान समाप्त होने तक बंद रहेंगी।

# सपा के बागी विधायक के रिश्तेदार भाजपा में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह के दो भाइयों और भाभी समेत 11 नेताओं ने ली सदस्यता

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने बीते दिनों क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों को पार्टी से बर्खास्त कर भले भाजपा के पाले में बेहिचक प्रवेश करने के लिए स्वतंत्र न किया हो लेकिन सत्तासीन दल ने ऐसे विधायकों के लिए बायपास बना दिया है। सपा के बागी विधायक अभय सिंह की पत्नी व पिता के सोमवार को भाजपा में शामिल होने के बाद मंगलवार को अमेठी में सपा को झटका देते हुए गौरीगंज से सपा के विधायक राकेश प्रताप सिंह के दो भाइयों और भाभी ने भी भाजपा का दामन थाम लिया।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा विधायक के रिश्तेदारों, उनके समर्थकों समेत अमेठी क्षेत्र के कई नेताओं को भाजपा में शामिल कराया। सपा छोड़ भाजपा में जाने वाले सपा विधायक के भाई उमेश सिंह, भाभी रूमा सिंह (ब्लॉक प्रमुख गौरीगंज) समेत 11 नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली है।

अन्य लोगों में मुकेश सिंह उर्फ सुरेश प्रताप सिंह (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), दिनेश कुमार सिह उर्फ पप्पू सिंह (ब्लॉक प्रमुख मुसाफिरखाना), धर्मेश धोबी (जिला पंचायत सदस्य), राम सुफल पासी (जिला पंचायत सदस्य) और जगदेव मौर्य की पत्नी शिवकली (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमेठी) हैं।

इसके साथ ही अमरनाथ पासी की पत्नी राजपति देवी (नगर पालिका अध्यक्ष गौरीगंज), वंदना श्रीवास्तव पत्नी दिनेश कुमार श्रीवास्तव (पूर्व ब्लाक प्रमुख शाहगढ़), रहमतुलनिशा पत्नी हारून खान (बलॉक प्रमुख बजार शुकुल), श्याम किशोर उर्फ कल्लू डॉक्टर (पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाजार शुकुल) और पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम तिलक पाल ने भी सपा को झटका दिया है।

इस मौके पर प्रदेश महामंत्री संजय राय, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे और डा. अंकुश त्रिपाठी मौजूद रहे।

# चौथी बार शिकायत करने पर पांच हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ तीन शिकायतें पहले ही निस्तारित कर चुकी थी रेरा

**अमृत विचार :** भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने बार-बार शिकायत करने पर एक शिकायतकर्ता पर 5,000 रुपये जुर्माना लगाया है।

एक प्रकरण में निर्णय हो जाने के बावजूद आवंटी ने चौथी बार रेरा में शिकायत दर्ज कराई थी। बार-बार शिकायत करके न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करने पर अध्यक्ष, यूपी रेरा संजय भूसरेड्डी ने आवंटी पर यह कार्रवाई की है।

उन्होंने बताया कि आवंटी ने रेरा में पहली शिकायत विलम्ब के लिए ब्याज सहित कब्जा दिलाने की दायर की थी। रेरा की पीठ द्वारा उसकी शिकायत पर यह निर्णय किया गया कि सम्बन्धित प्रोमोटर द्वारा रजिस्टर्ड सब-लीज डीड निष्पादित करते हुए उसको कब्जा प्रदान कर दिया जाए और कब्जे में विलम्ब के लिए ब्याज का भी भुगतान किया जाए।

प्रोमोटर ने इस आदेश के अनुपालन में आवंटी को विलम्ब के लिए ब्याज का भुगतान लगभग 2.68 लाख रुपये करते हुए सब लीज डीड निष्पादित कर दी गयी और इकाई का कब्जा दे दिया गया। आवंटी ने इसी मामले में रेरा के एडज्यूडिकेटिंग ऑफिसर के न्यायालय में मुआवजे के लिए शिकायत दायर की। जिसमें 50,000 रुपये मुआवजे का भुगतान करने का आदेश प्रदान किया। आवंटी ने रेरा में उसी मामले में फिर से कब्जे और विलम्ब के ब्याज के लिए शिकायत दायर कर दी। रेरा की संबंधित पीठ ने यह शिकायत इस आधार पर निरस्त कर दी कि आवंटी द्वारा इस मामले में दायर एक अन्य शिकायत में पूर्व में निर्णय दिया जा चुका है। आवंटी ने इस मामले में चौथी शिकायत दर्ज करके मुआवजे की मांग की।

# पेपर लीक : दिल्ली पुलिस का कांस्टेबल गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक कराने वाले 16वें आरोपी को मेरठ एसटीएफ ने मंगलवार को पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली पुलिस में बतौर कांस्टेबल तैनात है। उसने दिल्ली पुलिस के प्रथम बटालियन, तृतीय बटालियन एवं सीएम बटालियन में भी सेवाएं दे रखी है।

एसटीएफ ने विक्रम पहल पुत्र कंवर सिंह निवासी बराह खुर्द, जींद हरियाणा को पेरिफेरल एक्सप्रेसवे स्थित खेकड़ा फ्लाईओवर के पास से सुबह नौ बजे गिरफ्तार किया है। उसके पास से उत्तर कुंजी भी बरामद हुई है। विक्रम ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह 2010 में दिल्ली पुलिस में बतौर कांस्टेबल भर्ती हुआ था। दिल्ली पुलिस में उसकी पोस्टिंग तृतीय बटालियन, प्रथम बटालियान, यातायात, सीएम बटालियन में भी रही है। उसने बताया कि 2021 में उसकी मुलाकात सोनीपत के रहने वाले नितिन से हुई थी जो पहले उसके साथ पढ़ा-लिखा है। नितिन प्रतियोगी परीक्षाओं में साल्वर व पेपर आउट कराने का कार्य करता था। नितिन ने ही उनकी मुलाकात रवि अत्री से कराई थी।





▶▶ दिल्ली पुलिस के प्रथम, तृतीय बटालियन के अलावा सीएम बटालियन में भी रह चुका तैनात

### अब तक पकड़े जा चुके हैं 16 आरोपी

पेपर लीक प्रकरण में एसटीएफ मेरठ ने 05 मार्च 2024 को दीप उर्फ दीपक पुत्र दिनेश, बिट्टू पुत्र दयाराम, प्रवीण पुत्र ओमपाल, रोहित उर्फ ललित पुत्र बिनोद कुमार, नवीन कुमार पुत्र सलेखचन्द, साहिल पुत्र अमरनाथ को गिरफ्तार किया। 12 मार्च 2024 को महेन्द्र पुत्र रामफल को, 14 मार्च 2024 को अभिषेक कुमार शुक्ला पुत्र ब्रम्हदेव शुक्ला, शिवम गिरि पुत्र राम अचल, रोहित कुमार पाण्डेय पुत्र विजयनाथ पांडेय, 21 मार्च 2024 को अभियुक्त सतीश धनकड, 03 अप्रैल 2024 को अभियुक्त राजीव नयन मिश्रा, 10 अप्रैल रवि अत्री पुत्र गोरख सिंह, 18 अप्रैल 2024 को अभियुक्त अजीत कुमार पुत्र राजदेव चौहान, अजय कुमार चौहान पुत्र त्रिवेणी को गिरफ्तार किया।

# असम के अफसरों से साझा कीं उच्च शिक्षा क्षेत्र की उपलब्धियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ राज्यपाल की अध्यक्षता में हुई बैठक, अफसरों के समक्ष हुआ प्रस्तुतीकरण

**अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को राजभवन में आयोजित बैठक में शिक्षा अनुभाग की ओर से असम राजभवन के अफसरों के समक्ष प्रस्तुतीकरण हुआ, जिसमें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियां साझा की गईं।

राज्यपाल ने विद्यालय में सभी मूलभूत व्यवस्थाओं की सुनिश्चितता, बच्चों के ड्रॉप आउट दर को रोकने व प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा दिये जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों की डिग्रियों को डिजिलॉकर में अपलोड करवाया गया, जिससे ससमय सर्टिफिकेट और डिग्री विद्यार्थियों को उपलब्ध हुईं और एक पारदर्शी व्यवस्था स्थापित हुई।

विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ पंकज एल जानी ने कहा कि विद्यालय स्तर से ही बच्चों में शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से रचनात्मकता और कल्पना शक्ति का विकास किया जाना चाहिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल अशोक देसाई, असम राज्य के राज्यपाल के सचिव एसएस मीनाक्षी सुंदरम, एडीसी गौरव मालिक, प्रियंकर प्रतिम देका, अमलन वैश्य आदि उपस्थित थे।

# जमानत के फर्जी आदेश बनाने वाला गैंग पकड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ फर्जी कागजातों को तैयार करने का जखीरा बरामद

**अमृत विचार :** आगरा एसटीएफ ने न्यायालय का फर्जी आदेश बनाकर मुजरिमों की जमानत कराने वाले गैंग के सात लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से फर्जी कागजातों को तैयार करने का पूरा जखीरा भी बरामद हुआ है। अब तक कितने गुनाहगारों को इस गैंग ने जमानत दिलाई है, इसकी जानकारी ली जा रही है।

एसटीएफ के मुताबिक, जमानत के खेल की जानकारी मिलने के बाद टीम लगातार सक्रिय थी। पहले दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। इसके बाद इन्हीं से पूछताछ करते हुए बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह आगरा न्यायालय में चल रहे मुकदमों से सम्बन्धित अभियुक्तों (जो जेल में है) की जमानत का 30-40 हजार रुपये में फर्जी रूप से जमानतदार लगाकर जमानत दिलाने का ठेका लेते हैं। गारंटरों को भी पांच-पांच सौ रुपए दिए जाते हैं। इसके अलावा दो और जमानतें इसी महीने कराई थी। एसटीएफ ने मयंक गुप्ता, सुनील कुमार, मोहित गुप्ता, प्रहलाद कुमार, बन्टी उर्फ उमाशंकर, मेराज हुसैन, अश्वनी कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


## वर्ग पहेली-49

**बाएं से दाएं**

3. 1. पहचानना, ताड़ना 2. अनुमान करना, दूर से देखकर समझना।
6. 1. शक्ति
7. 1. नीचे की ओर झुकने की क्रिया 2. पैर पड़ना 3. गुण
9. 1. सिनकने की क्रिया या भाव 2. नाक से निकलने वाला कफ़ या मैल।
10. 1. झपटकर या तेज़ी से आगे बढ़ना, तेज़ी से जाना 2. पाने के लिए हाथ बढ़ाना 3. टूट पड़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु से अंग लगाना या सटाना, स्पर्श करना 2. उंगली या हाथ लगाना 3. दौड़ या खेल की बाज़ी में जा पकड़ना 4. दान के लिए कोई वस्तु स्पर्श करना 5. बहुत हलकी चपत लगाना।
2. ओढ़ने का छोटा कपड़ा, ओढ़नी, दुपट्टा, चुनरी।
4. एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने का साधन, (ट्रांसपोर्ट)।
5. 1. किसी चीज़ में हवा भरना, हवा फूंकने का काम 2. धौंकनी या भाथी से हवा करना, धौंकना 3. भाथी चलाने वाला व्यक्ति 4. धुँकाई, धौंक 5. फूंकने की नली, नरकट।
6. बांस की पतली लचीली फट्टी जिससे टोकरी या पंखे आदि बनाए जाते हैं।
8. 1. पाखंडी व्यक्ति, कपटी, वंचक 2. घमंडी 3. प्रताड़ना।



### वर्ग पहेली -48 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 1 चि |
| 2 गु | लं | 3 च | ■ | 4 फ़ि | ग | र |
| ■ | ■ | 5 ला | 6 म | ■ | ■ | प |
| 7 सु | र | वा | ह | न | ■ | रि |
| ले | ■ | ■ | ता | ■ | ■ | चि |
| मा | ■ | ■ | ■ | 8 सा | के | त |
| 9 न | हू | स | त | ■ | ■ | ■ |



तैयारी — हीट स्ट्रोक और संचारी रोगों को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

# 12 विभाग मिलकर करेंगे संचारी रोगों की रोकथाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य में हीट स्ट्रोक के साथ ही मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों के किसी भी मामले से निपटने के लिए स्वास्थ्य इकाइयां पूरी तरह तैयार हैं। इसके लिए 12 विभिन्न विभाग मिलकर संक्रामक रोगों से निपटने के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सहयोग कर रहे हैं। शिक्षा विभाग हमारे सबसे अहम भागीदारों में से एक है। यह बात मंगलवार को प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कही।

प्रमुख सचिव, यूपी राजकीय सैनिक स्कूल में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों को गर्मी से संबंधित और वेक्टर जनित बीमारियों से बचने के लिए क्या करें और क्या न करें, के बारे में स्वयं जागरूक होना होगा और इसके प्रति पर्याप्त सावधानी बरतनी होगी।

संयुक्त निदेशक मलेरिया डॉ.विकास सिंघल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग संचारी रोगों की रोकथाम की जानकारी और गतिविधियों के लिए शैक्षणिक संस्थानों का उपयोग कर रहा है। यदि युवा वर्ग बचाव के तरीकों पर ध्यान देने लगेगा तो हम संचारी रोगों पर बेहतर तरह से काबू पा लेंगे।

केजीएमयू की डॉ.मोनिका अग्रवाल ने कहा कि हमारे युवाओं और उनके समुदायों को उनके स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लेने से जरूरत है। सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने कहा कि बीमारी को लेकर हमारे बच्चों और उनके परिवारों को शिक्षित करना कमजोर आबादी में संक्रमण के प्रसार को कम करने में अहम कदम है। उन्होंने बताया कि बुखार हो तो खुद से इलाज नहीं करना है। डाक्टर को दिखाना है। विशेषज्ञों ने विभिन्न संचारी रोगों के लक्षण और बचाव के तरीके के बारे में बताया।

इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.ऋतु श्रीवास्तव, सीएचसी सरोजिनी नगर के डॉ.चन्दन, सीफार और पाथ के सदस्य, लाला रामस्वरूप इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज रहीम नगर पडियाना, गौतमबुद्ध इंटर कालेज, हीरालाल इंटर कालेज व जीएसएम पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं और शिक्षक उपस्थित रहें।

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र हुए सम्मानित

संचारी रोग नियंत्रण अभियान से जुड़े पोस्टर व मनमोहक पेंटिंग छात्रों ने प्रदर्शित किए। स्कूल के पांच युवा चैंपियन कशिश, अंशिका, वर्षिका, आकांक्षा व प्राची, जिन्होंने बीते फरवरी में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का नेतृत्व किया था और स्कूल व स्वास्थ्य केंद्र में नुक्कड़ नाटक किए थे, को संयुक्त निदेशक मलेरिया डॉ.विकास सिंघल ने सम्मानित किया।

## डीजीपी ने किया 'मेरी पुलिस यात्रा' पुस्तक का विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक सुरेन्द्र सिंह लौर द्वारा लिखित मेरी पुलिस यात्रा पुस्तक का विमोचन किया।

अलीगढ़ के ग्राम गौरोला निवासी सुरेन्द्र सिंह लौर वर्ष 1966 में बतौर उपनिरीक्षक के पद पर अपनी सेवाओं की शुरुआत कर 39 वर्षों तक उप्र. पुलिस सेवा में रहते हुए वर्ष 2004 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस उपाधीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए। लौर द्वारा लिखित पुस्तक मेरी पुलिस यात्रा में अपने सेवाकाल के अनुभवों का उल्लेख किया गया है। लौर को राष्ट्रपति पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं सहित कई पुलिस अफसर मौजूद रहे।

## सुडोकू-128

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | 1 | 5 | | | 6 |
| | | 2 | | 3 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | 3 | 2 | |
| | 9 | | 8 | | | 5 | | |
| | | 6 | | | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | 1 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 2 | | 1 | 6 | | | | |
| 4 | 7 | | | | | | | 3 |

### सुडोकू -127 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 4 | 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा पूर्णरात्रि तक।

## आज का पंचांग





दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-स्वाती 25 अप्रैल 12.41 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** — आज छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। बड़े व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। ज्ञान अर्जित करने में लगे रहेंगे। कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उच्च अधिकारियों के माध्यम से आपको आज लाभ हो सकता है।

**वृष** — आज समाज के कार्यों में आप रुचि लेंगे। बीमार लोगों को दवाइयों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। साहित्य और कला में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी। आज कार्यक्षेत्र का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। परिवार के लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आज प्रेम संबंधों में धन को लेकर विवाद हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई को लेकर परेशानी होगी। साहस के कारण समाज में यश प्राप्त करेंगे। विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह दूरी रखनी चाहिए। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें।

**कर्क** — आज घर में नकारात्मक वातावरण हो सकता है। पति-पत्नी के बीच अहम को लेकर टकराव हो सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। हल्का और सुपाच्य भोजन ग्रहण करें। गैर कानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए।

**सिंह** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलेगा। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। सभी काम सुचारू रूप से पूर्ण होंगे। मेहनत का बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। आर्थिक परेशानियों का निराकरण हो सकता है। घर का वातावरण सुखद रहेगा।

**कन्या** — आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। धन की कमी के कारण काम रुक सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। धार्मिक स्थल में पर्यटन के लिये जा सकते हैं। कारोबार के लिये आपको समय निकालना पड़ेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा होगा।

**तुला** — आज आप सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे। जीवनस्तर में वृद्धि होगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद कम होंगे। रोजगार के नए साधन उत्पन्न होंगे। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं।

**वृश्चिक** — आज दांपत्य संबंधों में अनबन होने की आशंका है। बातचीत के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए। कुछ मित्र आपके प्रति ईर्ष्या भाव रख सकते हैं। अनावश्यक खर्च बढ़ने से बजट प्रभावित हो सकता है। विद्यार्थियों को करियर को लेकर परेशानी हो सकती है।

**धनु** — आज आपको सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। प्रेमी जन के साथ रोमान्टिक डेट पर जा सकते हैं। बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

**मकर** — आज व्यापार में नया निवेश कर सकते हैं। आपकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित होंगे। आप परोपकार में धन खर्च करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका काफी अच्छा प्रदर्शन होगा। जीवनसाथी से आपको प्रेरणा मिलेगी। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

**कुंभ** — आज आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। व्यापार में लक्ष्यों को समय पर प्राप्त कर लेंगे। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। पिताजी के साथ चर्चा लाभकारी रहेगी। निजी मामलों को बाहरी लोगों से शेयर न करें। रियल एस्टेट में बड़ा निवेश करने से बचें।

**मीन** — आज आपको उदासीन यात्रा करनी पड़ सकती है। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें। अपनी भावनाओं को सबके समक्ष व्यक्त न करें। बदहज़मी के कारण लीवर में परेशानी होने की संभावना है। अनावश्यक विचारों के कारण नकारात्मकता महसूस कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- प्रेम दिवाने — सुबह : 11.40
- धमाल — रात : 07.11

&pictures
- मेरा तेरा हीरो — सुबह : 11.09
- गजनी — शाम : 04.18

Sony Pix
- सचिन : ए बिलियन ड्रीम्स — सुबह : 09.26
- इन द हार्ट ऑफ द सी — शाम : 06.33

Zee Cinema
- दुल्हन — सुबह : 09.10
- बदलापुर — रात : 09.20

Colors Cineplex
- राफू चक्कर — सुबह : 10.31
- वन टू का फोर — रात : 08.49

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर रात :09.20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गर्लफ्रेंड ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया...
ऑपरेटर - आपको क्या समस्या है?
गर्लफ्रेंड - मेरे पैर की ऊंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है
ऑपरेटर - और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
गर्लफ्रेंड - नहीं, एंबुलेंस तो मेरे बॉयफ्रेंड के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।

वीरू- सुना है कि शादियां आसमान में ही तय हो जाती हैं, जय- बिल्कुल ठीक, लेकिन यह भी याद रखना कि तूफान और बिजली भी आसमान से ही कड़कती हैं...।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 990 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
**रामपुर :** शिवालिक-985 फ्लैग- 1100 डीएमओ-880 बोल्ड-1160

## सर्राफा

| कानपुर | |
| --- | --- |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 82200 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73700 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 54900-55100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 74,150 |
| सोना रवा | 74,000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 84,100 |
| चांदी (999) | 84,100 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 74000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 73000 |
| सिल्वर (पक्की) | 810 (अनुमानित) |

## लखनऊ मंडी

गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800, गेहूँ (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूँग खड़ा 10000-10500, मूँग दाल 10500-11000, मूँग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000, दाल स्पेशल 13000-14000, राजत सफेद 13000-14000, राजमा काला 11500-12500

# कृषि निर्यात अप्रैल-फरवरी में 8.8% घटकर 43.7 अरब डॉलर हुआ

## रूस-यूक्रेन युद्ध और चावल, गेहूं, चीनी तथा प्याज पर लगे घरेलू प्रतिबंध से आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

देश का कृषि निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-फरवरी के दौरान 8.8% घटकर 43.7 अरब डॉलर रहा। इसका मुख्य कारण लाल सागर संकट, रूस-यूक्रेन युद्ध और चावल, गेहूं, चीनी तथा प्याज जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं पर लगाए गए घरेलू प्रतिबंध हैं। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल-फरवरी अवधि में कृषि निर्यात 47.9 अरब डॉलर रहा था। देश के कृषि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भी गिरावट देखी गई। यह 2023-24 में केवल 0.7% बढ़ी, जो 2022-23 में 4.7% थी।

आंकड़ों से पता चला कि एपीडा (कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) 'बास्केट' में 719 अनुसूचित कृषि उत्पादों का



निर्यात पिछले वर्ष के 11 महीनों के दौरान 6.85% घटकर 22.4 अरब डॉलर रहा। जबकि अप्रैल-फरवरी 2022-23 में यह 24 अरब डॉलर था। अधिकारी ने कहा कि चावल, गेहूं, चीनी और प्याज जैसी वस्तुओं पर निर्यात प्रतिबंध से पिछले वर्ष में पांच-छह अरब डॉलर का कृषि निर्यात प्रभावित हुआ है। 24 प्रमुख वस्तुओं में से 17 में सकारात्मक वृद्धि देखी गई है। इसमें ताजे फल, भैंस का मांस, प्रसंस्कृत सब्जियां, बासमती चावल और केला शामिल हैं।

### कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्य योजना पर काम जारी

**नई दिल्ली।** सरकार केला, आम, आलू और बेबी कॉर्न सहित 20 कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना तैयार कर रही है। वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इनमें से प्रत्येक उत्पाद के लिए कार्ययोजना अगले 3-4 महीनों में तैयार होने की संभावना है। आगे की कार्रवाई के लिए राज्यों सहित सभी सबंधित पक्षों के साथ कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। इन वस्तुओं के निर्यात को बढ़ाने की गुंजाइश है, क्योंकि इनका उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ अधिक मात्रा में उत्पादन होता है और ये वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धी हैं। हमने 20 उत्पादों की पहचान की है। इस समय वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी कम है। हम इन सभी उत्पादों के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर काम कर रहे हैं।

# प्रतिकूल मौसम से महंगाई बढ़ने का जोखिम

मुंबई, एजेंसी

प्रतिकूल मौसम के कारण महंगाई बढ़ने का खतरा हो सकता है। साथ ही वैश्विक स्तर पर लंबे समय से जारी तनावपूर्ण स्थिति से कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता बनी रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के अप्रैल के बुलेटिन में यह कहा गया है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 4.9% हो गई। इससे पहले पिछले दो महीनों में यह औसतन 5.1% रही थी। रिजर्व बैंक अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति पर पहुंचते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई को ध्यान में रखता है। केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति के मोर्चे पर चिंताओं का हवाला देते हुए फरवरी, 2023 से प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5% पर अपरिवर्तित रखा है। बुलेटिन में प्रकाशित लेख 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' में कहा गया कि 2024 की पहली तिमाही में वैश्विक वृद्धि की गति बरकरार रही है और विश्व व्यापार का परिदृश्य सकारात्मक हो रहा है। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में बॉन्ड प्रतिफल और कर्ज की ब्याज दर बढ़ रही है। ब्याज दर में कमी को लेकर जो संभावनाएं थी, वह कमजोर पड़ी हैं। आरबीआई ने कहा कि बुलेटिन में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

### मौजूदा हालात में पूंजी बफर व्यवस्था जरूरत नहीं



**मुंबई।** आरबीआई ने कहा कि उसने प्रति-चक्रीय यानी मुश्किल हालात से निपटने के लिए लाई गई पूंजी बफर (सीसीवाईबी) व्यवस्था को सक्रिय नहीं करने का फैसला किया है, क्योंकि मौजूदा हालात में इसकी जरूरत नहीं है। आरबीआई ने फरवरी, 2015 में कठिन समय से पार पाने के लिए पूंजी बफर व्यवस्था से संबंधित रूपरेखा लागू की थी। इसमें यह सलाह दी गई थी कि सीसीवाईबी को परिस्थितियों के हिसाब से जरूरत महसूस होने पर लागू किया जाएगा और इस बारे में सामान्य तौर पर पहले घोषणा की जाएगी। केंद्रीय बैंक की रूपरेखा के मुताबिक, सीसीवाईबी को लागू करने के मुख्य संकेतक के रूप में ऋण-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अंतर यानी कर्ज जीडीपी अनुपात और इसके दीर्घकालीन रुख के बीच अंतर पर गौर किया जाएगा। इसके साथ अन्य संकेतकों का तालमेल बिठाने के बाद ही कोई फैसला किया जाएगा।

# डेटा खपत में जियो नं. 1 ऑपरेटर

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय दूरसंचार सेवा ऑपरेटर ने चाइना मोबाइल को पहले स्थान से विस्थापित कर दूसरे पायदान पर पहुंचाया

भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में धाक जमाने के बाद रिलायंस जियो ने डेटा खपत के मामले में भी एक नया वैश्विक रिकॉर्ड कायम किया है, डेटा ट्रैफिक के मामले में वह नंबर एक सेवा प्रदाता बन गयी है।

टेलीकॉम कंपनियों के डेटा ट्रैफिक, ग्राहक आधार पर टीएफिशियंट की रिपोर्ट के अनुसार पिछली तिमाही में रिलायंस जियो के नेटवर्क पर कुल डेटा ट्रैफिक 40.9 एक्साबाइट रहा। डेटा खपत का यह स्तर तय करते हुए इस भारतीय दूरसंचार सेवा ऑपरेटर ने चाइना मोबाइल को पहले स्थान से विस्थापित कर दिया है। चीन की कंपनी अब दूसरे पायदान पर खिसक गई है। चाइना मोबाइल के नेटवर्क पर आलोच्य अवधि में डेटा खपत 40 एक्साबाइट से कम रही। चीन की एक और कंपनी चाइना टेलीकॉम तीसरे नंबर पर, तो भारतीय एयरटेल चौथे नंबर पर रही। जियो के अधिकारी ने कहा, 5जी सेवाओं के शुरु होने के बाद, रिलायंस जियो के डेटा खपत में पिछले वर्ष के मुकाबले 35.2 फीसदी का उछाल देखने को मिला। इसकी मुख्य वजह है जियो का ट्रू 5जी नेटवर्क और जियो एयर फाइबर का विस्तार। जियो के तिमाही नतीजों के मुताबिक जियो ट्रू 5जी नेटवर्क पर 10 करोड़ 80 लाख ग्राहक जुड़ चुके हैं और डेटा ट्रैफिक का 28 फीसदी हिस्सा अब 5जी नेटवर्क से आ रहा है।

# वोडाफोन आइडिया ने एफपीओ के लिए 11 रुपये प्रति शेयर को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार परिचालक वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) के बोर्ड ने अपने 18,000 करोड़ रुपये के एफपीओ के तहत पेशकश मूल्य 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया है।

कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसके बोर्ड ने एंकर निवेशकों के लिए 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के पेशकश मूल्य को भी मंजूरी दी है। वीआईएल ने बताया कि निम्नलिखित प्रस्ताव भी पारित किए गए 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के पेशकश मूल्य को मंजूरी देना 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के एंकर निवेशक पेशकश मूल्य को मंजूरी देना। कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने भारत के अब तक के सबसे बड़े अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकश (एफपीओ) के जरिए 18,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसके साथ वीआईएल को भारतीय दूरसंचार बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, जहां उसे रिलायंस जियो और एयरटेल से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।

# सिंगापुर, हांगकांग से मसाला उत्पादों पर रोक पर भारत ने मांगी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य मंत्रालय ने इन देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए कहा

मसालों के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से दो भारतीय कंपनियों के मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित ब्योरा मांगा है। सिंगापुर और हांगकांग ने हाल ही में गुणवत्ता संबंधी चिंताओं पर एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों पर प्रतिबंध लगाया है।

वाणिज्य मंत्रालय ने इन देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है। मंत्रालय ने एमडीएच और एवरेस्ट से भी विवरण मांगा है। उनके उत्पादों में कथित तौर पर मान्य सीमा से अधिक कीटनाशक 'एथिलीन ऑक्साइड' होने के कारण प्रतिबंध लगाया गया है। मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि कंपनियों से विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला उत्पादों को नकारे जाने के मूल कारण का निदान संबंधित निर्यातकों के साथ मिलकर किया जाएगा। सिंगापुर और हांगकांग स्थित दूतावासों से तकनीकी विवरण, विश्लेषणात्मक रिपोर्ट और निर्यातकों के बारे में ब्योरा मांगा गया है। सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य एवं पर्यावरण स्वच्छता विभाग से भी विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला बोर्ड एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रण उत्पादों की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध पर विचार कर रहा है।



## एक नजर

### मप्र में कार से 1.03 करोड़ नकद और चार किग्रा चांदी के आभूषण जब्त

**मंदसौर (मप्र)।** मंदसौर जिला पुलिस ने वाहनों की जांच के दौरान कार से 1.03 करोड़ की नकदी और चार किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किये हैं। पुलिस ने सोमवार को बताया कि कार सवार दो पुरुष और एक महिला को हिरासत में लिया गया। नई आबादी थाना प्रभारी वरुण तिवारी ने बताया कि देर रात कार को रोका और आगे की सीटों के नीचे डिब्बे बनाकर रखी गई नकदी और चांदी के आभूषण बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि जब्ती के बारे में आयकर विभाग को सूचित किया जाएगा। मंदसौर में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को कोर्ट ने सुनाई 20 वर्ष कारावास की सजा

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर के पोक्सो न्यायालय ने मंगलवार को नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी मौसा को 20 साल के कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई। लोक अभियोजक रूपेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि मामला 16 जुलाई 2023 का केकड़ी के बोराड़ा थाने से जुड़ा है, जहां सगे मौसा ने 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था। दुष्कर्म के मामले में पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश बन्ना लाल जाट ने अपने फैसले में दुष्कर्म के आरोपी मौसा को 20 साल का कारावास, 49 हजार के आर्थिक दंड से दंडित किया है। न्यायाधीश ने अपने फैसले में पीड़िता को प्रतिकर स्कीम में छह लाख रुपये दिये जाने के भी आदेश दिये हैं।

### कश्मीर में आठ ड्रग तस्करों के खिलाफ केस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने आठ कुख्यात ड्रग तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तस्करों को हिरासत में ले लिया गया है और बाद में जम्मू के सेंट्रल जेल कोट-भलवाल भेज दिया गया। आरोपी बांदी, कुंजर, ओगमुना, पट्टन, मिरगुंड वागुरा, क्रेरी और जिले के अन्य क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को ड्रग्स की आपूर्ति करके नशीली दवाओं के दुरुपयोग को बढ़ावा देने में शामिल थे।

### पति ने की गला रेतकर पत्नी की हत्या

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम ढिगावडा में मंगलवार अल सुबह एक व्यक्ति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि खेड़ला, मालाखेड़ा निवासी देवीदयाल मीना ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बहन काली की सुबह उसके पति ढिगावडा के श्रीराम ने गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस मौके पहुंची तो घर में काली का शव पड़ा था और उसका गला कटा था। अभी हत्या करने के कारणो का पता नहीं चला है। आरोपी मौके से फरार है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विस्फोट में झुलसे तीसरे मजदूर की भी मौत

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर के पटाखा कारखाने में हफ्ते भर पहले हुए विस्फोट में झुलसे मजदूर की अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। अब मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। चोइथराम हॉस्पिटल के उप निदेशक (स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. अमित भट्ट ने बताया कि पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में झुलसे अर्जुन राठौर (27) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पहले मरने वालों में रोहित परमानंद और उमेश चौहान भी हैं। इंदौर शहर से 25 किलोमीटर दूर जंगल में एक खेत में चलाए जा रहे कारखाने में 16 अप्रैल को रस्सी बम बनाए जाने के दौरान विस्फोट हुआ था। शुरुआती जांच में सामने आया था कि कारखाने में एक बार में केवल 15 किलोग्राम बारूद रखने की मंजूरी थी, लेकिन वहां काफी मात्रा में बारूद था। कारखाने का संचालक मोहम्मद शाकिर खान फरार था जिसे इंदौर से 17 अप्रैल को पकड़ा गया था।

# कांग्रेस ने आमजन का धन छीनकर अपने खास लोगों में बांटने की साजिश रची: मोदी

## दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण न खत्म होगा न धर्म के नाम पर बांटने दिया जाएगा

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के आरक्षण को मजहब के आधार पर मुसलमानों को देना चाहती थी। उन्होंने फिर आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में लोगों का धन छीनकर अपने 'खास' लोगों में बांटने की गहरी साजिश रची है। मोदी ने कहा कि देश में दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण न खत्म होगा न ही उसे धर्म के नाम पर बांटने दिया जाएगा। कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह है। मोदी ने कांग्रेस पर यह टिप्पणी उस दिन की जबकि देश भर में हनुमान जयंती मनाई जा रही है।

मोदी ने टोंक के उनियारा में भाजपा की चुनावी सभा में कहा कि 2004 में जैसे ही कांग्रेस की केंद्र में सरकार बनी उसके सबसे पहले आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण को कम कर



मुसलमानों को देने का प्रयास था। उन्होंने कहा कि मोदी संविधान को समझता है। मोदी संविधान के प्रति समर्पित है और मोदी बाबा साहब आंबेडकर की पूजा करने वाला व्यक्ति है। 'संपत्ति के पुनर्वितरण' संबंधी टिप्पणी पर उठे विवाद के बीच प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने लोगों का धन छीनकर अपने 'खास' लोगों को बांटने की गहरी साजिश रची है। मोदी ने कहा कि जब वह मुख्यमंत्री थे, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन ने भाषण दिया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। ये संयोग नहीं था। ये अकेला बयान नहीं था। 2004 से 2010 के बीच कांग्रेस ने चार बार आंध्र प्रदेश में मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की लेकिन उच्चतम न्यायालय की जागरूकता के कारण वो अपने मंसूबे पूरे नहीं कर पाए। जब कर्नाटक में भाजपा सरकार आई तो उसने मुस्लिमों को दिये आरक्षण को खत्म किया।

उन्होंने कहा कि दो दिन पहले बांसवाड़ा में दिए उनके 90 सेकंड के भाषण में वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति उजागर होने के बाद कांग्रेस व गठबंधन में भगदड़ मच गई है। मैंने देश के सामने सत्य रखा। कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर अपने खास लोगों को बांटने की साजिश रचकर बैठी है। दो-तीन दिन पहले मैंने कांग्रेस की इस वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति का पर्दाफाश किया था। इससे कांग्रेस को इतनी मिर्ची लगी है कि वे हर तरफ मुझे गालियां देने में जुटे हैं।

### कांग्रेस उम्मीदवार की टिप्पणी पर पीएम बोले- देश तोड़ने की चाल है

**सक्ती (छत्तीसगढ़)।** प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर उसके गोवा के उम्मीदवार की उस टिप्पणी पर निशाना साधा जिसमें कहा गया है कि तटीय राज्य पर भारतीय संविधान थोपा गया है। मोदी ने इसे देश को तोड़ने की चाल करार दिया। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में चुनावी रैली में मोदी ने आरोप लगाया कि धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद से ही तुष्टिकरण में लगी है। मोदी ने दक्षिण गोवा के कांग्रेस उम्मीदवार विरीएटो फर्नांडिस के बयान पर कहा कि कांग्रेस को देश के बड़े हिस्से ने नकार दिया है इसलिए वह देश में अपने लिए ऐसे टापू बनाना चाहती है। प्रधानमंत्री जांजगीर-चांपा क्षेत्र के सक्ती कस्बे के चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

# उच्चतम न्यायालय ने निलंबित की कांग्रेस विधायक की सजा

नई दिल्ली, एजेंसी

**भ्रष्टाचार का मामला**

- विधायक की अपील पर ओडिशा सरकार को जारी किया नोटिस
- तीन साल कारावास और 50 हजार जुर्माने की हुई थी सजा

उच्चतम न्यायालय ने भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस विधायक मोहम्मद मुकीम की सजा मंगलवार को निलंबित कर दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कटक-बाराबती के विधायक की अपील पर ओडिशा सरकार को नोटिस जारी किया। विधायक ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है।

पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करें। पक्षों को सुनने और सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, याचिकाकर्ता की सजा को निलंबित करने का आदेश दिया जाता है। मुकीम को एक सतर्कता अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में तीन साल के कठोर कारावास की सज़ा सुनाई थी और उन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। उनकी अपील को हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को रद किया था। भुवनेश्वर में सतर्कता मामलों के विशेष न्यायाधीश ने उन्हें 29 सितंबर 2022 को दोषी ठहराया था। सतर्कता विभाग ने कहा कि मेट्रो बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मुकीम ने अधिकारी संग मिलीभगत करके राज्य संचालित ओडिशा ग्रामीण आवास एवं विकास निगम लिमिटेड (ओआरएचडीसी) से ऋण की आड़ में रियल एस्टेट कंपनी को आर्थिक लाभ पहुंचाया।

### कांग्रेस विधायक पर कार्रवाई के लिए आयोग को लिखा पत्र

**नई दिल्ली/बेंगलुरु।** ईडी ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा कि विस चुनाव के दौरान रिश्वत देने सहित गैरकानूनी लेन-देन के लिए 42 करोड़ रुपये जुटाने के मामले में कर्नाटक से कांग्रेस विधायक नारा भरत रेड्डी पर कार्रवाई की जाए। कर्नाटक लोकायुक्त को लिखे पत्र में बेल्लारी शहर सीट से विधायक के खिलाफ सबूतों पर गौर करने और मामला दर्ज करने का अनुरोध किया गया है।

# कर्नाटक सीएम का सूखा राहत राशि जारी करने में देरी पर धरना

बेंगलुरु, एजेंसी

- सात महीने के गंभीर सूखे के बाद भी राहत राशि जारी नहीं करने का केंद्र सरकार पर सिद्धरमैया ने लगाया आरोप

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को केंद्र सरकार के सूखा राहत राशि जारी करने में देरी के खिलाफ धरना दिया और इस मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की निंदा की।

सिद्धरमैया ने कहा कि विधान सौध परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन हुआ जहां विधानमंडल और राज्य सचिवालय हैं। इसक उद्देश्य भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा कर्नाटक और उसके लोगों के साथ किए 'अन्याय' की ओर जनता का ध्यान आकर्षित करना था। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी और शाह 'कर्नाटक और इसके किसानों से नफरत करते हैं' जिसके कारण सात महीने के गंभीर सूखे के बाद भी सूखा राहत राशि जारी नहीं की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने 100 साल में इतना भीषण सूखा नहीं देखा है। उन्होंने सरकारी सर्वेक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि राज्य के 240 में से 223 तालुक सूखा प्रभावित हैं। सिद्धरमैया ने सत्तारूढ़ कांग्रेस द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा, कि मोदी और अमित शाह कर्नाटक और इसके किसानों से नफरत करते हैं। जब हमने उनसे राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के मानदंडों के अनुसार सूखा राहत सहायता प्रदान करने के लिए कहा, तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

कांग्रेस महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, मंत्री रामलिंगा रेड्डी और कृष्णा बायरे गौड़ा और कुछ कांग्रेस सांसद और विधायक भी इस दौरान उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि सहायता राशि जारी करने की मांग को लेकर केंद्र को कई ज्ञापन दिये गये लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का आकलन है कि एनडीआरएफ मानदंडों के अनुसार सूखा राहत कार्य के लिए 18,171 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। सिद्धरमैया ने कहा कि अपर्याप्त बारिश के कारण 48,000 हेक्टेयर में खड़ी फसलें नष्ट हो गईं और राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से प्रत्येक किसान को 2,000 रुपये का भुगतान किया जिससे 34 लाख किसानों पर कुल 650 करोड़ रुपये का खर्च आया।

# भोजशाला: एएसआई ने सर्वे पूरा करने के लिए मांगा समय

**इंदौर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के आदेश पर धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में महीने भर से वैज्ञानिक छानबीन कर रहे एएसआई ने यह कवायद पूरी करने के लिए अदालत से आठ सप्ताह की मोहलत मांगी है। एएसआई ने इंदौर पीठ में दायर अर्जी में कहा कि परिसर की संरचनाओं के उजागर भागों की प्रकृति को समझने के लिए उसे कुछ और समय की दरकार है। कोर्ट ने इस पर अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख पहले ही तय कर रखी है। इस तारीख को एएसआई की ताजा अर्जी पर भी सुनवाई हो सकती है। कोर्ट ने 11 मार्च को एएसआई को छह सप्ताह में सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था।

# श्रीराम के चित्र वाली प्लेट में बिरयानी परोसेने की शिकायत पर दुकानदार हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने शिकायत के बाद एक व्यक्ति को कुछ समय के लिए हिरासत में लिया कि उसने उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी में एक बार इस्तेमाल होने वाली (डिस्पोजेबल) प्लेटों में बिरयानी बेची थी जिन पर कथित तौर पर भगवान श्रीराम की तस्वीर थी। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि दुकानदार ने एक कारखाने से 1000 प्लेट खरीदी थीं और उनमें से केवल चार पर भगवान श्रीराम का चित्र था। उसे प्लेटों पर भगवान श्रीराम के चित्र की जानकारी नहीं थी और कारखाना मालिकों ने भी इस बात की पुष्टि की है। दिल्ली पुलिस को शनिवार शाम को जहांगीरपुरी इलाके से किसी का फोन आया था कि एक व्यक्ति भगवान श्रीराम के चित्र वाली प्लेटों में बिरयानी बेच रहा है। टीम वहां पहुंची तो कुछ लोग दुकान के बाहर दिखे। उन्हें जांच का आश्वासन देकर शांत कराया गया। दुकान को पहले हिरासत में लिया गया और बाद में छोड़ दिया गया। प्लेट भी जब्त कर ली गई है। अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है और जांच जारी है।

# भाजपा विधायक नीतेश राणे, गीता जैन पर भड़काऊ भाषण देने का मामला दर्ज

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र पुलिस ने मंगलवार को बंबई हाईकोर्ट को सूचित किया कि जनवरी में ठाणे जिले में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में उन्होंने भाजपा विधायकों नीतेश राणे और गीता जैन के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजुषा देशपांडे की खंडपीठ ने पिछले सप्ताह संबंधित पुलिस आयुक्तों से इस बारे में व्यक्तिगत रूप से सत्यापन करने को कहा था कि क्या दोनों नेताओं के भाषण अपमानजनक और भड़काऊ थे। सरकारी अभियोजक हितेन वेंगांवकर ने मंगलवार को कोर्ट से कहा कि पड़ताल से पता चलता है कि इस साल जनवरी में ठाणे के मीरा भायंदर इलाके में सांप्रदायिक हिंसा के बीच राणे और जैन द्वारा दिए गए भाषण अपमानजनक थे। वेंगांवकर ने कहा कि राणे पर मुंबई के मालवानी, मानखुर्द और घाटकोपर इलाकों में अपनी रैलियों में नफरत भरे भाषण देने का आरोप है।

# कोर्ट का पूर्व विशेष डीजीपी की सजा निलंबित करने से इनकार

**यौन उत्पीड़न का मामला**

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न के मामले में तमिलनाडु के पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजेश दास को सुनाई गई तीन साल की सजा निलंबित करने से मंगलवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम दंडपाणि ने दास को निचली अदालत में आत्मसमर्पण करने से छूट देने से भी मनाकर दिया। 2021 में महिला अधिकारी का यौन उत्पीड़न के मामले में विल्लुपुरम कोर्ट ने दास को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी।

